रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सेंसेक्स 81,867.55 +126.20

डॉलर 83.727 +0.024

रांची सर्राफा

10 ग्राम 69,510 | 01 किलो 91,700

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

श्रावण कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | रांची, शुक्रवार, 02 अगस्त 2024, वर्ष-25, अंक- 181, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-12 रील मंत्री कहे जाने पर भड़के वैष्णव...

## मंत्री इरफान अंसारी की माता सुपुर्द खाक



**देवघर।** राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री डॉ इरफान अंसारी की माता व पूर्व सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी मुस्तरी खातून को गुरुवार देर शाम मधेपुर के लखना कब्रिस्तान में सुपर्दे खाक कर दिया गया। असर की नमाज के बाद हजारों की संख्या में लोगों ने नम आंखों के साथ लखा मोहल्ला कब्रिस्तान में जनाजे की नमाज पढ़ी और मिट्टी दिया। जनाजे की नमाज हजरत मौलाना मुबाशीरुल इस्लाम करीबे इमाम लखना मोहल्ला ने पढ़ाई और मरहूमा के लिए मगफिरत के लिए दुआएं की। इससे पूर्व मुस्तरी खातून का निधन बीती रात करीब 2:30 बजे दिल का दौरा पड़ने से हो गया था। मुस्तरी खातून शहर के उर्दू कन्या मध्य विद्यालय की प्राध्यापिका रह चुकी थीं।गुरुवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन मंत्री इरफान अंसारी के आवास पहुंचे और श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की माता मुस्तरी खातून के निधन पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, कृषि मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने मधुपुर में उनके आवास पर उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धासुमन अर्पित की। मरहूम मुस्तरी खातून के निधन पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम मोहम्मद मीर ने फुरकान अंसारी एवं डा. इरफान अंसारी से दूरभाष पर बात कर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

**1994** से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **8292553444** पर भेज सकते हैं।

आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वप्निल कुसाले को पेरिस ओलंपिक में भारत के तीसरे पदक के लिए बधाई दी। कुसाले ने फ्रांस की राजधानी पेरिस मे चल रहे ओलंपिक-2024 में गुरुवार को पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर स्वप्निल कुसाले को हार्दिक बधाई। मैं कामना करती हूं कि स्वप्निल कुसले भविष्य में और भी पदक जीतें। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आपके सच्चे समर्पण और दृढ़ता ने पूरे देश को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि स्वप्निल कुसाले का असाधारण प्रदर्शन। वह इस श्रेणी में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट भी हैं। हर भारतीय खुशी से भर गया है।

# स्पीकर ने भाजपा के 18 विधायकों को किया निलंबित, नीलकंठ बचे

### नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा- विस अध्यक्ष ने दिनदहाड़े की लोकतंत्र की हत्या

### विस कार्य संचालन नियमावली के नियम 299, 300 और 310 के तहत हुई कार्रवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड विधानसभा में बुधवार से लगातार धरना-प्रदर्शन-हंगामा कर रहे भाजपा के विधायकों के खिलाफ स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने सख्त कार्रवाई की है। उन्होंने कुल 18 विधायकों को 2 अगस्त, 2024 अपराह्न दो बजे तक सदन से सस्पेंड कर दिया है। वहीं, भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा निलंबन से बच गये। स्पीकर ने विधानसभा की सदाचार समिति को इन विधायकों के आचरण की जांच कर एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने का आदेश दिया है।

गुरुवार को 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही भाजपा के विधायक एक बार फिर वेल में आकर हंगामा करने लगे। वे युवाओं की नौकरी, अनुबंध पर काम करने वालों के स्थायीकरण जैसे मुद्दों पर सीएम हेमंत सोरेन से तत्काल जवाब देने की मांग कर रहे थे। झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने विपक्षी विधायकों के आचरण को संसदीय परंपराओं के प्रतिकूल बताते हुए कहा कि इन्होंने सदन को हाईजैक करने की कोशिश की है। **शेष पेज 11 पर**



### नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का हमला

- वर्ष 2014 व 2019 जब दिनेश उरांव विस अध्यक्ष थे उस वक्त उनके ऊपर जूता फेंका गया, गालियां दी गई लेकिन तत्कालीन अध्यक्ष ने किसी भी विधायक को निलंबित नहीं किया।
- आज तक झारखंड के किसी भी अध्यक्ष ने ऐसा कभी नहीं किया यह परंपरा और लोकतंत्र की हत्या है।
- सदन के अंदर पत्रकारों को नहीं आने दिया गया। ये सभी घटनाएं सरकार के दबाव में हुई हैं।
- सरकार के दबाव में विधायकों का निलंबन हुआ है। हाउस अरेस्ट जैसा कर दिया गया।
- वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के तहत अध्यक्ष सरकार के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रहे हैं।

### निलंबीत होने वाले विधायक

- सीपी सिंह
- भानू प्रताप शाही
- केदार हाजरा
- नवीन जयसवाल
- बिरंची नारायण
- अनंत ओझा
- रंधीर सिंह
- अपर्णा सेनगुप्ता
- नीरा यादव
- अमित कुमार मंडल
- राज सिन्हा
- नारायण दास
- आलोक चौरसिया
- कोचे मुंडा
- कुशवाहा शशि भूषण मेहता
- समरी लाल
- किशुन दास
- पुष्पा देवी

# सहायक आचार्य भर्ती परिणाम जारी करने एससी जाएंगे : सीएम

### हेमंत ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सहायक आचार्य नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा सहित अन्य पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रियाओं को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरुवार को उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि सहायक आचार्य प्रतियोगिता परीक्षा के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक हटाने के लिए राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करेगी। इस बैठक में मुख्य सचिव एलखियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह शामिल रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने जेएसएससी के अध्यक्ष और शिक्षा सचिव से सहायक आचार्य के 26 हजार पदों के लिए चल रही नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित पूरी जानकारी ली। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को इस बात से अवगत कराया कि सुप्रीम कोर्ट ने सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर सिर्फ रोक लगाई है। परीक्षा के आयोजन पर किसी भी प्रकार की कोई रोक नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि सहायक आचार्य के रिजल्ट प्रकाशन पर लगी रोक के विरुद्ध सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की जाएगी।

### समय पर होंगी सभी प्रतियोगिता परीक्षाएं

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के प्रशांत कुमार ने बैठक में कहा कि विभिन्न पदों के लिए आयोजित होने वाली सभी प्रतियोगिता परीक्षाएं अपने पूर्व -निर्धारित तिथियों के अनुसार होगी। ऐसे में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के बीच किसी प्रकार का संशय नहीं होना चाहिए । उन्होंने कहा कि आयोग पूर्व में ही विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन की तिथियां घोषित कर चुका है। ऐसे में पूर्व -निर्धारित तारीखों के अनुरूप विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं के आयोजन से संबंधित तैयारियां पूरी की जा रही है।

## आज कल




# दो तिहाई पद खाली, तो लोगों को कैसे मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग में दो तिहाई पद रिक्त रहने पर कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब राज्य सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं में स्वीकृत पद के मुकाबले दो तिहाई पद खाली है, ऐसे में तो झारखंड में स्वास्थ्य सेवाएं कैसे बेहतर होंगी? प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर, जिला अस्पतालों में ना तो मेडिकल इक्विपमेंट है और न हीं उसको चलाने वाले तकनीकी कर्मी। केंद्र सरकार द्वारा झारखंड में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भेजे गए 256 करोड़ सरेंडर कर दिए गए। सभी जिलों में मेडिकल सुविधा बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से तीन-चार माह पूर्व एक-एक करोड़ रुपये दिए गए हैं लेकिन उसका क्या हुआ, वह पता नहीं चल सका है। जिलों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, स्वास्थ्य उप केंद्र, कम्युनिटी हेल्थ सेंटर और जिला अस्पतालों के भवनों की मरम्मत और आधारभूत संरचना दुरुस्त करने के लिए राज्य सरकार ने 112 करोड़ दिए हैं लेकिन स्थितियां वहीं की वहीं है। नतीजा झारखंड में मशरूम की तरह उग आए निजी अस्पताल और क्लिनिक झारखंड की गरीब जनता का शोषण कर रहे हैं। राज्य सरकार को झारखंड में मेडिकल सुविधा बेहतर बनाने के लिए लॉन्ग टर्म प्लान बनाने की जरूरत है, स्वीकृत पद के मुकाबले जितनी भी रिक्तियां हैं, उसे अविलंब भरना भी जरूरी है।

**शेष पेज 11 पर**

### सुप्रीम कोर्ट ने 2004 के फैसले को पलटा

# एससी-एसटी कोटे के अंदर कोटे को दी मंजूरी

**एजेंसी**



**2004 में ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में पांच जजों की संविधान पीठ ने सुनाया था फैसला**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (एससी/एसटी) आरक्षण को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली सात जजों की संविधान पीठ ने एससी-एसटी में कोटे के अंदर कोटे को मंजूरी दे दी है। यानी एससी-एसटी कोटे में उप-वर्गीकरण (सब कैटेगरी) किया जा सकता है। सात जजों की संविधान पीठ ने ईवी चिन्नैया के 2004 के फैसले को पलट दिया, जिसमें अनुसूचित जातियों के भीतर कुछ उप-जातियों को विशेष लाभ देने से इनकार किया गया था। साल 2004 में ईवी चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामले में पांच जजों की संविधान पीठ ने फैसला सुनाया था कि अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के सदस्य एक समान समूह हैं, जिन्हें आगे किसी उप-समूह या वर्गीकरण में बांटा नहीं जा सकता। ईवी चिन्नैया के फैसले में कहा गया था कि संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत जारी राष्ट्रपति अधिसूचना में निर्दिष्ट अनुसूचित जातियों को फिर से वर्गीकृत करना विपरीत भेदभाव के समान होगा और यह संविधान के अनुच्छेद 14 के तहत समानता के अधिकार का उल्लंघन होगा। साल 2020 में न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा (अब सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली 5 न्यायाधीशों की पीठ ने कहा था कि ईवी चिन्नैया फैसले पर एक बड़ी पीठ द्वारा दोबारा विचार किए जाने की जरूरत है। आरक्षण का लाभ सबसे जरूरतमंद और गरीब लोगों तक नहीं पहुंच रहा है। सुप्रीम कोर्ट, पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ पंजाब सरकार की ओर से दायर अपील पर विचार कर रहा था, जिसमें 2006 के पंजाब अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग (सेवाओं में आरक्षण) अधिनियम को रद्द कर दिया गया था, जिसके तहत अनुसूचित जाति कोटे के तहत वाल्मीकि और मजहबी सिख जातियों को 'प्रथम वरीयता' दी गई थी।

**इंडिया**

# नदी नालों पर घर दुकान बनाने वाले सभी के लिए समस्या खड़ी करेंगे



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

महीनों से बरसात की आस लगाए झारखंडवासी अब जल जमाव से परेशान हैं क्योंकि दिल्ली और मुंबई उन्हें डरा रही है । राजधानी रांची के नदी नालों पर अतिक्रमण कर लोगों ने घर दुकानें बना लीं हैं। राजधानी रांची के हिन्दपीढ़ी इलाके में 2019 में पांच साल की बच्ची एक खुले नाले में गिर गई थी और उसका शव तीन किलोमीटर दूर श्मशान घाट के निकट स्वर्णरेखा नदी से बरामद हुआ था 2021 नें एक वृद्ध नाले में बह गए और 12 घंटे बाद भी शव का पता नहीं चला था । ऐसा ही ही मामला कांटाटोली के नाले के ऊपर रहने वालों के साथ हुआ था,हंगामा हुआ फिर लोग भूल गए । आजकल रातू रोड के पंचशील नगर और न्यू शाहदेवनगर में पानी भरा हुआ है । 2023 में रांची के तत्कालीन नगर निगम प्रशासक शशि रंजन ने कहा था कि बिल्डिंग बायलॉज के अनुसार नदी और नालों के 15 मीटर के दायरे में भवन या किसी प्रकार का निर्माण नहीं कराया जा सकता है । ऐसा करने पर नदी-नाले का अतिक्रमण माना जाएगा इसके लिए उन्होंने टीम गठित करने का निर्देश दिया था । पर वस्तुस्थिति यह है कि अतिक्रमण और औद्योगीकरण का परिणाम है कि रांची में बहने वाली 12 से 14 सहायक छोटी नदियां या तो लुप्त हो गई हैं या अंतिम सांसें गिन रही हैं। कई नदियों के नाम तक लोग भूल गए है। वर्ष 2000 के पहले व बाद राज्य गठन के समय से ही तेजी से इन नदियों को अतिक्रमण व दूषित करके इसे विलुप्त कर दिया गया।



पंडरा रांची में नाले के ऊपर घर और जमा पानी

इसमें हटिया क्षेत्र में नकटी नदी भी है। जिस पर बढ़ते शहरीकरण से इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। ऐसी ही दूसरी डोढ़ नदी भी थी। जो इरगूटोली होकर बहती थी। अब यह सहायक नदी नाले में बदल दी गई है। इसके अलावा करमटोली से करम ढोढ़हा नामक की छोटी सी जलधारा बहा करती थी जो कोकर स्थित डिस्टिलरी तालाब तक आती थी। इसका भी स्रोत अब शहरीकरण व आबादी बढ़ने के कारण बंद हो गया है । इस तरह कई और सहायक नदियां हैं, जिनका आज कुछ पता नहीं है। दिनों-दिन अतिक्रमण के कारण बंशीधर नगर के लिए लाइफलाइन कही जाने वाली बांकी नदी सिकुड़ती गई । पेयजल संकट के बाद सरकार, स्वयंसेवी संगठन व बुद्धिजीवी प्राकृतिक जल स्रोतों की पुनरुद्धार करने की बात दो वर्ष से कर रहे हैं । गुमला शहर के दोनों छोर से गुजरने वाली नदी धीरे-धीरे सिकुड़ती जा रही है। उत्तर में बस स्टैंड के नीचे से होकर और दक्षिण में काली मंदिर से होकर गुजरने वाली दोनों नदियों के किनारे की जमीन का अतिक्रमण कर भूमाफिया ने इन्हें नाले में बदल दिया है। इससे दुर्गंध आती है और हल्की बारिश होने पर लोगों के घरों में पानी प्रवेश कर जाता है। आवागमन बाधित हो जाता है। रांची की लाइफ-लाइन कही जाने वाली हरमू नदी का पानी कुछ दशक पहले एकदम साफ हुआ करता था और आसपास की बस्तियों के लोग इसका पानी पीते तक थे। नहाने-धोने, मवेशियों को पिलाने और खेतों की सिंचाई के लिए भी हरमू नदी के पानी काम आता था। आज इस का पानी गंदगी और प्रदूषण के कारण काला पड़ गया है। हाईकोर्ट की निगरानी में एक कमेटी ने क्षेत्र का दौरा किया, तो जानकारी मिली कि हरमू नदी के उद्गम स्थल से लेकर अंतिम छोर तक अतिक्रमण और अवैध कब्जा हुआ है। झारखंड की महत्वपूर्ण नदियों में से एक स्वर्णरेखा नदी अतिक्रमण का शिकार होती रही है। जो कभी 24.47 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज 05 मीटर तक रह गयी है। जुमार नदी जो कभी 30.4 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह भी आज 10 मीटर तक चौड़ी रह गयी है। पोटपोटो नदी जो कभी 32.37 मीटर चौड़ी हुआ करती थी वह आज की तारीख में अतिक्रमण की वजह से 07 से 08 मीटर चौड़ी रह गयी है। सिकुड़ती नदियां यह बताने को काफी है कि कैसे रांची नगर निगम और सरकारों ने इस की अनदेखी की । राजधानी बनने के बाद रांची में जमीन महंगी होती गयी और भू माफियाओं ने सरकारी बाबुओं के साथ मिलकर नदी किनारे की जमीन को भी नहीं छोड़ा। हर बरसात में इस पर चर्चा होती है फिर समाप्त हो जाती है।


# पोल से टकराई कांवरियों की गाड़ी, पांच की हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले के बालूमाथ थाना अंतर्गत टमटम टोला के पास आज तड़के देवघर से लौट रहे कांवड़ तीर्थयात्रियों की गाड़ी अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। इस दौरान करंट लगने से पांच शिवभक्तों की मौत हो गई। इनमें दो महिला, दो किशोरी और गाड़ी चालक शामिल है। हादसे में पांच कांवड़िये झुलस गए हैं। डीएसपी आशुतोष सत्यम ने इस हादसे में पांच लोगों की मौत की पुष्टि की है। पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान रंगीली कुमारी (14), अंजली कुमारी (15), सविता देवी (30), शांति देवी (60) और चालक दिलीप उरांव (25) के रूप में हुई है। झुलसने वालों में हनेश यादव, चरकु यादव, हरिनंदन यादव, परमेश्वर यादव और रीना कुमारी शामिल हैं।

**शेष पेज 11 पर**





## एक नजर

### एमडीए व पल्स पोलियो अभियान को लेकर सीएचसी बरकट्ठा में बैठक सम्पन्न

**बरकट्ठा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा के सभागार में बुधवार को एमडीए और प्लस पोलियो अभियान की सफलता को लेकर प्रखंड चिकित्सा प्रभारी रत्ना रानी कुंज ने कर्मचारियों, आंगनबाड़ी सेविका व सहायिकाओं के साथ बैठक की। चिकित्सा प्रभारी ने स्वास्थ्य सबंधित जानकारी देते हुए कहा कि फाइलेरिया (हाथी पांव) बीमारी से बचाव के लिए एमडीए/आईडीए कार्यक्रम के तहत 10से 25 अगस्त तक कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके तहत 10 अगस्त को सभी बूथ पर दवा दी जाएगी। 12से 13अगस्त को प्रखंड के सभी स्कूलों में दवा दी जाएगी।

### उसुर्लाइन स्कूल के सीनियर लड़के बने आदित्यराज वर्मा व हेड गर्ल प्राची दुबे

**खलारी।** उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में सत्र 2024-2025 के नवगठित मंत्रिमंडल परिषद में विभिन्न पदों पर चुने गए विद्यार्थियों को समारोह आयोजित कर शपथ दिलाया गया। विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने विद्यालय ध्वजारोहण तथा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। शिक्षक प्रतिनिधियों ने महापुरुषों के चित्र पर फूल चढ़ाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा सात और आठ की छात्राओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। शिक्षिका मिस आरती प्रसाद ने नवगठित प्रतिनिधियों को शपथ दिलाया। इस सत्र के लिए सीनियर हेड बाय आदित्यराज वर्मा और जूनियर हेड गर्ल अनन्या कुमारी (कक्षा छह) को शपथ दिलाया गया।

### डीएवी राष्ट्रीय खेल के क्लस्टर स्तरीय में डीएवी खलारी का शानदार प्रदर्शन

**खलारी।** डीएवी राष्ट्रीय खेल 2024 के तहत क्लस्टर स्तरीय खेलों में डीएवी स्कूल खलारी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 23 जुलाई से 31 जुलाई तक राज्य के विभिन्न जिलों में आयोजित हुए इन खेलों में डीएवी स्कूल खलारी के 254 बच्चों ने 12 विभिन्न इवेंट्स के 41 समूहों में भाग लिया। इनमें से बच्चों ने 220 मेडल जीतकर विद्यालय की झोली में डालें हैं। जिनमें कुल 99 स्वर्ण, 93 रजत एवं 28 कांस्य पदक शामिल हैं। बच्चों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर विद्यालय के प्राचार्य डा कमलेश कुमार सहित सभी शिक्षकों ने विजेता खिलाड़ियों एवं उनके माता-पिता को बधाई दी है।

## खाद्य आपूर्ति मंत्री के बड़बोलेपन की खुली पोल

# निगम के गोदामों तथा राशन डीलरों के पास सामग्रियों का भंडारण, रिकॉर्ड नहीं



**कडरू गोदाम के पास जेसीबी से खोदकर निकाले गए सड़े अनाज की जाँच के लिए विभागीय जांच दल गठित**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
जेसीबी लेकर राज्य खाद्य निगम के गोदामों का निरीक्षण करने वाले खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री बन्ना गुप्ता के बड़बोलापन की पोल गुरुवार को विधानसभा में प्रश्नोत्तर काल के दौरान खुल गई। विधानसभा में विधायक सरयू राय का अल्पसूचित प्रश्न का खाद्य आपूर्ति विभाग के जवाब के लिए सूचीबद्ध था। विभाग की ओर से लिखित उत्तर आया, जो संलग्न है। प्रश्नोत्तर की कंडिका-1 में विभाग ने बताया है कि खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अनाज को गोदामों तक पहुंचाने का दायित्व झारखण्ड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड झारखण्ड का है, सरकार का नहीं। इसी प्रकार धोती-लुंगी-साड़ी, नमक-चीनी आदि के बारे में भी विभाग ने सही स्थिति बता दिया है। विभाग ने श्री राय के प्रश्नोत्तर की कंडिका-3 में बताया कि निगम के गोदामों तथा राशन डीलरों के पास अनाज एवं अन्य सामग्रियों की मात्रा दिसम्बर-2014, दिसम्बर-2019 और जून-2024 तक कितनी है, इसकी जानकारी विभाग को नहीं है। विधायक सरयू राय का प्रश्न विभाग में प्राप्त होने के बाद निगम के पत्रांक 2023, दिनांक 29.07.2024 और खाद्य एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय, झारखण्ड के पत्रांक-899, दिनांक 29.07.24 द्वारा ये जानकारियाँ खाद्य निगम और जिला आपूर्ति पदाधिकारियों से मांगी गई हैं। जेसीबी से खोदकर कडरू गोदाम के पास जमीन में गाड़े दिये गए सड़े अनाज को निकालने के बारे में विभाग ने अपने मंत्री के वक्तव्यों एवं टिप्पणियों को नजरअंदाज कर दिया है और ज्ञापांक-1802, दिनांक 29.07.2024 द्वारा एक जांच दल का गठन किया है।

### ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर खूंटी रायफल शूंटिग क्लब में कटा केक

**खूंटी।** पेरिस ओलंपिक में शूटर मनु भाकर, सोबरजीत और स्वप्निल के कांस्य पदक जीतने पर बृहस्पतिवार को खूंटी रायफल शूंटिग क्लब में शूटरों ने खुशी जाहिर करते हुए केट काटा और मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया। अंतरराष्ट्रीय शूंटिग कोच अनुज कुमार ने महिला शूटरों को मनु भाकर से प्रेरणा लेकर देश के लिए आनेवाले समय में पदक लाने का आह्वान किया। मनु भाकर ने ओलंपिक गेम्स पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्सड टीम में सरबजोत सिंह और मनू भाकर को कांस्य पदक स्वप्निल कुसले को 50 मीटर तीन पोजिशन में ब्रॉन्ज मेडल लाकर देश का मान बढ़ाया है। मौके पर बिरसा कॉलेज की प्राचार्या जे कुलू किड़ो, खेल शिक्षक राजकुमार गुप्ता, आर्चरी के सचिव बसंत कुमार, कृष्ण गुप्ता आदि उपस्थित थे।

## आरपीएफ ने शराब के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नामकुम स्टेशन से शराब के साथ तस्कर आयुष कुमार को गिरफ्तार किया है। वह बिहार के बाढ़ का रहने वाला है। आरपीएफ पोस्ट रांची के निरीक्षक डी शर्मा ने गुरुवार रात बताया कि रांची रेल मंडल में मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार के निर्देश के बाद आरपीएफ ऑपरेशन ₹सतर्क₹ के तहत लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में फ्लाइंग टीम रांची के देखरेख में गाडी संख्या 18626 को नामकुम स्टेशन आगमन के समय जांच की गयी। जांच के दौरान एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर हिरासत में लिया गया। बैग की जांच करने पर शराब की बोतल मिली। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि सभी शराब की बोतल रांची से खरीदी हैं और बिहार में ऊंचे दामों में बेचने के लिए ले जा रहा था। एएसआई रवि शेखर ने 12 जब्त शराब की बोतल और गिरफ्तार तस्कर को आगे की कार्यवाही के लिए उत्पाद विभाग को सौंप दिया।

## लापुंग थाना पुलिस ने हथियार के साथ पांच गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लापुंग थाना पुलिस ने हथियार के साथ पांच अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में सादिक अंसारी, सोनू अंसारी, केताबुल अंसारी, सूरज मिंज, प्रिंस अभिजीत शामिल है। इनके पास से एक देशी कट्टा, चार मोबाईल, एक तार कटर, एक बोलेरो वाहन और एक ओमनी वाहन बरामद किया गया है। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली कि ओमनी गाड़ी पर सवार होकर पांच लोग बेड़ो की तरफ से लापुंग की तरफ जाने वाले है, जिनके पास अवैध हथियार है। वह किसी अपराध को अंजाम देने वाले है। सूचना के बाद लापुंग थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव और थाना सशस्त्र बलों को शामिल करते हुए एक टीम का गठन किया गया। साथ ही टीम को वाहन चेकिंग करने के लिए आदेश दिया गया । टीम ने लापुंग के ककरिया के सामुदायिक उप-स्वास्थ्य केन्द्र पास एन्टी क्राईम चेकिंग शुरू की। इसी क्रम में एक ओमनी और बोलेरो पिकअप वाहन आते दिखाई दिया, जिसे रूकने का ईशारा किये जाने पर एक व्यक्ति उत्तर कर भागने में सफल रहा, लेकिन दोनों वाहनों की तलाशी लेने पर पांच लोग बैठे थे। जांच करने पर इनके पास से हथियार सहित अन्य सामान बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में पकड़े गये अपराधियों ने बताया कि पूर्व में उनलोगों ने चोरी की कई घटनाओं को अंजाम दिया है।

### खलारी के केडी नेहरू स्टेडियम में श्रावणी मेले का भव्य उद्घाटन

**खलारी।** खलारी के केडी नेहरू स्टेडियम में श्रावणी मेला सह मीना बाजार का भव्य उद्घाटन किया गया। खलारी सीओ प्रणव अम्बष्ट, बीडीओ संतोष कुमार, इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह, पीओ अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने नारियल फोड़कर तथा फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इससे पूर्व पुजारी सवार्नंद दुबे ने मंत्रोच्चारण कर पूजन कराया। वक्ताओं ने इस मेले के महत्व को बताया। अतिथियों ने कहा कि यह मेला वर्ष 1987 से लग रहा है। इस तरह के मेले पारंपरिक मनोरंजन के साधन होते हैं। अपील किया गया कि खलारी कोयलांचल के लोग परिवार के साथ आकर मेले का आनंद लें। इस भव्य आयोजन के लिए मेला समिति को धन्यवाद दिया। उल्लेखनीय है।

## कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की हुई बैठक, विधानसभा चुनाव की बनी रणनीति

# कुपोषण उपचार केंद्रों में बच्चों का अच्छी तरह देखभाल की जाए : उपायुक्त




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
कांग्रेस की सोशल मीडिया विभाग की बैठक गुरुवार को रांची के कांग्रेस भवन में हुई। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति बनायी गयी। साथ ही आगामी चुनाव के बाबत महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा किया गया। इस दौरान सोशल मीडिया के झारखंड प्रभारी अभय तिवारी ने कहा कि हमलोग झारखंड में सोशल मीडिया के सांगठनिक बैठक में हिस्सा ले रहे हैं, जिसमें संगठन को और मजबूत करने पर बल दिया गया। साथ ही उन्होंने बूथ स्तर पर पांच का दम कंपेन लॉन्च किया। इसमें गूगल फॉर्म के माध्यम से हर विधानसभा स्तर तक बूथ में पांच लोगों को नियुक्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी माह रांची में एक वर्क शॉप का आयोजन किया जाएगा जिसमें सोशल मीडिया विभाग की केंद्रीय अध्यक्ष सुप्रिया श्रीनेत शिरकत करेंगी। सोशल मीडिया विभाग के चेयरमैन गजेंद्र सिंह ने बताया कि यह बैठक आगामी विधानसभा की तैयारियों को लेकर रखा गया है। इसमें कई मुद्दों पर चर्चा हुई है कि कैसे हम डिजिटली और सोशियली सोशल

### वज्रपात की चपेट में आने से चार बकरियों की मौत

**बेडो/लापुंग।** बेड़ो एवं लापुंग प्रखंड में अलग-अलग घटनाओं में बारिश की चपेट में आने से मिट्टी से निर्मित दो घर भरभराकर गिर गए वहीं बेड़ो थाना क्षेत्र के मासु गांव में अचानक तेज बारिश के साथ बज्रपात हुई जिसमें 4 बकरियों की वज्रपात से मौत हो गयी ' सभी बकरियां विधवा किसान पुष्पा देवी, पति स्वड्ड- विराज महतो का था। पुष्पा देवी ने बताया कि मेरा 4 बकरी मर जाने से लगभग उन्हें लगभग 30 हजार रुपए का नुकसान उठाना पड़ा है। मासू गांव के मिरचाई अम्बाटांड़ के निकट की घटना गुरुवार की शाम 4:00 बजे की है। घटना की जानकारी मिलने पर गाँव के समाजसेवी एवं किसान संजय उरांव घटना स्थल पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया।

# सीआईडी ने 39.31 लाख की ठगी करने वाले साइबर अपराधी को धनबाद से किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी )ने इंस्टाग्राम पर दस गुणा लाभ का प्रलोभन देकर 39 लाख 31 हजार 910 रुपये की साइबर ठगी करने वाले अपराधी को धनबाद से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार साइबर अपराधी का नाम मो समीर अंसारी है। वह धनबाद के एना इस्लामपुर का रहने वाला है। ठगी मामले में शामिल बैंक एकाउंट का लिंक सिम कार्ड और इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित वाट्सएप चैट बरामद किया गया है। साइबर थाना की डीएसपी नेहा बाला ने गुरुवार को बताया कि साइबर क्राइम थाने को 25 जुलाई को लिखित शिकायत दर्ज करते हुए मामला दर्ज कराया गया था कि इंस्टाग्राम में विज्ञापन के माध्यम से संपर्क किया गया। साथ ही निवेश करने पर दस गुना लाभ का प्रलोभन दिया गया। इसके बाद पीड़ित को निवेश करने के लिए वाट्सएप ग्रुप के जरिये जुड़ने को कहा गया। इसके बाद वाट्सएप के वन टू वन ग्रुप 8789606800- वीआईपी133 के जरिये निवेश के बारे में जानकारी प्राप्त करने को कहा गया। उन्हें एक एक्यूआर पीआरओ नामक एप में अपना ट्रेडिंग एकाउन्ट खोलने और उसके जरिये निवेश करते हुए मूल राशि का 10 गुणा करने का प्रलोभन दिया गया। इस दौरान ही कुल 39,31,910 रूपया का साईबर अपराधियों के जरिये अवैध हस्तांतरण कराते हुए ठगी कर लिया गया।

### उपायुक्त ने जिला समाज कल्याण विभाग व पोषण योजनाओं को लेकर की समीक्षा बैठक

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला समाज कल्याण विभाग एवं पोषण समिति द्वारा संचालित योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गई। समाहरणालय खूंटी के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से विश्व स्तनपान सप्ताह 2024, कुपोषण उपचार केंद्र संचालन, निमार्णाधीन आंगनबाड़ी, वीएचएसएनडी, संस्थागत प्रसव, सेविका-सहायिका के रिक्त पदों और मानदेय भुगतान, पूरक पोषाहार कार्यक्रम, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना समेत अन्य विषयों की समीक्षा की गई।

## कांके चांदनी चौक के पास बाइक सवार अपराधियों ने युवक को मारी गोली

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बाइक सवार अपराधियों ने गुरुवार देर शाम एक व्यक्ति को कांके रोड स्थित चांदनी चौक के पास गोली मार दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक बाइक पर सवार होकर आए अज्ञात अपराधियों ने राजेश मुंडा नाम के व्यक्ति को गोली मारी है। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा राजेश को गंभीर अवस्था में रिम्स ले जाया गया है। दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राजेश मुंडा कांके रोड स्थित चांदनी चौक के पास खड़ा था। इसी दौरान एक बाइक से दो अपराधी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद बाद पीछे बैठे अपराधी ने राजेश पर फायरिंग कर दी। इसमें राजेश के पैर में गोली लगी। अपराधियों ने किस विवाद को लेकर राजेश को गोली मारी अभी तक इसके पीछे का सही वजह सामने नहीं आ पाया है। राजेश का इलाज रिम्स में चल रहा है, उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

## न्यूज बॉक्स

### संघ का अनिश्चितकालीन धरना जारी



**मांडर।** प्रखंड मुख्यालय परिसर के सामने मुखिया संघ द्वारा आयोजित धरना गुरुवार को भी जारी रहा। धरने में दूसरे दिन गुरुवार को मांडर के अलावा चान्हो, बेड़ो, इटकी व लापुंग के मुखिया सहित पूर्व मंत्री देवकुमार धान, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, बीजेपी युवा नेता शन्नी टोप्पो, मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, पूर्व प्रमुख बुधुवा उरांव, बीजेपी नेत्री नीतू कुजूर, भोगेन सोरेन, रामबालक ठाकुर, इनामूल अंसारी शामिल हुए और सभी ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। धरना को संबोधित करते हुए सन्नी टोप्पो ने कहा कि प्रशासन से मिलीभगत कर प्रभा किस्पोट्टा को गलत तरीके से निलंबित कराने में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए आक्रोश व्यक्त किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि अगर शीघ्र ही मुखिया का निलंबन वापस नहीं लिया गया तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान देवकुमार धान ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि इस अनैतिक कार्य को आदिवासी विरोधी मानसिकता के लोगों ने अंजाम दिया है, जिसके विरोध में सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ी जाएगी।

### सिल्ली प्रखण्ड के कांग्रेस जनों ने बीडीओ को ज्ञापन सौंपा



सिल्ली। गुरुवार को सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने अबुआ आवास योजना के चयन में गड़बड़ी की सूचना जनताओं द्वारा मिलने पर कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारीगण सिल्ली प्रखंड कार्यालय में बीडीओ से मिलकर ज्ञापन सौंपा और अबुआ आवास की चयनित सूची की जांच के लिए प्रखण्ड स्तरीय जांच कमिटी द्वारा जांच कर वास्तविक गरीब परिवार को अबुआ आवास देने की मांग की है। इस मौके पर रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस उपाध्यक्ष नागेंद्र नाथ गोस्वामी, जिला सचिव नागेश्वर महतो, सिल्ली प्रखण्ड कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष निशाकर महतो, उपाध्यक्ष मनीराम दास, अल्पसंख्यक कांग्रेस जिला सचिव मंजूर मोमिन, मो. कलाम अंसारी, रमजान अंसारी, जशरूद्दीन अंसारी, सदानंद सोनार इत्यादि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

### सरला बिरला यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर जनरल बने प्रो. गोपाल पाठक



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के निवर्तमान कुलपति प्रो. गोपाल पाठक को विवि का नया डायरेक्टर जनरल बनाया गया है। इस आशय की घोषणा विवि प्रबंधन ने की। इस अवसर पर विवि परिसर में शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने उनका अभिनंदन किया। नए कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। बीआईटी मेसरा के सिविल इंजीनियरिंग के छात्र रहे प्रो. पाठक ने इसी संस्थान में लंबे समय तक अध्यापन का कार्य किया। प्रशासनिक पदों, डीन और वीसी का प्रभार भी संभाला। उनके तकनीकी पत्र देश-विदेश की कई पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। कई अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में उन्होंने विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर भी अपना योगदान दिया है। झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी में वीसी के पद पर रहे प्रो. पाठक ने वर्ष 2020 में सरला बिरला विश्वविद्यालय में वीसी का कार्यभार संभाला था। डीजी का पदभार ग्रहण करने के पूर्व तक इसी पद में रहे।

### सदानंद महाराज के 80 वें जन्मदिवस पर पूरे सप्ताह सेवा कार्य करेगा कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट



**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से गुरुवार को सदानंद महाराज के 80 वें जन्मदिवस पर राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में गो सेवा कर उत्सव मनाया। मौके पर निराश्रित लोगो को दोपहर का भोजन छोला भटुरा, भेजीटेबुल पुलाव व रसगुल्ले का प्रसाद खिलाकर सेवा की गई। साथ ही दो निर्धन कन्याओ की पढाई कराने की जिम्मेदारी संस्था के सदस्यों ने ली। संस्था के सदस्यों एव पदाधिकारीगण ने गुरु महाराज के जन्मदिवस 1अगस्त से पूरे एक सप्ताह सेवा कार्य करने का निर्णय लिया। आने वाले रविवार को संस्था के सदस्यों के द्वारा ब्रह्मलीन गुरु जी राधिकादास जी महाराज और परमहंस संत सदानंद जी महाराज का 80 वां जन्म दिवस महोत्सव दोपहर 11:30 बजे से 3 बजे तक मनाया जाएगा। यह जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल ने दी।

# साइबर अपराधियों ने डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 30 लाख

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

साइबर अपराधियों ने सीबीआई अधिकारी बनकर सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली में रहने वाले एक डॉक्टर को 24 घंटे तक डिजिटल अरेस्ट कर उनसे 30 लाख रुपये ठग लिये। इस संबंध में गुरुवार को डॉक्टर ने सीआईडी की साइबर थाना में मामला दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली सीबीआई के अधिकारी बनकर साइबर अपराधियों ने सदर थाना क्षेत्र के दीपाटोली में रहने वाले डॉक्टर गोपाल को फोन किया। साइबर अपराधियों ने डॉक्टर का नाम मनी लॉन्ड्रिंग केस में आने की बात कहकर उन्हें धमकाया और डॉक्टर को डिजिटल अरेस्ट किया। साइबर अपराधियों ने कहा कि मामले की जांच होने तक उन्हें घर पर ही अरेस्ट किया जा रहा है। इसके बाद फोन पर ही डॉक्टर से उनके बैंक की पूरी डिटेल ली गयी। इस दौरान उनके बैंक खाते से 30 लाख रुपये निकल गए। अगले दिन जब डॉक्टर को बैंक खाता से राशि निकासी की जानकारी मिली, तब उनकी समझ आया कि वे साइबर ठगी के शिकार हो चुके हैं। गुरुवार को डॉक्टर गोपाल साइबर थाना पहुंचे और मामला दर्ज कराया। साइबर थाना पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### क्या होता है डिजिटल अरेस्ट

डिजिटल अरेस्ट ब्लैकमेल करने का एक नया तरीका है। डिजिटल अरेस्ट के जरिये साइबर ठग नकली पुलिस डिपार्टमेंट या इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के अधिकारी बनकर लोगों को ऑनलाइन धमकी देते हैं और अपना शिकार बनाते हैं। इस दौरान साइबर अपराधी वीडियो कॉलिंग के जरिये अपने शिकार पर नजर रखते हैं। इस दौरान अपराधी अपने शिकार को उनके पैन और आधार का इस्तेमाल कर कई चीजें खरीदने और मनी लॉन्ड्रिंग की गयी है। अपराधी वीडियो कॉल के दौरान वे अपने शिकार को सामने बैठे रहने के लिए कहते हैं। इस दौरान उन्हें किसी से बात करने, मैसेज करने और मिलने की इजाजत नहीं होती है। इस दौरान जमानत के नाम पर अपराधी पैसे भी मांगते हैं। इस तरह लोग अपने ही घर में ऑनलाइन कैद होकर रह जाते हैं। उल्लेखनीय है कि रांची में चार माह के भीतर आधा दर्जन से अधिक इसी तरह के डिजिटल अरेस्ट के मामले सामने आ चुके हैं। इन लोगों से साइबर जालसाजों ने तीन करोड़ से ज्यादा की ठगी की है। साइबर क्राइम ब्रांच के अनुसार पिछले चार महीने में ही केवल रांची से ही आठ लोगों से ठगी की गई है। एक महीने के भीतर रांची के अभिजीत चटर्जी और प्रमोद कुमार नामक व्यक्ति को भी डिजिटल अरेस्ट कर ठगी का शिकार बनाया है। दोनों से साइबर अपराधियों ने 62 लाख की ठगी की थी।



## आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर डीसी की बैठक

# योजनाओं को धरातल पर उतारें, योग्य लोगों को मिले लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिला के सभी वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम, योजनाओं एवं राज्य सरकार की अन्य कल्याणकारी योजना को लेकर विचार-विमर्श किया। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की कई कल्याणकारी योजनाएं चल रही है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन में कई बार अड़चन आने की शिकायतें सामने आती रहती है। ऐसे में पूरी योजना और तैयारी के साथ सभी योजनाओं को धरातल पर उतारें, ताकि सहूलियत के साथ इसका लाभ लोगों को मिल सके। बैठक में उप-विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार, बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी मनोहर लाल मरांडी, परीक्ष्यमान सहायक दण्डाधिकारी -सह- सहायक समाहर्ता आदित्य पांडेय, अपर समाहर्ता रामनारायण सिंह, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था) राजेश्वर नाथ आलोक, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी बिवेक सुमन, निदेशक डीआरडीए सुदर्शन मुर्मू, विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी मोनी कुमारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरभि सिंह, जिला कृषि पदाधिकारी राम शंकर सिंह, जिला पशुपालन पदाधिकारी अनिल कुमार, एलआरडीसी मुकेश कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप भगत, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रवि शंकर मिश्रा, जिला विज्ञान पदाधिकारी राजीव कुमार एवं सभी रांची जिला के प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित रहें।



### आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण 30 अगस्त से चलेगा

उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को बताया की राज्यभर में 30 अगस्त से 15 सितंबर -2024 तक आपकी योजना -आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम का चौथा चरण चलेगा। इस चरण में राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को उनके घर पर पहुंचकर देने की पहल की जाएगी। इसलिए इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को लेकर अभी से ही सारी तैयारियां सुनिश्चित कर ले। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी से पिछले वर्ष में हुए आपकी योजना- आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम में मिले आवेदनों के निष्पादन कराने को कहा एवं जो भी आवेदन जिस वजह से अभी भी लंबित है, उसका निष्पादन जल्द से जल्द कराने के निर्देश दिया।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने व सुधार जल्द पूरा करें : डीसी

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत निर्वाचन सम्बंधित बैठक की। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी सम्बंधित बीएलओ द्वारा घर-घर एचटूएच मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं सुधार जल्द से जल्द 100 प्रतिशत पूरा करें। यह सुनिश्चित रहें एवं सभी बीएलओ कम से कम 50 आवेदन प्राप्त करते हुए मतदाता सूची में नाम दर्ज कराना सुनिश्चित करें।

**ब्लैक एंड वाइट फोटो को मतदाता पहचान पत्र को रंगीन में बदले :** डीसी ने सभी सम्बंधित अधिकारी/पदाधिकारी को निर्देश दिया की वे सम्बंधित बूथ के बीएलओ के माध्यम से ब्लैक एंड वाइट फोटो को मतदाता पहचान पत्र में रंगीन में बदलें। जो मतदाता 18 वर्ष उम्र पूरी कर लिया हैं, उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य रूप में जोड़े। उन्होंने कहा की फार्म-6 में कम से कम दो प्रतिशत 18-19 वर्ष के मतदाता का नाम मतदाता सूची में जरुर जोड़े, इसके अतरिक्त अन्य उम्र के मतदाता का फार्म-6, 8 तीन प्रतिशत नाम मतदाता सूची में जोड़े।

**घर-घर सर्वे बीएलओ पूरा कराना सुनिश्चित करें**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारी/पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की बीएलओ द्वारा बीएलओ एप्प, रजिस्टर एंट्री, सुपर चेकिंग, स्टिकर चिपकाने का कार्य 100 प्रतिशत पुरा करें। बीएलओ सुपरवाजर से टूर प्रोग्राम लेकर वेरिफिकेशन हर मतदान बूथ पर कराए।

### मतदाता फॉर्म-6, 7, 8, डिस्पोज करना सुनिश्चित करें

डीसी ने सभी सम्बंधित अधिकारी/पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की मतदाता फॉर्म-6, 7, 8, डिस्पोज करना सुनिश्चित करें एवं हरेक मतदान बूथों पर बीएलओ फार्म 6 कम से कम 50 की संख्या में ले।

## छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण : डीसी

**रांची।** डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने गुरुवार को समाहरणालय स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में सभी सम्बंधित वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि रांची में कोचिंग संस्थानों द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप नियमानुसार अपने संस्थानों का संचालन नही किया जा रहा।

**सुरक्षा के आयामों का निरीक्षण करें :** उपायुक्त ने सभी सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की सभी कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा के तय मानकों का पालन अच्छे से हो रहा हैं, यह जरूर देखें। छात्र छात्राओं के लिए एग्जिट और इंट्री गेट कोचिंग संस्थान में होना, सीसी टीवी, क्षमता के अनुसार छात्र, फायर सेफ्टी, कोचिंग संस्था तय मानकों पर चल रहा हैं या नही, श्रम मानकों का पालन, बिजली सम्बंधित सुरक्षा के उपाय, हेल्प डेस्क, नामांकित छात्र/ छात्राओं की संख्या, पर्याप्त प्रकाशीय व्यवस्था, पेयजल/ शौचालय की व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सा, पार्किंग, भवन स्थिति, भवन एवं बेसमेंट/ सुरक्षा मानक की स्थिति, आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु कार्य योजना, शिकायत सम्बंधित पंजी हैं।

### सभी कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा के आयामों की जांच करने के निर्देश

डीसी ने सम्बंधित सभी अधिकारियों को कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश देते हुए कहा की छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। इसके लिए सभी कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा के तमाम आयामों की जांच किया जाये।

**जिला स्तर पर जाँच दल का गठन :** उपयुक्त ने कोचिंग संस्थानों के निरीक्षण के लिए जिला स्तर पर जांच दल का गठन किया गया। डीसी ने सभी प्रतिनिधित्व प्राधिकरण को निर्देश दिया की आज जो दिशा-निर्देश दिए गए हैं, निर्धारित क्षेत्र में भौतिक रूप से निरीक्षण करते हुए सभी कोचिंग संस्थानों का दिए गए बिंदुओं पर विस्तृत जाँच प्रतिवेदन संलग्न विहित प्रपत्र में तैयार कर एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट उपलब्ध कराए।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला शुरू

# गार्गी मलकानी के हाथों हुआ शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा का सावन मेला शुरू हो गया है। 3 अगस्त तक चलने वाला यह मेला अग्रेसन भवन अपर बाजार में चल रहा है। मेले की ओपनिंग चीफ गेस्ट गार्गी मलकानी के हाथों हुई। गार्गी मलकानी को मोमेंटो एवं दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने मेले की प्रशंसा की और सभी स्टॉल धारकों का हौसला बढ़ाया। सोटो संस्था के नोडल ऑफिसर राजीव रंजन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने अंगदान महादान के बारे में जानकारी दी और कहा, कोई भी व्यक्ति मृत्यु के बाद अंगदान कर के दूसरे को जीवनदान दे सकते हैं। इसलिए सबको इसका मन बनाना चाहिए। अध्यक्ष विनीता सिंघानिया ने स्वागत उद्‌गार प्रस्तुत किया। उन्होंने सभी स्टॉलधारकों को शुभकामनाएं दी और बताया कि आजकल बहुत सी महिलायें घर में अपने हाथों से समान बनाती हैं। पहले उनके इस काबिलियत को जान नहीं पाता था, मेले में स्टॉल लगाने से उनको एक पहचान मिलने लगी। उनके लिए एक छोटी कमाई का जरिया हो गया। मेले से जो फण्ड आता है उससे हम सोशल वर्क में उपयोग करते हैं। मेले की संयोजिका एवं पूर्व अध्यक्ष विनीता बिहानी ने बताया कि अग्रेसन भवन के तीनों फ्लोर में करीब 60 स्टॉल लगे हैं। पूजा अग्रवाल ने बताया कि मेले में हर तरह की स्टॉल लगी है जैसे - कपड़े, राखी, ज्वेलरी, शादी के सामान, बेडशीट, अचार-पापड़, गिफ्ट आइटम, हैंड मेड समान, भगवान के पोशाक आदि। रांची के अलावा बाहर से भी लोग स्टॉल लगाने आये हैं। सरिता बथवाल ने सभी रांची वासीयो से अपील की है कि मेला में आये, घूमे, शॉपिंग एवं लजीज फूड को इंजॉय करें। मेले में फूड स्टॉल भी लगाये गये हैं। पहले ही दिन मेले में लोगों की भीड़ आने लगी। लोगों ने राखिया और कपड़े की जमकर खरीदारी की। मेला तीनों दिन 11 से 7:30 तक ओपन रहेगा। मेले में अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, संयोजिका विनीता बिहानी, सरिता बथवाल, पूजा अग्रवाल, सपना सिंघानिया, रितु पोद्दार, कविता सोमानी, कोमल पोद्दार रंजू मालपनी एवं पूरी समर्पण टीम का सहयोग रहा।



# संत जेवियर इंटर कॉलेज में नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

## एनडीपीएस एक्ट-1985 में है सजा का प्रावधान : राजेश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में संत जेवियर इंटर कॉलेज, में नशा उन्मूलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना तथा अफीम की खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी। औषधि और प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी तथा संविधान के अनुच्छेद - 47 के संबंध में फोकस किया। उन्होंने कहा कि पान, गुटखा, खैनी इत्यादि से नशा का शुरूआत होता है। सजा को तीन कैटेगरी स्मॉल, इंटरमीडिएट, कॉमर्शियल में बांटा गया है। इसमें 2 से 10 साल की सजा तथा 2 लाख का जुर्माना भी है। मध्यस्थ पीएन सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं। सीआईडी-डीसपी, राजकुमार यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा से शारिरीक, मानसिक एवं आर्थिक हानि होती है। लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा के द्वारा भी नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला गया। नशा शरीर की गुणवत्ता को समाप्त कर देता है। इसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। नशा से परिवार का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षति होता है, जिसका भरपाई कदापी नहीं किया जा सकता है। ज्ञात हो कि 14 सितम्बर को होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी छात्र-छात्राओं को बताया गया तथा उनके बीच नशा से संबंधित लिफलेट और पम्पलेट का वितरण भी किया गया।



## न्यूज | बॉक्स

### कांग्रेस की प्रदेश महिला अध्यक्ष ने डीजीपी से की मुलाकात



**रांची।** कांग्रेस की प्रदेश महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह ने राज्य में महिला सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गुरुवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता से मुलाकात की। गुंजन सिंह ने डीजीपी से मुलाकात के दौरान राज्य में महिलाओं में भय का मुक्त वातावरण कायम कर महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराने और थानों में वर्षों से पेंडिंग पडे महिलाओं से संबंधित मुकदमों पर तेजी से कारवाई करने की मांग की है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, सुन्दरी तिर्की मौजूद थी।

### माहेश्वरी भवन में चार अगस्त को भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक

**रांची।** माहेश्वरी महिला समिति चार अगस्त को माहेश्वरी भवन में भोलेनाथ का महा रुद्राभिषेक करेगी। समिति की ओर से जानकारी दी गई कि इस बार रांची के आचार्य अनूप दधीचि के सानिध्य में यह महा रुद्राभिषेक सुबह से 21 जोड़ों के साथ होगा। समिति की मीडिया प्रभारी रश्मि मालपानी ने गुरुवार को बताया कि इस पूजा में कोई भी भाग ले सकते हैं। इसके लिए समिति के सदस्य या माहेश्वरी भवन में संपर्क कर सकते हैं। महारुद्राभिषेक के बाद प्रसाद और भोजन की व्यवस्था भी की गई है। सभी सदस्य महारुद्राभिषेक के तैयारी में जुटे हैं।

### विद्युत की लचर व्यवस्था से मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र परेशानः अभिषेक शुक्ला



**रांची।** युवा आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। वहीं मारवाड़ी महाविद्यालय के छात्र छात्राओं की परेशानी से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा। मौके पर अभिषेक शुक्ला ने कहा के 31 जुलाई को परीक्षा के दौरान मारवाड़ी महाविद्यालय में विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण छात्र-छात्राओं को परीक्षा में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगभग 2 घंटे तक छात्र-छात्राओं ने अंधेरे में जैसे-तैसे परीक्षा लिखा। उन्होंने रांची विश्वविद्यालय की कुलपति से कहा कि यह घटना महाविद्यालय की पहली घटना नहीं है पिछले एक वर्ष में लगातार यह तीसरी या चौथी घटना है। जब परीक्षा के समय विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। अभिषेक शुक्ला ने कहा कि पिछले वर्ष इसी प्रकार मारवाड़ी महाविद्यालय में प्रैक्टिकल एग्जाम के दौरान विद्युत आपूर्ति खराब हो गई थी, तब वहां के छात्र-छात्राओं ने मोबाइल का फ्लैशलाइट जलाकर परीक्षा दिया था। बीते महीने 15 जुलाई को कक्षा में विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण शिक्षक को मोबाइल का फ्लैशलाइट जलाकर अटेंडेंस लेते हुए पाये गये।

### रांची जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने मंत्री से की मुलाकात



**रांची।** रांची जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो ने गुरुवार को अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन से मुलाकात की। रांची जिला अन्तर्गत सिल्ली प्रखंड के जीईएल चर्च एवं संत मार्क्स चर्च, मुरी के कब्रिस्तान की घेराबंदी एवं वहां पेयजल की समुचित व्यवस्था करने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष महतो ने मंत्री को अवगत कराया कि पिछले दिनों सिल्ली प्रखण्ड परिसर में जन सहायता शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें ईसाई समाज के लोगों ने अपनी इस समस्या को प्रमुखता से रखा था। उन्होंने बताया था कि घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान में हमेशा आवारा जानवरों का प्रवेश हो जाता है जो परिसर की पवित्रता को भंग कर देते हैं, इससे उनकी धार्मिक भावना आहत होती है। उन्होंने यह भी बताया था कि वे लोग बहुत दिनों से इस काम को करवाने की फरियाद कर रहे हैं।

### विस्मिता तेज ने की सीसीएल की समीक्षा



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में कोयला मंत्रालय की अपर सचिव विस्मिता तेज ने सीसीएल के कोयला प्रेषण की समीक्षा के लिए बैठक की। बैठक में सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह, सीआईएल के निदेशक (मार्केटिंग) मुकेश चौधरी, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनिकी/संचालन) हरीश दुहान, रेलवे के सीनियर डीओएम, राँची डिवीजन श्रेया सिंह, सीनियर डीओएम, धनबाद डिवीजन अंजय तिवारी एवं सीसीएल के अधिकारीगण मौजूद थे। बैठक में कोयले की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। कोयला प्रेषण बढ़ाने तथा उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित करने से संबंधित मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति हेतु कृतसंकल्पित है। इसलिए सभी उपभोक्ताओं को समय पर पर्याप्त कोयले का प्रेषण सीसीएल की प्राथमिकता है।

## अपना कुकृत्य छुपाना चाहती है राज्य सरकार : संजय सेठ

# पाकुड जिला के दौरे पर गये असम के मुख्यमंत्री को रोकना लोकतंत्र की हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

यह झारखंड के लोकतांत्रिक इतिहास का काला दिन है। विधानसभा सत्र के दौरान जब झारखंड भाजपा के विधायक सरकार की नीतियों, रोजगार, अपराध, भ्रष्टाचार जैसे मुद्दे पर प्रदर्शन कर रहे थे तो सदन की बिजली काट दी गई, अंधेरा कर दिया गया। वहीं गुरुवार को 18 विधायक को निलंबन कर तानाशाही के बल पर सरकार चलाना चाहती है।

झारखंड के हेमंत सोरेन की सरकार को शर्म करनी चाहिए। ये सरकार वादा खिलाफी की सरकार है, झूठी सरकार है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने असम के मुख्यमंत्री को पाकुड़ के दौरे पर जाने से रोकने की तीव्र निंदा की है। मंत्री श्री सेठ ने कहा कि इस सरकार ने जिस तरह झारखंड के युवाओं को ठगने का काम किया है। 5 लाख नौकरी देने का वादा नौकरी नहीं तो 5000 प्रति माह बेरोजगारी भत्ता, खटा खटा एक लाख रू खाते में का क्या हुआ। इन मुद्दों पर सरकार विफल रही है इन पांच सालों में एक भी युवाओं को सरकार ने नौकरी नहीं दिया, ना ही बेरोजगारी भत्ता दिया है। आज जब विपक्ष सवाल खड़ा कर रही है तो सरकार इससे भाग रही है। पारा शिक्षक हो, या सहायक पुलिसकर्मी, चाहे छात्र आज अपने मांगों को लेकर धरना पर बैठे हैं। वहीं सरकार इन पर लाठी चार्ज कर उनके आंदोलन को दबाना चाहती है।



*भाजपा के 18 विधायकों का निलंबन झारखंड के लिया काला अध्याय*

### दफादार चौकीदार पंचायत का धरना जारी

**रांची।** झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत द्वारा पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार राजभवन के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन गुरुवार को 13वे दिन भी जारी रहा। अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन की अध्यक्षता करते हुए राज्य अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि सेवा विमुक्त चौकीदर, एवजी चौकीदार और अनुकंपा के आधार पर रिक्त पदों पर निकाला गया विज्ञापन झारखण्ड सरकार तत्काल रद्द करे और चौकीदारी व्यवस्था को बचाने के लिए झारखण्ड विधान सभा से प्रस्ताव पास किया जाय ताकि चौकीदार दफादरो को न्याय मिल सके। गुरुवार को सभी विमुक्त और एवजी चौकीदार दफादार भारी संख्या मे राज्य सरकार द्वारा चौकीदार दफादार के रिक्त पदो पर निकाले गए विज्ञापन का विरोध किए।

# सेना भर्ती रैली के छठे दिन 1035 युवाओं ने लिया हिस्सा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सेना भर्ती रैली के छठे दिन गुरुवार को 1035 युवाओं ने हिस्सा लिया। अग्निवीर जीडी श्रेणी के लिए झारखंड राज्य के गिरिडीह, खूंटी और साहिबगंज जिले के अभ्यर्थियों ने दमखम दिखाया। खेलगांव स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स के मैदान में शारीरिक दक्षता परीक्षा में लगभग 1035 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया। जांबाज युवाओं ने अपने पूरे जोश और जुनून के साथ अग्निवीर जीडी श्रेणी में उपस्थिति दर्ज की। रांची भर्ती कार्यालय के निदेशक कर्नल विकास भोला ने गुरुवार को बताया कि आने वाले दिनों में सेना बहाली में शामिल होने वाले तमाम अभ्यर्थियों से आहवान किया कि वे रैली स्थल पर आने से पहले एडमिट कार्ड, रैली नोटिफिकेशन में दिए गए निदेर्शों को ध्यान से पढ़ें तथा निर्धारित दिनांक को ही रैली स्थल पर रिपोर्ट करे। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने सभी जरूरी दस्तावेज रैली स्थल पर साथ लेकर आएं जैसे कि योग्यता अनुसार दसवीं, बाहरवीं कक्षा की मार्कशीट, बोर्ड प्रमाण पत्र, स्थाई निवासी प्रमाण पत्र, सरपंच एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता संख्या, जाति प्रमाण पत्र, एफेडेविट इत्यादि ताकि शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल होने के बाद अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े। उन्होंने बताया कि मेडिकल जांच के लिए अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर रैली स्थल पर रिपोर्ट करना अत्यंत जरूरी है। झारखंड राज्य के सभी जिलों के उम्मीदवारों ने अग्निवीर रैली भर्ती के लिए दिखाई अपनी रूचि और बड़ी तादाद में सेना बहाली में शामिल हो रहे है।



### डीएवी स्पोर्ट्स के विजेता सम्मानित हुए

**पिठोरिया।** नीरजा सहाय डीएवी के विद्यार्थियों ने डीएवी स्पोर्ट्स में कलस्टर स्तर पर आश्चर्यजनक जीत हासिल की। डीएवी स्पोर्ट्स चार चरणों में संपन्न हुआ। प्रथम बोकारो सेक्टर- 4 में हुआ। यहां नीरजा सहाय के खिलाड़ियों ने 28 स्वर्ण 18 रजत और 11 कांस्य पदक प्राप्त किया। द्वितीय डीएवी गांधीनगर में संपन्न हुआ। यहां सात स्वर्ण ,33 रजत और 18 कांस्य प्राप्त हुए। तीसरा डी एवी नीरजा सहाय में संपन्न हुआ यहां खिलाड़ियों को 101 स्वर्ण, 22 रजत और 14 कांस्य पदक प्राप्त हुए। चौथा डीएवी कपिल देव में संपन्न हुआ। यहां नीरजा सहाय के खिलाड़ियों को 31 स्वर्ण, 48 रजत और 16 कांस्य पदक हासिल हुए। इस प्रकार कुल 96 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 95 पदक के विजेता हुए।

# इमरजेंसी के बाद का सबसे काला अध्याय : अमर बाउरी

*2019 में जो वायदे किये थे, उसपर सरकार ने क्या किया, हमें यह जानने का हक*

*हमने कुर्सी नहीं तोड़ी, माइक भी नहीं तोड़ा, विरोध करना हमारा संवैधानिक अधिकार*

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड विधानसभा के जारी मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने स्पीकर से कहा कि आपने 18 विधायकों को निलंबित कर दिया। यह इमरजेंसी के बाद सबसे बड़ा काला अध्याय है। हम लोगों ने कुर्सी नहीं तोड़ी। माइक भी नहीं तोड़ा। संविधान में विरोध करने का अधिकार है। 2019 में जो सरकार बनी थी और जो वायदे किये गये थे, उसे हम सुनना चाहते हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा को पाकुड़ के गोपीनाथपुर नहीं जाने दिया गया। पत्रकारों को नहीं आने दिया गया। ये सभी घटनाएं सरकार के दबाव में हुई हैं। सरकार के दबाव में विधायकों का निलंबन हुआ है। हाउस अरेस्ट जैसा कर दिया गया। हम लोगों को निकाल कर बाहर किया गया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष विपक्ष की आवाज, जो कि पूरे झारखंड की आवाज है उसको अपने विशेषाधिकार की आड़ में दबाने का प्रयास कर रहे हैं। अपनी वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति को लेकर




**झारखंड विधानसभा के पांचवें दिन सदन के बाहर भाजपा का प्रदर्शन**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन गुरुवार को भी भाजपा विधायक सदन के बाहर धरने पर बैठे रहे और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। सभी विधायकों के हाथों में तख्तियां हैं, जिसमें लिखा है कि सहायक पुलिसकर्मी और होमगार्ड के परमानेंट का क्या हुआ। पांच लाख नौकरी का क्या हुआ, युवाओं के सपनों का क्या हुआ, लुटेरे हेमंत शर्म करो, स्नातक को 5000 और स्नातकोतर को 7000 बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ, धोखेबाज हेमंत हाय-हाय। 11 बजे विधायक सदन के अंदर गए।

### यह अत्याचार की पराकाष्ठा

बाउरी ने कहा कि यह अत्याचार की पराकाष्ठा है। हमने ऐसा कुछ भी नहीं किया। अहिंसा के तहत हम बैठे हुए थे। बुधवार रात में जब हम लोग आम लोगों के सवाल पर सदन में थे। तब मार्शल ने जबरन टांगकर बाहर कर दिया। जनता के मुद्दों पर लोकतंत्रिक तरीके से आंदोलन करना हमारा धर्म है। गांधीवादी तरीके से विपक्ष अपनी बात रख रहा था। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पत्नी धर्म निभाते हुए कल्पना मुर्मू सोरेन जब यह बोलती हैं कि पांच महीने का हिसाब कौन देगा। तब वह पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का अपमान करती हैं। चंपाई सोरेन शिबू सोरेन के हनुमान हैं। वो वरिष्ठ नेता हैं। वे हेमंत सोरेन का पार्ट टू भी बताते हैं। लेकिन ये लोग परिवार के बाहर किसी दूसरे को स्वीकार नहीं सकते।

विधानसभा अध्यक्ष सरकार के कार्यकर्ता के रूप में सदन के अंदर काम कर रहे हैं।

## मुझे भी सस्पेंड कर देते, बाहर में मेरी किरकिरी हो रही है : नीलकंठ



भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि मैं भी साथ था। मेरा क्या दोष था, मुझे भी सस्पेंड कर देते। बाहर में मेरी किरकिरी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरा क्या दोष था जो मुझे नहीं निकाला गया। मुझे भी सस्पेंड कर दें। मुझे ऐसा लग रहा है, जैसे मुझे जाति से निकाल दिया गया है। मुझ पर संदेह किया जा रहा है। आप पर भी बाहर में संदेह किया जा रहा है। मुझे भी सस्पेंड कर दीजिये। दरअसल, भाजपा के 18 विधायकों को स्पीकर ने निलंबित किया है लेकिन निलंबित विधायकों में नीलकंठ सिंह मुंडा का नाम नहीं है।

## हेमंत सरकार ने जनता को ठगा और राज्य को लूटा : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को कहा हेमंत सोरेन की कुर्सी हिल रही, इसलिए वे परेशान हैं। राज्य के ज्वलंत मुद्दों पर जवाब देने से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के विधायक सदन में मुख्यमंत्री से वही पूछ रहे जो उन्होंने सदन के बाहर और भीतर वादे किए थे। कहा कि 5 लाख प्रतिवर्ष नौकरी नहीं तो बेरोजगारी भत्ता। साल में प्रत्येक परिवार को 72000 रुपए देना, प्राइवेट कंपनी में भी युवाओं को रोजगार में 75% आरक्षण दिलाना। ये सभी वादे इसी सरकार ने किए थे जो एक भी पूरे नही हुए। कहा कि न नियोजन नीति बनाई, न स्थानीय नीति। उल्टे नगर निगम में विगत दिनों हुई 28 बहाली में मात्र 11लोग झारखंड के हैं और 17बाहरी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक तो इन्हीं मुद्दों पर बहस चाहते हैं, जवाब चाहते हैं। इसमें कौन सा अपराध है जिसके कारण विधायकों को निलंबित किया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा ऐसी कारवाई से डरनेवाली नही। आज भले सत्ता पक्ष संख्या बल में ज्यादा हैं लेकिन जन समर्थन भाजपा और एन डी ए के पास है।

*भाजपा विधायक जनता के सवालों को सदन में पूछ रहे हैं*

*हम डरने वाले नहीं, सत्ता पक्ष जैसे चाहेगा, सदन वैसे नहीं चलेगा।*

## विधायकों के निलंबन पर पुनर्विचार करें : सुदेश महतो



सदन की कार्यवाही दूसरी बार शुरू होते ही सुदेश महतो ने स्पीकर रबिंद्रनाथ महतो से निलंबन पर पुनर्विचार का आग्रह किया। सरकार ने अपना कमिटमेंट पूरा नहीं किया। सरकार का उत्तर आना चाहिए था। कार्यमंत्रणा समिति में एक बार भी नहीं ले गये। ऐसे मामलों में बीच का रास्ता निकालने के लिए ही कार्य मंत्रणा की भूमिका होती है। इतना कठोर नहीं होना चाहिए। सरयू राय ने भी कहा कि कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुला ली जानी चाहिए।

## आप ही को स्थायी करने की मांग को लेकर हम सदन से हुए निलंबित : डॉ. लंबोदर महतो



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि हम, आजसू पार्टी व एनडीए संविदा कर्मियों के साथ हैं। संविदाकर्मियों को स्थायी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पारा शिक्षकों की तरह सभी संविदा कर्मियों को स्थायी करने की जरूरत है। उन्होंने यह बातें विधानसभा का घेराव कर रहे सहिया, सहिया साथी, प्रखंड प्रशिक्षक दल व राज्य प्रशिक्षक दल को संबोधित हुए कही। कहा कि राज्य सरकार को सभी संविदा कर्मियों का स्थायी करण ऐसा करना होगा। हम विपक्ष के लोग चुप नहीं बैठने वाले हैं। उन्होंने कहा कि इन्हीं सवालों को लेकर जब विधानसभा में हम व एनडीए के साथी धरना दे रहे थे तो तो इसका नतीजा यह हुआ कि हमें निलंबित कर दिया गया। कहा कि हम निलंबन से डरने वाले नहीं है। हम हम संविदा कर्मियों के साथ हैं और उनके हक द्वारा अधिकार के लिए सदन से लेकर सड़क तक संघर्षरत हैं।

## हंगामा व विधायकों के निलंबन के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित

रांची। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के पांचवें दिन सदन में भाजपा के विधायकों के हंगामा के चलते विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यवाही शुक्रवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने हंगामा करने वाले भाजपा के 18 विधायकों को सदन से निलंबित कर दिया था। गुरुवार को विधानसभा के सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही भाजपा विधायक वेल में बैठे गये और नारेबाजी करने लगे। इसके बाद 11 बजकर 15 मिनट पर विधानसभा स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्रवाई शुरू की। इसके बाद झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू के प्रस्ताव पर विधानसभा अध्यक्ष ने 18 भाजपा विधायकों को शुक्रवार दो बजे तक निलंबित कर दिया। इसके बाद स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही को शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया।

# झारखंड हाई कोर्ट में निकाय चुनाव मामले में राज्य सरकार की अपील पर विस्तृत सुनवाई आठ को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



झारखंड हाई कोर्ट में तीन सप्ताह में राज्य में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करने के चार जनवरी 2024 के हाई कोर्ट के एकल पीठ के आदेश को रद्द करने को लेकर राज्य सरकार की अपील (एलपीए) पर आज सुनवाई हुई। गुरुवार को मामले में राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि याचिका की त्रुटि दूर कर ली गई है। इससे पहले प्रतिवादी की ओर से अधिवक्ता विनोद कुमार सिंह ने कोर्ट को बताया गया कि इस केस की मेरिट पर सुनवाई की जाए, राज्य सरकार ट्रिपल टेस्ट के बहाने निकाय चुनाव टाल रही है, यह संवैधानिक मिशनरी की विफलता है। समय पर चुनाव नहीं कराना और रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था को दबाने जैसा है। एकल पीठ का आदेश सही है। कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई के लिए आठ अगस्त की तिथि निर्धारित की गई है। खंडपीठ ने पूर्व में एकल पीठ के द्वारा पारित आदेश पर रोक लगाने से किया इनकार किया था। मामले में पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाई कोर्ट में कैविएट दायर कर राज्य सरकार की अपील पर जल्द सुनवाई करने का आग्रह किया गया था। सरकार की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आईए) दायर कर एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया गया था। अपील (एलपीए) में राज्य सरकार की ओर से कहा गया है कि पिछड़ा आयोग को ही डेडीकेटेड कमीशन के रूप में नियुक्त कर दिया गया है। यह राज्य के जिलों में ओबीसी की आबादी का आकलन करेगी और इस संबंध में डाटा राज्य सरकार को उपलब्ध कराएगी। इसके आधार पर निकाय चुनाव में वार्डों में ओबीसी के लिए आरक्षण दिया जायेगा। इसलिए निकाय चुनाव पूरा करने के लिए समय दिया जाए। राज्य सरकार ने एकल पीठ के आदेश पर तत्काल रोक लगाने एवं एकल पीठ के आदेश को रद्द करने का आग्रह हाई कोर्ट से किया है।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं, मेहनत ही एक मात्र विकल्प : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आजसू पार्टी अध्यक्ष सह विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि जीवन में निश्चित लक्ष्य होना आवश्यक है। आप सभी अपने निर्धारित लक्ष्य के लिए दृढ़ संकल्पित होकर परिश्रम करें। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है, इसके लिए मेहनत ही एक मात्र विकल्प है। आप में अद्भुत क्षमता है, आपको केवल उसे पहचानने और उसे पूरी तरह से विकसित करने की आवश्यकता है। सुदेश कुमार महतो गुरुवार को सिल्ली स्थित अंबेडकर पार्क के समीप आयोजित प्रखंड स्तरीय मेधा प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर इस वर्ष 10वीं और 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण होने वाले प्रखंड के सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि सपने देखना बहुत जरूरी है लेकिन उससे भी जरूरी है कि उन सपनों को पूरा करने के लिए प्रयास करना। हर दिन कुछ नया सीखें, खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करें और चाहे कैसी भी परिस्थिति क्यों न आ जाए, कभी भी हार न मानें। बढ़ती प्रतिस्पर्धा के इस दौर में खुद को आगे रखने के लिए नए कौशल और नई तकनीकों को आत्मसात करें। आपका ध्यान केवल एक अच्छे विद्यार्थी बनने पर नहीं होना चाहिए बल्कि एक अच्छा इंसान बनने पर भी होना चाहिए। अपनी जिम्मेदारियों को समझें, समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाएं और हमेशा ईमानदारी और नैतिकता के मार्ग पर चलें। शिक्षा एक ऐसा साधन है जो आप सभी विद्यार्थियों को जीवन के हर क्षेत्र में सक्षम बनाता है। ज्ञान की प्राप्ति जीवन में सफलता की नींव है।

## फ्लाईओवर के आगे की सड़क का निर्माण कार्य बाधित

**रांची।** सिरम टोली से डोरंडा के बीच बनने वाली फ्लाई ओवर में एक और बाधा उत्पन्न हो गई है। दरअसल डोरंडा तरफ वाले हिस्से में प्रधान डाकघर की जमीन आ रही है। इस संबंध में चीफ पोस्टमास्टर जनरल झारखंड विधान चंद्र राय ने बताया कि प्रधान डाकघर परिसर के 5 मीटर का क्षेत्र सड़क निर्माण में अधिग्रहण किया जाना है। इससे प्रधान डाकघर का एटीएम टूट जाएगा। अब इस एटीएम को किस स्थान पर शिफ्ट करना है इसके लिए प्रक्रिया से गुजरना होगा। 5 मीटर क्षेत्र के अधिग्रहण का नोटिस अभी तक नहीं आया है। उपायुक्त इस एटीएम को किस स्थान पर शिफ्ट करेंगे, इसके लिए भी कोई नोटिस नहीं जारी की गई है।

## स्मार्ट सिटी में इनकम टैक्स के नए भवन का निर्माण हो : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

चैम्बर सचिव परेश गट्टानी के नेतृत्व में झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने बिहार झारखण्ड आयकर विभाग के प्रधान मुख्य आयुक्त जयंत मिश्रा से शिष्टाचार मुलाकात की । बैठक में उन्होंने झारखण्ड के उद्योग एवं व्यापार से जुडी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा के दौरान उन्होंने झारखण्ड की आयकर प्रणाली के बारे में जाना, साथ ही यह चिंता जताई की झारखण्ड जैसा राज्य जहां माइंस इतनी वृहद् मात्रा में है वहां पर टैक्स का कलेक्शन इतना कम क्यूँ हैं? कारोबारियों के पंजीकृत कार्यालय अन्य राज्यों में होने के कारण झारखण्ड को मिलने वाला आयकर अन्य



राज्यों में चला जाता है। इसपर भी उन्होंने चिंता जताई, कहा कि ऐसा करने से राज्य को काफी नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह भी कहा गया कि कई सालों से राज्य में खाद्यानें बंद पड़ी हुई है, जिसके कारण राज्य को काफी नुकसान हो रहा है। चैम्बर ने यह सुझाया कि स्मार्ट सिटी में इनकम टैक्स के नए भवन का निर्माण होना चाहिए। प्रधान मुख्य आयुक्त जयंत मिश्रा ने सभी का आभार जताया एवं उन्होंने व्यापार एवं उद्योग जगत से जुडी समस्याओं पर चैम्बर को हर संभव सहयोग देने की बात कही।

## अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बने प्रमोद कुमार अग्रवाल

# अनिल अग्रवाल मंत्री व विजय खोवाल बने कोषाध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में अग्रवाल सभा के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सदस्यों एवं मनोनीत सदस्यों की बैठक चुनाव पदाधिकारी सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं सह चुनाव पदाधिकारी अशोक कुमार नारसरिया के देख-रेख में हुई। बैठक मे अग्रवाल सभा के सत्र- 2024-26 के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अग्रवाल सभा के अध्यक्ष- प्रमोद कुमार अग्रवाल, वरीय उपाध्यक्ष- सज्जन पाड़िया, उपाध्यक्ष- कौशल राजगढ़िया, मंत्री- अनिल अग्रवाल, उपमंत्री निर्मल बुधिया एवं रामाशंकर बगड़िया, कोषाध्यक्ष- विजय कुमार खोवाल, आंतरिक अंकेक्षक- विकास अग्रवाल सीईओ- मनोज चौधरी चुने गए। बैठक में सर्वसम्मति से कार्यकारिणी समिति में 6 मनोनीत सदस्यों -कमल कुमार केडिया, रमेश खेमका, अनिल कुमार अग्रवाल, मीना अग्रवाल, मंजू केडिया, विनीता सिंघानिया, का चयन किया



गया। बैठक में सुरेश चंद्र अग्रवाल ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि अग्रवाल सभा की नई टीम बेहतर कार्य कर नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। उपस्थित सभी सदस्यों ने मतदान सुचारू रूप से शांतिपूर्ण तरीके से कराने, एवं बेहतर व्यवस्था की सराहना करते हुए चुनाव पदाधिकारी को धन्यवाद दिया। बैठक में- विनोद कुमार जैन, ललित कुमार पोद्दार, राजेंद्र केडिया, प्रमोद कुमार अग्रवाल, कमल कुमार केडिया, सज्जन पाड़िया, मनोज चौधरी, अनिल अग्रवाल, कमल खेतावत, कौशल राजगढ़िया, निर्मल बुधिया, अजय डीडवानिया, अनिल कुमार अग्रवाल, सुनील केडिया, संजय सर्राफ, कमल कुमार खेतावत, आनंद जालान, विजय खोवाल, नरेश बंका, प्रमोद बगड़िया, विनोद कुमार टिबडेवाल, रमेश खेमका, राजकुमार मित्तल, अजय खेतान, रामाशंकर बगड़िया, मुकेश जाजोदिया, जितेश अग्रवाल, अमर अग्रवाल, मनीष टांटिया, सुनील पोद्दार, सुरेश कुमार चौधरी, विकास अग्रवाल, विशाल पाड़िया, मनोज कुमार ढांढनिया,मीना अग्रवाल, विनीता सिंघानिया,मंजू केडिया आदि उपस्थित थे।

# रांची के कोचिंग संस्थानों का किया गया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा जिला स्तर पर बनायी गयी टीमों द्वारा कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया गया। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में टीम द्वारा विभिन्न कोचिंग संस्थानों में संचालन के लिए निर्धारित मानकों का बारीकी से निरीक्षण गया गया।

**निरीक्षण के लिए बनायी गयी पांच टीमें :** रांची शहरी क्षेत्र में निर्धारित मानक अनुरुप कोचिंग संस्थानों के संचालन नहीं होने की सूचना पर उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा द्वारा पांच टीमों का गठन किया गया। जिन्हें निर्धारित क्षेत्र में भौतिक रुप से निरीक्षण करते हुए विभिन्न 16 बिन्दुओं पर जांच का निर्देश दिया गया था।

**एक सप्ताह के अंदर रिपोर्ट देने का निर्देश :** टीम द्वारा कोचिंग



संस्थान का नाम एवं पूरा पता, कोचिंग संस्थान के प्रोपराईटर का नाम एवं पता, कोचिंग संस्थान में सम्बद्ध संकाय, नामांकित छात्र/छात्राओं की संख्या, शुल्क/भुगतान की स्थिति, श्रम मानकों का पालन, समुचित उपस्कर, पर्याप्त प्रकाशीय व्यवस्था, पेयजल/शौचालय की व्यवस्था, आधारभूत संरचना की स्थिति, अग्निशमन, आकस्मिक चिकित्सा, पार्किंग, भवन की स्थिति, भवन एवं बेसमेंट/सुरक्षा मानक की स्थिति, प्रवेश/निकास द्वार की संख्या, आकस्मिक स्थिति से निपटने हेतु कार्य योजना आदि की जांच की गयी।

## न्यूज बॉक्स

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने हजारीबाग का किया औचक दौरा

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गुरुवार को हजारीबाग के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया । द्वितीय संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत आज के निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान वें इचाक प्रखंड के सुदूरवर्ती बभनी, देवकुली, दाड़ीघाघर एवं नगर निगम के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मुख्य रूप से मृत, स्थानांतरित मतदाताओं का नाम विलोपन एवं नए योग्य मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। इसके बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त एवं सभी एआरओ,एईआरओ के साथ समीक्षा बैठक की।

### कोल बेयरिंग एरिया एक्ट में संशोधन के विरूद्ध प्रस्ताव पारित

**रांची।** केंद्र द्वारा प्रस्तावित कोल बेयरिंग एरिया एक्ट (सीबीए) एक्ट में संशोधन के विरुद्ध झारखंड विधानसभा ने प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव को केंद्र के पास भेजा जाएग। इस दौरान वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन झारखंड सरकार की जल, जंगल और जमीन को बचाने का जो संकल्प है, वो उसके विरुद्ध है। केंद्र सरकार कोयला क्षेत्र (सीबीए) अधिनियम, 1957 के तहत भूमि अधिग्रहण करने और फिर वाणिज्यिक खनन के लिए आवंटित कोयला ब्लॉकों के विकास में तेजी लाने के लिए इसे निजी कंपनीयों को पट्टे पर देने के प्रस्ताव पर विचार कर रही है। इसी प्रस्ताव के विरोध में झारखंड विधानसभा ने एक प्रस्ताव पास किया है।

### सचिवालय घेराव मामला: हाई कोर्ट से बाबूलाल और अर्जुन मुंडा को मिली राहत बरकरार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को मिली राहत फिलहाल बरकरार रहेगी। गुरुवार की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की। अदालत ने जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका देते हुए अगली सुनवाई के लिए 12 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। पिछले वर्ष भाजपा के सचिवालय घेराव कार्यक्रम में हुए उपद्रव के बाद तीन पूर्व मुख्यमंत्रियों बाबूलाल मरांडी, रघुवर दास और अर्जुन मुंडा और आधा दर्जन सांसद समेत 41 लोगों पर धुर्वा थाने में केस दर्ज किया गया है, जिसकी अपराध संख्या 107/2023 है। आरोपितों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निदेशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी हैं। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी के कोर्ट में हुई। बाबूलाल मरांडी और अर्जुन मुंडा की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव और पार्थ जालान ने बहस की।

### दुष्कर्म का आरोपित दोषी करार, पांच को फैसला

**रांची।** रांची के अपर न्यायायुक्त की अदालत ने संत जेवियर कॉलेज की छात्रा को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पांच साल तक लगातार जबरन दुष्कर्म करने के मामले में बक्सर निवासी वरुण सिंह को गुरुवार को दोषी करार दिया है। आरोपित जमानत पर चल रहा था। अदालत ने उसकी जमानत रद्द करते हुए जेल भेज दिया है। साथ ही अदालत ने सजा पर फैसला पांच अगस्त को सुनाएगी। अभियुक्त बहुत ही शातिर है। घटना को लेकर पीड़िता ने लालपुर थाना में सितंबर 2017 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपित ने पहले छात्रा से साल 2011 में दोस्ती की। इसके बाद सर्जना चौक स्थित हेस्टी टेस्टी रेस्टोरेंट में ले गया। वहां से उसे पहली बार उसने संत अन्ना स्कूल, रांची की गली में स्थित शांति एन्क्लेव में पहली मंजिल पर अपने किराए के फ्लैट में ले गया था और वही कोल्ड ड्रिंग पिलाया और घटना का अंजाम दिया था। अदालत ने दुष्कर्म के साथ आईटी एक्ट के तहत भी दोषी पाया है। कारण अभियुक्त ने फर्जी आईडी बनाकर पीड़िता के रिश्तेदार को व्हाट्सएप भेजने की धमकी दिया था।

### मुख्यमंत्री ने स्टीफन मरांडी की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**रांची ।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष व विधायक स्टीफन मरांडी की धर्मपत्नी सुहाषिनी बेसरा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री गुरुवार को अपनी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन के साथ स्टीफन मरांडी के दुमका स्थित आवास पर पहुंचे और दिवंगत सुहाषिनी बेसरा के पार्थिव शरीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिजनों को यह दुःखद घड़ी को सहने की शक्ति देने के लिए ईश्वर से कामना की।

### झारखंड हाई कोर्ट से बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट को बड़ी राहत, देवघर एसडीओ का आदेश रद्द

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट, देवघर द्वारा परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की नीलामी में खरीदी गई संपत्ति का कब्जा जिला प्रशासन द्वारा नहीं दिए जाने के विरोध में दायर याचिका पर गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट की याचिका को स्वीकृत कर लिया। परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की नीलामी में खरीदी गई संपत्ति का कब्जा अब पूरी तरह बाबा बैजनाथ मेडिकल ट्रस्ट मिल गया है। हाई कोर्ट उस संपत्ति को अटैच करने संबंधी एसडीओ के आदेश को निरस्त कर दिया। बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट की ओर से दाखिल याचिका पर हाई कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की कोर्ट में सुनवाई हुई। परित्राण मेडिकल ट्रस्ट की संपत्ति को बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट ने नीलामी में दिसंबर 2023 में करीब 60 करोड़ में खरीदा था। इस वर्ष जनवरी माह में उसे सेल सर्टिफिकेट भी मिल गया था और संपत्ति का कब्जा भी बाबा बैद्यनाथ मेडिकल ट्रस्ट को हैंडओवर कर दिया गया था। लेकिन परित्राण मेडिकल ट्रस्ट के कर्मी द्वारा एसडीओ के समक्ष सीआरपीसी 145 के तहत प्रोसिडिंग चलाया गया। इसके बाद सीआरपीसी की धारा 146 के तहत उस संपत्ति को अटैच कर लिया गया।

### आउटसोर्स खत्म कर नियमित नियुक्ति करे राज्य सरकार : अजय राय

**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के सदस्यों ने केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में कुसाई कॉलोनी डोरंडा रांची स्थित महाप्रबंधक कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान श्रमिक संघ के सदस्य आउटसोर्स बंद करो, ठेकेदारों की मनमानी नहीं चलेगी, मानव दिवस कर्मियों को वापस करना होगा, एरिया घोटाले की जांच करो आदि नारे लगाते हुए जुलूस के रूप में महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचकर घेराव किया।घेराव के उपरांत महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने श्रमिक संघ के साथ वार्ता की एवं संघ की ओर से सौंप गए ज्ञापन के संबंध में हर एक मुद्दे को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उसपर कार्रवाई करने के साथ-साथ एरियर घोटाले की जांच कमेटी बनाकर किए जाने की बात की। इस अवसर पर महाप्रबंधक पीके श्रीवास्तव ने श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय को आश्वस्त करते हुए कहा कि तीन दिनों के अंदर कर्मियों का वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा तथा सौंप गए ज्ञापन के संबंध में कार्रवाई होगी। इस अवसर पर संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रघुवर सरकार के समय ही ऊर्जा निगम ने आउटसोर्स लाकर यहां के मजदूर कर्मचारियों का शोषण शुरू करवाया जो आज तक बदस्तूर जारी है। उन्होंने हेमंत सरकार से कहा कि हेमंत सोरेन ने चुनाव के वक्त आउटसोर्स खत्म कर नियमित नियुक्ति देने का वादा किया था।

## एक नजर

### विधायक अमित कुमार यादव के प्रयास से बरवां में हुआ विद्युत बहाल

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरवां में विधायक अमित कुमार यादव के प्रयास से 24 घंटे में विद्युत बहाल कर दी गई। ग्रामीणों ने विधायक को जानकारी दी की 100केवी का ट्रांसफार्मर जल गया है, जिससे लोग अंधेरे में रहने को विवश हैं। विधायक ने त्वरित संज्ञान में लेते हुए 24 घंटे के अंदर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया।वहीं विधुत बहाल होने से भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष रीतलाल प्रसाद, भजयुमो उपाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद, जागेश्वर रजक, पंकज मास्टर, अजय कुमार, दारा प्रसाद, करू प्रसाद, सुरेश प्रसाद, लखन मास्टर, बूंदी लाल प्रसाद, अनुज कुमार, बजरंगी कुमार, अजीत कुमार, दीपू मंडल, जगदीश ठाकुर, अशोक प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद समेत अन्य लोगों ने इस कार्य के लिए विधायक को धन्यवाद कहा।

### बंद घर से नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात की चोरी

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कपका में बंद घर से चोरों द्वारा नगदी समेत लाखों रुपये के जेवरात की चोरी कर लेने का मामला सामने आया है। इस बाबत भुक्तभोगी ग्राम कपका निवासी सीताराम महतो ,पिता स्व दुखन महतो ने बरकट्ठा थाना में आवेदन दिया है। जिसमें लिखा है कि हमलोग परिवार समेत ग्राम पारवेलिया कोलियरी पुरुलिया, पश्चिम बंगाल में रहते हैं। मुझे पड़ोसी सोमर महतो ने 31 जुलाई की सुबह फोन कर सूचना दिया कि मेरे घर का ताला टूटा हुआ है।जिसके बाद आनन फानन में हमलोग अपने घर कपका गांव पहुंचे। घर के अंदर जाकर देखा कि कमरे में रखा 50 हजार रुपये नगद समेत सोने-चांदी के लगभग एक लाख रुपये की संपत्ति की चोरी कर ली गई है।उन्होंने कहा कि मेरे घर के बगल में बराबर जुआरियों का अड्डा लगा रहता है ।बरकट्ठा पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की छानबीन कर रही।

### अवैध बालू भंडारण को लेकर बरही थाना में छह पर प्राथमिकी दर्ज

**बरही।** बरही अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो के निर्देश पर राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक के द्वारा दिये गए आवेदन पर अवैध रूप से बालू भंडारण करने को लेकर बरही थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। दर्ज प्राथमिकी कांड संख्या 321/24 के तहत धारा 317(5), 3(5), बीएनएस एवं 21 एमएमआरडी एक्ट एंड 54 जेएमएमसी रूल एंड 9/13 झारखण्ड मिनिरल एक्ट को लेकर छः लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। दर्ज प्राथमिकी में इंद्रदेव साव पिता बासुदेव साव, गिरजा साव पिता विष्णुधारी साव, लुकन साव पिता शोधन साव, संतोष साव पिता शोधन साव, डालो साव पिता स्व. तालो साव, डालो साव पिता महावीर साव को अभियुक्त बनाया गया है। इस दौरान अंचलाधिकारी राम नारायण खलखो ने कहा कि एनजीटी के लागू होने के बाद अवैध रूप से बालू का भंडारण एक संगीन अपराध है।

**प्लस टू उच्च विद्यालय में झरोटेफ बरही प्रखंड कार्यकारिणी गठन को लेकर हुई बैठक**

# पंचायतों से एक-एक कार्यकारिणी सदस्य का चयन




*मथुरा प्रसाद अध्यक्ष, डॉ. सुनील यादव सचिव, रविकांत ओम बने प्रखंड कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
प्लस टू उच्च विद्यालय बरही में झरोटेफ बरही प्रखंड कार्यकारिणी गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में किशोरी महतो जिला सचिव उपस्थित रहे। प्रखंड के सभी विभागों के दर्जनों कर्मचारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति मथुरा प्रसाद को अध्यक्ष, डॉक्टर सुनील यादव को सचिव, रवि कांत ओम कोषाध्यक्ष, बमबम राम, कुमारी अमृता को संयुक्त सचिव, शिव कुमार राम, संजू कुमारी को उपाध्यक्ष चुना गया। साथ ही सुनील कुमार दिवेदी को प्रखंड संरक्षक बनाया गया। सभी पंचायतों से एक-एक कार्यकारिणी सदस्य चयन किए गए। इस दौरान अध्यक्ष मथुरा प्रसाद ने कहा कि 2018 से राज्य के सभी संवर्ग के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना की मांग को लेकर संघर्ष कर रहे थे, जिसे हेमंत सोरेन की सरकार ने पूरी की लेकिन कर्मचारियों की अपनी कमाई की राशि एनएसडीएल में जमा है जिसे वापस लाने के लिए आगे लंबी लड़ाई लड़ी जानी है। पुरानी पेंशन योजना लागू हो जाने के बाद कर्मचारी सो गए हैं उन्हें अपनी मांगो के प्रति जागरूक करने के लिए कर्मचारी चेतना जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। झरोटेफ ने ग्यारह सूत्री मांगों को लेकर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम तय किया है, जिसे पूरा करना प्रखंड कमिटी का दायित्व है। सुनील यादव ने कर्मचारियों को अधिक से अधिक जागरूक होने की जरूरत पर बल दिया। जबकि कोषाध्यक्ष रवि कांत ओम ने कोष संग्रह पर जोर दिया। अंत में सभाधक्ष्य शिव कुमार राम ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की। बैठक में किशोरी महतो, शिव कुमार राम, मथुरा प्रसाद, सुनील यादव, सुनील दिवेदी, सुभाष कुमार, रोशन कुमार, संजू कुमारी, सन्नी कुमार पासवान, जितेंद्र रविदास, बसंत सिंह, बसंत नारायण, तेजनारायण प्रजापति, अर्जुन पंडित, विजय कुमार राम सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

# राधा गोविंद विवि में आइबीएम स्किल्स बिल्ड का वर्कशॉप आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण के सेमिनार हॉल में गुरुवार को आइबीएम स्किल्सबिल्ड के द्वारा वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य छात्रों को नौकरी कौशल, पाठ्यक्रम और प्रमाणपत्रों के साथ तकनीक में अपने भविष्य को सशक्त बनाने के लिए निःशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. (डॉ.) निर्मल कुमार मंडल के स्वागत भाषण से प्रारंभ हुआ । उन्होंने कहा कि इस स्किल्सबिल्ड के मध्यम से छात्र अपनी योग्यता एवं व्यक्तिगत क्षमता का मूल्यांकन कर सकते हैं और अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने वर्कशॉप कार्यक्रम सफलता की हार्दिक शुभकामनाएं दी। कुलपति प्रो (डॉ )समरेंद्र नाथ साहा ने कहा कि आइबीएम प्लेटफार्म छात्रों को व्यक्तिगत कौशल निर्माण सहायक होगा। वर्कशॉप कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आदित्य कुमार (सीनियर इंगेजमेंट एसोसिएट रांची) ने आइबीएम स्किल्सबिल्ड कौशल निर्माण के बारे में विस्तार पूर्वक छात्रों को समझाया। मौके पर विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी, उपकुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार ने सफल वर्कशॉप कार्यक्रम की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अवनीश कुमार ने किया। साथ ही कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के संकायाध्यक्ष विभागाध्यक्ष,व्याख्यातगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### घरेलू विवाद में ससुर की मौत, हत्या करने का आरोप, जांच में जुटी बरही पुलिस



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंदगी गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट में बीते रात्रि बुधवार को बेंदगी निवासी बद्री रविदास उम्र लगभग 50 वर्ष की मौत हो गई। जिसे लेकर मृतक बद्री रविदास की पत्नी शकुंतला देवी बरही थाना में लिखित आवेदन देकर बताई है कि वह अपने मायके गई हुई थी। उनके पति और उनकी बहु घर में अकेले थी। उन्होंने आरोप लगाया है कि उनकी बहु उनके पति से अक्सर लड़ाई झगड़ा करती थी। बुधवार को उनकी बहु पूनम देवी, बहु की मां चिंदवा देवी पति स्व. शंकर रविदास, बहु का भाई संजय रविदास ग्राम बरगडा थाना कटकमसांडी, बहु की मौसी मालती देवी पति स्व. संतोष रविदास ग्राम रसोईया धमना थाना बरही ने काफी बुरा तरह से मारपीट कर घायल कर दिया और घर में रखे जेवर समेत नगद रुपया देकर फरार हो गए। घटना की सूचना पाकर रात्रि लगभग 7:30 बजे वह अपने घर आई तो देखी की घर का सारा सामान बिखरा पड़ा हुआ है और उनके पति अचेत अवस्था में पड़े हुए है। आनन फानन में उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल बरही में भर्ती करवाई तो चिकित्सकों ने उनके पति को मृत घोषित कर दिया।

### चौकीदार बहाली के तहत द्वितीय शारीरिक दक्षता परीक्षा का उपायुक्त ने किया निरीक्षण



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला अंतर्गत चौकीदार बहाली के तहत शेष रिक्त पदों एवं दावा आपत्ति के आधार पर 1 अगस्त 2024 को रजरप्पा मुख्य मार्ग (फोरलेन शुभारंभ) पर आयोजित द्वितीय शारीरिक दक्षता परीक्षा का उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने निरीक्षण किया। मौके पर उपायुक्त ने शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत चल रहे कार्य लंबाई जांच, रेस ट्रैक आदि का जायजा लेते हुए द्वितीय शारीरिक दक्षता परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को चौकीदार बहाली के तहत निर्धारित नियमों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ परीक्षा संपन्न करने का निर्देश दिया। वहीं, उपायुक्त ने द्वितीय शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग ले रहे सभी अभ्यर्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, नजारत उप समाहर्ता रविंद्र कुमार गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### खेलो विधानसभा फुटबॉल टूर्नामेंट में भाजपा नेत्री ने बांटा फुटबॉल



**हजारीबाग।** सदर विधानसभा क्षेत्र के कटकमसांडी एवं कटकमदाग प्रखंड के सभी पंचायतों के फुटबॉल टीम को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने फुटबॉल प्रैक्टिस के लिए एक-एक फुटबॉल भेंट किया। 04 अगस्त से खेलो विधानसभा हजारीबाग फुटबॉल टुर्नामेंट में फुटबॉल टीम की तैयारी को लेकर सभी पंचायत की टीमों को एक-एक फुटबॉल उपहार स्वरूप में दिया गया। इस दौरान श्रीमति गुप्ता कटकमदाग क्षेत्र के ग्रामीणों से रूबरू होकर जनसमस्याओं से भी अवगत हुई तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। मौके पर भाजपा नेत्री ने कहा कि पढाई के साथ- साथ खेल भी बहुत जरूरी है। इससे मानसिक संतुलन तथा शरीर भी स्वस्थ रहता है। मौके पर पूर्व विधायक प्रतिनिधि विशाल वाल्मीकि, रानी शुक्ला, रोमी मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद अकबर, खुटरा मुखिया मोहम्मद अनराउल हक, गदोखर मुखिया नारायण साव, कंचनपुर मुखिया पिंकी कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि अशोक राणा, लुपुंग मुखिया दिलीप कुमार पासवान, डांढ मुखिया चंदनी कुमारी, पास मुखिया परमेश्वर गोप सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### आवास योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर टोनी जैन ने अंचलाधिकारी से की मुलाकात



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के नेता टोनी जैन ने कटकमसांडी के अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी सविता कुमारी से गुरुवार को मुलाकात कर प्रखंड में प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आवंटित आवासों की राशि को जल्द से जल्द निर्गत करने का निवेदन किया।साथ ही कठौतिया ग्राम में सामुदायिक भवन को लेकर अंचल अधिकारी ने विश्वास दिलाया कि जल्द ही सामुदायिक भवन के लिए जो जमीन की परेशानी आ रही थी, उसे जल्द दूर कर दिया जाएगा। सामुदायिक भवन विधायक मद तथा जिला परिषद के माध्यम से टेंडर हो चुका है सिर्फ काम चालू करना । श्री जैन ने डाटो कला प्लस 2 हाई स्कूल जाकर स्कूल प्रबंधक तथा स्कूल में पढ़ रहे विद्यार्थियों से भी मुलाकात कर उनकी समस्याओं के जल्द निस्तारण का भरोसा दिलाया। इस दौरान टोनी जैन के साथ निर्मल साव ,दीपक यादव, सोनू गुप्ता, मुकेश मेहता ,मुकेश मंटू, स्कूल के प्रबन्धक और शिक्षक उपस्थित रहे।

### कांग्रेस प्रमंडलीय नेता डॉ आरसी मेहता ने दारू प्रखंड के दर्जनों गांवों का किया दौरा



**हजारीबाग।** कांग्रेस नेता पूर्व विधानसभा के उपविजेता डॉ आरसी मेहता ने दारू पंचायत के दर्जनों गांव का दौरा किया । इसी दरमियान झुमरा के सभा में डॉ मेहता ने कहा की झारखंड के विभाजन के बाद पहली बार झारखंड सरकार द्वारा झारखंडवासियों के हित के लिए दर्जनों सौगात दिया गया है । अबुवा आवास 2 लाख तक कृषि कर्ज माफी 200 यूनिट निशुल्क बिजली सोना सोबरण साड़ी धोती 21 से 51 वर्ष तक के महिलाओं को प्रति माह एक हजार रुपया पेंशन 51 से लेकर जीवन पर्यंत सभी वर्ग के महिलाओं को पेंशन संपूर्ण झारखंड में यात्री बस की सुविधा लाखों लोगों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ना बेरोजगारों को बोलोरो गाड़ी सब्सिडी पर पशुधन देना, झारखंड सरकार द्वारा हजारीबाग जिला वासियों को नगवा टोल टैक्स को संपूर्ण जिला वासियों के लिए फ्री करना। होमगार्ड को सहायक पुलिस का दर्जा देना पारा शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा देना।

# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति में शामिल हुए रवि महतो और संतोष टिडुवार



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति रामगढ़ इकाई अंतर्गत मांडू प्रखंड के गोसी निवासी व केन्द्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो और दुलमी निवासी व केन्द्रीय उपाध्यक्ष संतोष टिडुवार को केंद्रीय कोर कमेटी मे शामिल होने पर जेबीकेएसएस रामगढ़ इकाई शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करती है । इन दोनों के नेतृत्व में निश्चित तौर पर संगठन सशक्त एवं मजबूत बनेगी। जेबीकेएसएस/ जेकेएलएम के केन्द्रीय अध्यक्ष टाइगर जयराम महतो के विचारों को जन जन तक तथा सभी समुदाय के लोगों तक ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक पार्टी के प्रति समर्पित होकर अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे । जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा की रामगढ़ जिला में जहां भी मुआवजा या हक अधिकार की बात हुआ है उसमें केंद्रीय संगठन महामंत्री रवि कुमार महतो का बहुत ही सराहनीय योगदान रहा है । क्योंकि वे नियम ,कानून तथा संविधान की अच्छी जानकारी रखते है। फैक्ट्री, प्रबंधक, मैनेजमेंट तथा संबंधित पदाधिकारियों से नियम संगत बात कर हमेशा, गरीब, दबे ,कुचले शोषित, पीड़ित, वंचित तथा मजदूरों के हक अधिकार दिलाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। पार्टी में इनकी एक अलग ही पहचान है। रमेश ने कहा की रामगढ़ जिला मे जेबीकेएसएस रामगढ़ के द्वारा अभी तक लगभग 01 करोड़ 13 लाख का मुवावजा राशि दिलाया गया है जो काबिले तारिफ है। उन्हें केंद्रीय कमेटी में शामिल करने पर आभार व्यक्त करने में मुख्य रूप से राजेंद्र बेदिया, पनेश्वर महतो, जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो, सहदेव महतो, प्रभु दयाल महतो, शनि महतो ,रविंद्र महतो, नीतीश कुमार महतो ,राजेश महतो, प्रवीण महतो लालू महतो, चंदन महतो, विशाल महतो, हीरो महतो , प्रशांत चौधरी, प्रकाश कुमार महतो, जलेश्वर कुमार महतो ,विकास महतो ,राजेंद्र महतो, दिलीप बेड़िया ,राम बेदिया ,अजीत महतो, पवन महतो आदि शामिल हैं।

**किसान मोर्चा के संयोजक ने कहा कि बारिश के मौसम में बच्चों को सुरक्षित स्थान पर रखें**

# ठनके की चपेट में आने बच्चे की मौत

*वहीं दूसरी घटना कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांटों खुर्द निवासी चंदन रवानी की मृत्यु सड़क दुर्घटना में हो गयी*



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
विधानसभा के अंतर्गत इचाक थाना क्षेत्र के काला द्वार स्थित पार टांड़ में बैजनाथ साव के 12 वर्षीय पुत्र मेक्स कुमार की मृत्यु आकाशीय बिजली वज्रपात चपेट में आने के कारण से हो गयी। मृतक को पोस्टमार्डम के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जिसकी सूचना पाकर भाजपा किसान मोर्चा जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई सदर अस्पताल पहुंचे। अनूप भाई ने अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाया साथ ही अपने देख रेख में पोस्टमार्टम भी करवाया। उन्होंने कहा कि बारिश होने पर अपने आपको सुरक्षित रहें और अपने बचें को सुरक्षित स्थान पर रखें, जिससे कोई नुकसान न हो। बताया जाता है कि मृतक मैक्स कुमार अपने मां और भाई बहन के साथ धनिया का बीज लगाने में सहयोग कर रहा था तभी अचानक वज्रपात हुआ जिसके चपेट में मैक्स कुमार आ गया और मौके पर उसका मौत हो गयी। वहीं दूसरी घटना कटकमसांडी प्रखंड में गत बुधवार शाम 4 बजे के करीब कटकमसांडी थाना क्षेत्र के डांटों खुर्द निवासी चंदन रवानी पिता राजदेव राम उम्र 30 वर्ष का मृत्यु सड़क दुर्घटना से हो गई। भाजपा किसान मोर्चा जैविक कृषि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनूप भाई ने सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर ढाढस बंधाया साथ ही अपने देख रेख में पोस्टमार्टम भी करवाए तथा उनके निवास स्थान डांटों खुर्द पहुंचकर सांत्वना दिए, चंदन रवानी अपने साथ अपने 2 वर्षीय पुत्र , पत्नी, माता - पिता सहित पूरे भरे परिवार को छोड़ करकर दुनिया से विदा हो गए। जिस पर अनु भाई ने दोनों घर इतना होकर दुख व्यक्त किया और लोगों से आगरा किया कि जब बारिश होती है तो लोग सुरक्षित स्थान पर रहे और वाहन चलाते समय सावधानियां बर्फ है जिससे हमारी जान बच सकती है

# बरही प्रखंड में शिक्षक प्रशिक्षण के तृतीय बैच की हुई शुरूआत



*दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षण जरूरी है*

*द्वितीय दिवस में रूम टू रीड की जिला टीम से कार्तिक मुखर्जी, मीना प्रजापत और रंजीत भी प्रशिक्षण में शामिल हुए*

**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
झारखण्ड राज्य शिक्षा परियोजना और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के संयुक्त प्रयास से बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत 2 दिवसीय गैर आवासीय शिक्षक प्रशिक्षण का शुभारंभ बीआरसी बरही में किया गया। रूम टू रीड से प्रखंड समन्वयक अशोक सकलानी ने बताया कि चार चरणों में आयोजित होने वाले प्रशिक्षण में 112 विद्यालयों के हिंदी भाषा शिक्षण करवाने वाले शिक्षकगण शामिल हो रहे हैं। दक्ष प्रशिक्षकों के द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता के सभी घटकों, मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन समय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया जाना नियोजित है। दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने, घटकों को स्कैफोल्डिंग द्वारा विस्तार से प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि वे निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। साथ ही एफएलएन किट और सभी सहायक सामग्री शिक्षक संदर्शिका, नई किरण, प्राईमर कार्ड, पुस्तकालय की पुस्तकें का उपयोग करने, रूटीन के अनुसार पुस्तकालय कालांश में पठन गतिविधियों को संचालित करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस में रूम टू रीड की जिला टीम से कार्तिक मुखर्जी, मीना प्रजापत और रंजीत भी प्रशिक्षण में शामिल हुए। दक्ष प्रशिक्षकों की भूमिका में किशोरी महतो, तुलसी कुमार दास, मुनीलाल एवं मथुरा प्रसाद अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

**विशेष शिविर के माध्यम से नए मतदाताओं का हुआ सत्यापन**

# एसडीओ ने फुल देकर किया स्वागत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया. जिसके तहत नए मतदाताओं के पंजीकरण, वोटर कार्ड मोडिफिकेशन आदि के कार्य किए गए. उक्त जानकारी देते हुए बीडीओ सी आर इंदीवार ने बताया कि शिविर में 85 से अधिक नए मतदाताओं के पंजीकरण का सत्यापन हुआ. गुरुवार को लगाए गए विशेष शिविर में मुख्य रूप से अनुमंडल निवार्ची पदाधिकारी सह एसडीओ जोहन टुडू मौजूद रहे. उन्होंने स्वयं अपने हाथो से नए मतदाताओं को फूल देकर स्वागत किया. एसडीओ ने बताया कि लोकतंत्र में मत देना सभी का नैतिक कर्तव्य है. प्रत्येक मतदाता इसका पूरी जिम्मेवारी के साथ अपना कर्त्तव्य निभाएं. उन्होंने आम लोगो से अपील किया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य जारी है. किसी भी प्रकार की त्रुटि या नए पंजीकरण के लिए अपने क्षेत्र में बीएलओ या संबंधित कार्यालय से संपर्क करें. बीडीओ ने भीं लोगो को वोटर हेल्प ऐप की जानकारी देते हुए ऑनलाइन मतदाता सुधार या पंजीकरण की जानकारी दी. मौके पर बीपीआरओ सवाना मांझी और सहिया मौजूद थे

**पहल** नगर परिषद के बुढ़ाखाप में ट्रांसफार्मर के जल जाने से लोगों को हो रही थी परेशानी

# लोगों की समस्याओं को दूर करना ही आजसू का लक्ष्य : मनोज



*महतो ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर बुढ़ाखाप के लिए 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया*

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 स्थित बुढ़ाखाप में ट्रांसफार्मर जल जाने से बरसात के इस मौमस में लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था। लोगों ने अपनी परेशानी नगर परिषद के नवर्तमान उउपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो को बताया। जिसके बाद श्री महतो ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर बुढ़ाखाप के लिए 100 केबी का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। जिसका उदघाटन गुरूवार को बतौर मुख्य अतिथि नगर परिषद के निवर्तमान उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने फीता काटकर किया। मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों के हर सुख दुख में साथ रहना आजसू पार्टी की प्राथमिकता है और हम सभी पार्टी की इसी नीति और सिद्धांत पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को जो भी परेशानी हो हमें बताएं। हम उनकी समस्याओं को दूर करने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इस बात पर ध्यान दें की जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ हो। साथ ही कार्यकर्ता लोगों को पार्टी की नीति और सिद्धांतों से अवगत कराएं। मौके पर रमेश कुमार महतो, सुनील कुमार, नरेश महतो, नारायण महतो, विनोद कुमार महतो, पुनित महतो, इन्द्रनाथ महतो, गोविंद महतो, झंडू कुमार महतो, गजाधर महतो,मुन्ना कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का किया पुतला दहन



**रामगढ़।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार गुरूवार संध्या 5 बजे सुभाष चौक पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम में शामिल कार्यकर्ताओं ने हेमंत सोरेन मुदार्बाद हेमंत, हेमन्त सोरेन की तानाशाही नहीं चलेगी,रोजी-रोटी दे न सके वह सरकार निकम्मी है आदि का नारा लगाते हुए गुस्सा राज्य सरकार के विरूद्ध आक्रोश व्यक्त किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि भाजपा विधायकों को राज्य की हेमन्त सोरेन सरकार के इशारे पर जिस तरह विधानसभा में बंधक बनाकर उनका उत्पीड़न किया गया वह झारखण्ड सरकार के मनसूबे को जाहिर करता है। उन्होंने कहा की झूठ और धोखे से बनी यह सरकार जनता की आवाज दबाना चाहती हैं। भाजपा इसे कतई नहीं छोड़ने वाली है। कहा की हेमन्त सोरेन सरकार के इशारे पर विधानसभा को कब्जा कर वहां भाजपा विधायकों के मौजूद रहते विधानसभा की बिजली पानी कटवा दी गई। यह हेमन्त सरकार के तानाशाही रवैया को दशार्ता है। यह कांग्रेस युक्त सरकार अपने मनमाने रवैया से लोकतंत्र की हत्या करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## एक नजर

### महिला अपने बच्चे के साथ महाबुआंग बाजार से लापता



**बानो।** प्रखड के महाबुवांग थाना क्षेत्र के ग्राम सेमहातू बन्दरा टोली निवासी रूपा कुमारी अपने 3 वर्षीय बेटे राहुल लोहरा के साथ 23 जुलाई को महाबुआंग बाजार से लापता है ।घटना के विषय मे उसका पति पवन लोहरा ने महाबुआंग थाना में आवेदन देकर अपनी पत्नी गुमशुदगी सनहा दर्ज कराया है ।पवन लोहरा ने आवेदन देकर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार से खोजने की गुहार लगाई है। पवन ने बताया कि अपने स्तर से हर रिस्तेदारी में खोजबीन की लेकिन कुछ पता नही चला है ।उसके मायके बिंजामर्चा भी गए लेकिन वहां भी नही मिली। 29 जुलाई को विशाखापत्तनम से घर लौटा और खोज बिन किया पर कोई पता नही चल पाया।

### कांवरियों से भरी बोलेरो पेड़ से टकरायी, एक की मौत

**मरकच्चो ।** नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग स्थित मारुति चौक के समीप गुरुवार की सुबह कांवरियों से भरी बेकाबू वाहन पेड़ से टकरा गया। इससे वाहन में सवार एक कांवरिया की मौत हो गई। वहीं हादसे में तीन लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान हजारीबाग जिला के चंपाडीह निवासी 35 वर्षीय चंदन कुमार कसेरा के रूप मे की गई है। वहीं घायलों में विजय कुमार (30 वर्ष, पिता महेश मेहता हजारीबाग), संयोग पांडेय (37 वर्ष, पिता अखिलेश किशोर, हजारीबाग) और आकाश मेहता (40 वर्ष, पिता शिव शंकर मेहता, हजारीबाग) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार उक्त लोग श्रावणी मेला देवघर से पूजा अर्चना कर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान मारुती चौक के समीप चालक ने वाहन से अपना नियंत्रण खो गया और सड़क किनारे पेड़ से जा टकरा गया।

### हर वर्ष सेविका-सहायिकाओं का मानदेय बढ़ाने की मांग

**कोडरमा।** आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओं की विभिन्न मांगों को लेकर सीटू से संबद्ध झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी की अगआई में प्रतिनिधिमंडल जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से मिलकर ज्ञापन सौंप वार्ता की। डीएसडब्लूओ शिप्रा सिन्हा ने मांगों पर उचित कार्रवाई का भरोसा दिया। सात सूत्री मांगों में महिला एवं बाल विकास विभाग झारखंड सरकार की संकल्प संख्या - 2238,30 सितंबर 2022 के तहत हर साल सेविका सहायिका के मानदेय में क्रमशः 500 और 250 रुपए की बढ़ोतरी शीघ्र लागू करने, न्यूनतम मानदेय 26 हजार की करने, सावित्रीबाई फुले, सर्वजन पेंशन और झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए प्रति लाभुक कम से कम 250 रुपए प्रोत्साहन राशि सेविका को देने, बीएलओ के कामों से आंगनबाड़ी सेविका को मुक्त करने आदि शामिल है।

## साड़ी के फंदे में झूलता मिला महिला का शव, हत्या का आरोप



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** थाना क्षेत्र के गड़ीयाजोर में बुधवार शाम को एक विवाहिता ने अपने ही घर में फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार ललीता बाई उम्र 22 वर्ष निवासी चटकपुर थाना दुलदुला छह गढ़ का विवाह करीब तीन वर्ष पूर्व गड़ियाजोर निवासी परमानन्द राम के साथ हुआ था। वहीं मृतका की मां कृष्णा बाई ने न्याय की गुहार लगाते हुए कुरडेग थाना में आवेदन देते हुए बताया कि मेरा दामाद परमानन्द राम जमीन और मोटर साइकल की मांग करते हुए हमेशा मेरी बेटी को प्रताड़ित करता था ।हम लोग गरीबी के कारण दहेज में की गइ मांग को पूरा नही कर सके। इसी बीच बुधवार को शाम लगभग 4-10 बजे मेरी बेटी की हत्या कर आत्म हत्या का रूप देने के लिए धरना में टांग दिया और हम लोग को फोन कर बताया कि आपकी बेटी आत्म हत्या कर ली है ।हम लोग गड़ियाजोर पहुंच कर आनन फानन में कुरडेग अस्पताल लाये जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपी परमानन्द को गिरफ्तार कर लिया गया है और शव पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगा कि आत्हत्या है या फिर हत्या फिलहाल पुरे मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## कुरडेग प्रखंड कार्यालय में 150 बच्चों के बीच किया गया साइकिल वितरण



**नवीन मेल संवाददाता। कुरडेग** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कल्याण विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023---2024 के सभी सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले वर्ग आठवीं के एसटी एसी ,ओबीसी एवं अल्पसंख्यक छात्र छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण की शुरूआत की गई। इस मौके पर जिप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा उपप्रमुख अजय जयसवाल, बीडीओ ठाकुर गौरी शंकर शर्मा, सीओ किरण डांग, कुरडेग मुखिया उर्मिला कुजूर बीपीओ देशबन्धु शास्त्री उपस्थित थे।प्रखंड में कुल 407 साईकिल बांटने का लक्ष्य है जिसमें पहला दिन 150 छात्राओं के बीच साईकिल वितरित किया गया। बाकी दूसरे दिन बांटा जाएगा।मौके पर बीडीओ ने कहा कि छात्र छात्राओं को साईकिल मिलने से स्कूल आने जाने में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि जीवन के प्रगति के लिए गति चाहिए और यह गति साइकिल से मिलती है ।साइकिल का पहिया जीवन के प्रगति का प्रतीक एवं उन्नति का प्रतीक है। साइकिल पर्यावरण का दोस्त भी है इससे प्रदूषण नहीं होता है। साइकिल चलाने से शारीरिक कसरत भी होता है। साईकिल पाकर बच्चे खुश नजर आये।

### सिमडेगा में भाजपा ने किया हेमंत सोरेन का पुतला दहन

**सिमडेगा।** भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा के द्वारा झुलनसिंह चौक में हेमंत सोरेन का आक्रोश पूर्वक पुतला दहन किया गया। झारखंड विधानसभा में मानसून सत्र के दौरान 18 भाजपा विधायकों को निलंबित किया गया. यह घोर निंदनीय है और काला अध्याय के रूप में है. जनता की आवाज को मानसून सत्र के दौरान विधानसभा में रखने से भाजपा विधायकों को रोका गया। यह राज्य सरकार की विफलता का नतीजा है। राज्य में आदिवासियों पर हो रही अत्याचार, दुष्कर्म जैसी घटनाओं पर सरकार मोनधारण करके बैठी है। राज्य की बहनझबेटी खुद को असहज महसूस कर रही है। बेखोफ मर्डर की घटनाएं चरमसीमा पर है, सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह शिथिल हो चुकी है।

### विस में खड़िया भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की सरकार से की मांग

## खड़िया समाज के बच्चे अपनी भाषा से कोसों दूर



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मानसून सत्र में खड़िया भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने की जोरदार तरीके से आवाज उठाई है। विधायक ने सरकार से खड़िया भाषा को जल्द आठवीं अनुसूची में शामिल करते हुए स्कूलों एवं कॉलेजों में अनिवार्य रूप से खड़िया भाषा की पढ़ाई शुरू कराने की मांग की है। विधायक ने सरकार को बताया कि राज्य में खड़िया भाषा बोलने वालों की संख्या लाखों में है। पर आज तक खड़िया भाषा को आज तक आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। खड़िया भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल नहीं करने से आज खड़िया भाषा विलुप्ति के कगार पर है। खड़िया समाज के बच्चे और युवा खड़िया भाषा से कोसो दूर हैं। पूर्व की सरकार द्वारा आज तक इस दिशा में कोई पहल नहीं किये जाने से आज खड़िया समाज के बहुत से युवा एवं बच्चे खड़िया भाषा नहीं जानते हैं जो दुर्भाग्य है। विधायक ने बताया कि राज्य के सिमडेगा जिला के अलावे गुमला, रांची, खुंटी सहित कई जिले में लाखों की तादात में खड़िया भाषा बोलने वाले लोग निवास करते हैं। विधायक ने खड़िया भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करते हुए हो, संथाल, कुडुख भाषा के साथ साथ खड़िया भाषा की भी पढ़ाई स्कूलों एवं कॉलेजों में अनिवार्य रूप से लागू करने की मांग की है। ताकि खड़िया भाषा सुरक्षित रहे। साथ ही समाज के लोग खड़िया भाषा को जान सके।

### सिमडेगा उपायुक्त में पर्यटन स्थल दनगद्दी व लेटबेड़ा बूथ का किया निरीक्षण

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने बोलबा प्रखंड अंतर्गत दनगददी पर्यटन स्थल एवं लेटाबेड़ा बूथ नंबर 246, 247 व पकरबहार बूथ नंबर -261 का भ्रमण कर निरीक्षण किया। बूथ निरीक्षण के क्रम में उन्होंने द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम- 2024 से संबंधित कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने बीएलओ द्वारा फार्म कलेक्शन कर फार्म का डिजिटाइजेशन करने से संबंधित कार्यों की समीक्षा किया गया। उपायुक्त महोदय ने निर्देशित किया कि हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन के लिए जाने के दौरान बीएलओ को अधिक से अधिक संख्या में फार्म - 6 प्राप्त करने की बात कहीं ।ए.एस.डी. वोटर्स सूची में चिन्हित मतदाताओं का ससमय फार्म-7 एवं ब्लैक एंड वाइट फोटो बदलने समेत अन्य कार्यों के लिए फार्म - 8 भरकर ससमय त्रुटि रहित मतदाता सूची बनाने की बात कहीं। हाउस टू हाउस वेरिफिकेशन कार्य के लिए जाते हैं तो प्राप्त बीएलओ रजिस्टर पर मतदाताओं से हस्ताक्षर अवश्य करायें। साथ ही उपायुक्त महोदय द्वारा दनगददी पर्यटन स्थल का निरीक्षण कर पर्यटन की सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों का अवलोकन किया।


## जंगली हाथियों का आतंक, गरीब के आशियानों को किया ध्वस्त



**नवीन मेल संवाददाता। बानो** प्रखंड के तारोप गांव में जंगली हाथी ने एक घर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घर मे रखे अनाज को खा गया। घटना के संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार जंगली हाथी तारोप गांव पहुंच गया तथा कलावती देवी के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया तथा घर मे रखे अनाज को भी खा गया. घटना की जानकारी होने पर वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पहुंच कर क्षति पुर्ति की जानकारी लिया। गौरतलब हो जिले में लगातार जंगली हाथियों का आतंक 4 वर्षों से जारी है और जंगली हाथियों के झुंड के द्वारा लोगों के घरों को तोड़ने के साथ-साथ घर में रखे अनाज एवं सामानों को भी नष्ट कर रहे हैं जिसकी वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है खासकर बारिश के दिनों मे घर को तोड़ देने में उन्हें रहने में काफी दिक्कत होती है।

### स्कूली बच्चों की थाली से गायब हो रहे हैं पौष्टिक आहार

## हरी सब्जी के जगह परोसा जाता है मटर, आलू और सोयाबीन




नवीन मेल संवाददाता। जलडेगा मिड डे मील को लेकर सरकार बड़े-बड़े दावे करती है। सरकारी स्कूलों में बच्चों के मील में पौष्टिक आहार के लिस्ट बनाए जाते हैं। हरी सब्जी, फल और अंडा जैसी कई अन्य खाने की चीजों को मील में जोड़ने के वादे किए जाते हैं, पर इनमें से शायद ही कोई चीज बच्चों को मिलती है। जलडेगा में अधिकांश स्कूलों पर बच्चों को गुणवत्ताहीन भोजन वितरित किया जा रहा है। इसका खुलासा गुरुवार को हुआ जब मीडिया की टीम ने जलडेगा प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाकों के सात विद्यालयों का जायजा लिया। बच्चों को पौष्टिक आहार देने हेतु सरकार की ओर से मैन्यू भी निर्धारित किया गया है, लेकिन दोपहर का भोजन बनाने एवं वितरण करने वाले लोग मैन्यू को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन भोजन ही बच्चों को परोस रहे हैं। वहीं कुछ बच्चों की माने तो उनके थाली में भोजन सिर्फ एक बार ही दिया जाता है, दोबारा मांगने पर भोजन की जगह फटकार मिलती है। गुरुवार को गुरु गोष्ठी होने के कारण किसी भी स्कूल में प्रधानाध्यापक नहीं होने के कारण स्कूल में उपस्थित सहयोगी शिक्षक इस मामले पर कुछ जवाब नही दे पाए।

### हरी सब्जी के जगह किसी ने सिर्फ चावल - दाल परोसा तो किसी ने आलू भुजिया, चोखा, मटर और सोयाबीन खिलाया

गुरुवार को मीडिया टीम ने जिस सात स्कूलों का जायजा लिया इस दौरान राजकीयकृत मध्य विद्यालय सुखाझरिया में निर्धारित समय से पहले ही बच्चों को सिर्फ चावल - दाल परोसा गया था यहां बच्चों की थाली से हरी सब्जी गायब मिली यहां तक कि दाल के अलावा और कोई सब्जी नही था ।इसी तरह उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगसपुर में सोयाबीन बरी, उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लक्षणपुर सोयाबीन बरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय परबा में मटर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पोमिया में आलू चोखा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिहरमुंडा में आलू भुजिया, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेंदोसेरा में आलू भुजिया परोसा गया था।

### क्या है मध्याह्न भोजन का मेनू

सोमवार को - 1 उबला अंडा/सेव/केला, चावल, दाल एवं हरी सब्जी
मंगलवार को - मूढ़ी, अंकुरित चना एवं गुड़, चावल, छोला या चना सब्जी
बुधवार को - बिस्कुट 2, भेज पुलाव/चावल, दाल, हरी सब्जी
गुरुवार को - बिस्कुट 2, चावल, दाल, हरी सब्जी
शुक्रवार को - 1 उबला अंडा/संतरा/केला, चावल, दाल एवं हरी सब्जी
शनिवार को - खिचड़ी/फ्राई राइस (हरी सब्जी एवं सोयाबीन बड़ी युक्त) आचार एवं पापड़ आदि शामिल हैं।

### तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र का उद्घाटन

**चंदवारा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवारा में गुरुवार को तंबाकू नशामुक्ति केंद्र का उद्घाटन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अनीश कुमार सिन्हा ने किया। मनोवैज्ञानिक गणेश कुमार दास ने बताया कि तंबाकू नशा मुक्ति के लिए इस केंद्र का शुभारंभ किया गया है, जहां तंबाकू, गुटखा, खैनी, सिगरेट आदि नशा से ग्रसित लोगों का इलाज किया जाएगा। वैसे लोग जो इस नशे का लत को नहीं छोड़ पा रहे हैं, उन्हें निःशुल्क दवा के साथ परामर्श भी दिया जाएगा। प्रत्येक महीने के प्रथम गुरुवार को तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र का संचालन किया जाएगा।

## न्यूज बॉक्स

### सच्चिदानंद पांडेय के ध्यानाकर्ष के बाद शुरू हुआ सड़कों का मरम्मति कार्य



**हजारीबाग।** जर्जर सड़क को लेकर सचिदानंद पांडेय द्वारा सांकेतिक आंदोलन करने के ध्यनाकर्ष के उपरांत नगर निगम द्वारा तत्काल शहर के सभी गड्ढों की भराई और मरम्मत शुरू कर दी गई है ।इससे आने जाने वाले जनता टेंपू टोटो रिक्शा गाड़ी सभी को सहूलियत होगी श्री पांडेय ने कहा की यह सड़क मरम्मत से जनता को तो जरूर आवागमन में राहत मिलेगा पर आवश्यकता है सड़क को पूरे पिच वाली सड़क की। शहर के कई अच्छे सड़क को दुबारा अच्छा से पिच रोड बनाया गया पर खराब सड़को और शहर के बयस्ततम सड़को को क्यों नहीं बनाया गया यह समझ से परे है ।खैर मेरे आंदोलन पर शहर की जनता के लिए प्रशासन सड़क मरम्मत कर तत्काल राहत दी है। इसके लिए नगर निगम का आभार।

### बानो प्रखंड कार्यालय में प्रखंड कर्मियों की हुई बैठक



**बानो।** प्रखंड कार्यालय के सभागार मे प्रखंड विकास पदाधिकारी नईमुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता मे प्रखंड कर्मियो की बैठक हुई । बैठक मे पंचायत मे संचालित विभिन्न योजना का सभीक्षा किया गया ।लंबित योजना को जल्द पुरा करने का निर्देश दिया गया ।अबुआ आवास योजना के बारे समीक्षा करते हुए जल्द पुरा करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पंचायत सचिव राहुल कुमार, अजय सिंह, देवीलाल ओहदार, संजय डांग, वासुदेव साहु, आशुतोष कुमार,त्रिवेणी प्रसाद , अरविंद कुमार झा आदि लोग उपस्थित थे।

### बोलबा में गुरु गोष्ठी का किया गया आयोजन



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में गुरु गोष्ठी का किया गया आयोजन। इस मौके पर बीपीओ मनमोहन गोस्वामी की अगुवाई में गुरुगोष्ठी का आयोजन किया गया ।उन्होंने विद्यालय के बच्चों के लिए साईकिल वितरण पर निर्देश दिए वही क्लास वाइस प्रोग्रेशन पर दिशा निर्देश दिए गया। वहीं पीरामल फाउंडेशन के आशीष कुमार ने प्रोजेक्ट संबृधि योजना के बारे में जानकारी दिया। उन्होंने सावित्री फुले बाई योजना से भी बच्चो को छात्रवृति मिलने की जानकारी सभी विद्यालय प्रधानों को दी गई। रिसोर्स शिक्षक रोहित कुमार के द्वारा बताया गया कि 13अगस्त को बीआरसी में दिब्यांग जांच सह वितरण शिविर का भी आयोजन किया जाएगा ।मौके पर रंजीत कुमार, सोनी देवी, रामानंद कुमार, बी सिंह के साथ विद्यालय प्रधान तपेश्वर प्रसाद, ललित प्रसाद, सुशीला कुल्लू एवम अन्य विद्यालय प्रधानों उपस्थित थे ।

### जहरीले सांप के काटने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत



**बोलबा।** बोलबा प्रखंड के पोंडखर गांव में जहरीले सांप काटने से एक पांच वर्षीय बच्ची की। इलाज के। क्रम में गुरुवार को मौत हो गयी। घटना के संबध में मिली जानकारी के अनुसार पोंडखर गांव की 5 वर्षीय बच्ची परिणीति डूंगडू अपनी दादीमां के साथ जमीन पर सोया था रात में जहरीले सांप ने काट दिया प्रातः 4 बजे उसके परिजनों ने देखा और बड़ा सा करैत सांप को मार डाला। घटना के बाद उसके परिजनों ने बच्ची को ईलाज के लिए झाड़-फूंक करने वाले ओझा-गुनी के पास ले गया । जब स्थिति गंभीर होने लगा तब 9 बजे इलाज के लिए बोलबा अस्पताल लाया गया। मौके पर डॉक्टर के द्वारा उसकी स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिया। सदर अस्पताल सिमडेगा लाने के साथ ही डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया ।मामले की जानकारी सिमडेगा पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मृत बच्ची के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करते हुए परिजनों को सौंप दिया ।बताया गया कि मृतिका बच्ची के माता-पिता दिल्ली में रहकर काम करते हैं और बच्ची अपने दादी के साथ गांव में रहती थी।

### योजना का लाभ

### विधिक सेवा प्राधिकार ने दिव्यांग बच्चों के लिए चलाया विशेष अभियान

## बच्चों को सरकारी सुविधा पहुंचाने की हो रही कार्रवाई

*उक्त बच्चों को अब तक किसी प्रकार का न तो सरकारी सुविधा उपलब्ध हो पायी है और न ही उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र मिला है*



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश के आलोक में दिव्यांग बच्चों के लिए 45 दिनों का विशेष अभियान जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के तत्वावधान में चलाया जा रहा है। इस अभियान का आयोजन 15 जुलाई से 26 अगस्त तक कि जा रहा है। इस कम में दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें दिव्यांगता स प्रमाण पत्र, सरकारी योजनाओं का लाभ एवं अन्य लाभ प्रदान किया जाना इस संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक स प्राधिकार, सिमडेगा राजीव कुमार सिन्हा के एवं मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, सिमडेगा के अंतर्गत कार्यरत पारा लीगल वॉलेंटियर्स के द्वारा अपने अपने क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों एवं कस्बों में जाकर दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया जा रहा है। अब तक पारा लीगल वॉलेंटियर्स के द्वारा कुल 45 दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर इसकी सूचि जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के कार्यालय में उपलब्ध करायी गई है। उक्त बच्चों को अब तक किसी प्रकार का न तो सरकारी सुविधा उपलब्ध हो पायी है और न ही उन्हें दिव्यांगता प्रमाण पत्र मिला है। इसके अतिरिक्त शिक्षा विभाग द्वारा कुल 184 दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उसकी सूचि जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिमडेगा के कार्यालय में उपलब्ध करायी गयी है। साथ ही उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ दिये जाने की कार्रवाई की जा रही है।

### छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के कार्यों का किया अवलोकन

**सिमडेगा।** सामाजिक एवं साँस्कृतिक संस्था लोक सेवा समिति के केन्द्रीय अध्यक्ष मो० नौशाद आज सिमडेगा जिला स्थित पार्वती शमी इंटर महिला कालेज में चल रहे छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र का अवलोकन किया. इस क्रम में उन्होंने भारखण्ड की कला संस्कृति, भाषा को बचाने के लिये युवतियों को आगे आने की बात कही.उन्होंने युवतियों को मांदर नगाड़ा बजाते देख खुशी जाहिर की. साथ ही उन्होंने विलुप्त हो रही अखरा को बचाने के लिए सिमडेगा के युवाओं को आगे आने की बात कही. उनके सिमडेगा आगमन पर छोटानागपुरी लोक संगीत प्रशिक्षण केन्द्र के निदेशक सह पार्वती शमी इंटर महिला के प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर द्वारा शॉल देकर उन्हें सम्मानित किया गया।

## रिक्त पड़े उर्दू शिक्षकों के पदों पर जल्द करें बहाली : विधायक

*विधायक ने उर्दु शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी रिक्त पदों पर जल्द उर्दु शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। ताकि उर्दु छात्र उर्दु की पढ़ाई से वंचित न रहे*



**नवीन मेल संवाददाता।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने मुस्लिम अल्पसंख्यकों की बहुप्रतीक्षित मांग को विधान सभा के मानसून सत्र में जोरदार ढंग से उठाते हुए सिमडेगा जिला वर्षों से रिक्त पड़े उर्दु शिक्षकों के पदों पर जल्द बहाली कराने की मांग सरकार से की है। विधायक ने सत्र में कहा कि जिले के मध्य एवं माध्यमिक विद्यालयों में सृजित उर्दु शिक्षकों के रिक्त पद पर उर्दु शिक्षक कार्यरत नहीं रहने के कारण उर्दु पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं उर्दु की पढ़ाई से वंचित हो रहे हैं। विधायक ने उर्दु शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सभी रिक्त पदों पर जल्द उर्दु शिक्षकों की नियुक्ति करने की मांग की है। ताकि उर्दु छात्र उर्दु की पढ़ाई से वंचित न रहे। जिले में उर्दू शिक्षकों के अभाव में उर्दू भाषी स्टूडेंट्स भी उर्दू की शिक्षा नही ले पा रहे है। जिले में उर्दू मध्यविद्यालय तो है लेकिन उर्दू पढ़ाने वाले शिक्षक ही नहीं हैं। जिले में नाम के उर्दू विद्यालय रह गए हैं। विधायक श्री बाड़ा ने इस मुद्दे पर शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों से भी जिले में खाली पड़े उर्दू शिक्षकों की संख्या की मांग की है,साथ ही कहा है कि अधिकारी अपने स्तर से इस मुद्दे पर त्वरित करवाई सुनिश्चित कराएं।

# जब बीच सड़क पर ही बच्चों को पढ़ाने लगे पूर्व विधायक राजकुमार

## अधिकारियों के छूटे पसीने





**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

एक साल पहले स्कूल का भवन गिर गया। भवन गिरने के बाद इसे फिर से बनाने का आश्वासन दिया गया, लेकिन इस दिशा में आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई। बच्चों को पढ़ाई के लिए पास के स्कूल में स्थानांतरित कर दिया गया। इस मुद्दे को लेकर कई बार विभाग से शिकायत की गई और भवन बनाने की मांग की गई।

जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो इलाके के पूर्व विधायक राजकुमार यादव बच्चों को लेकर सड़क पर उतर आए और बच्चों को सड़क पर ही पढ़ाना शुरू कर दिया। यह मामला गावां प्रखंड के अमतरो पंचायत का है। गुरुवार को यहां बच्चों को सड़क पर ही पढ़ाई करानी शुरू कर दी गई। धनवार के पूर्व विधायक और भाकपा माले नेता राजकुमार यादव के नेतृत्व में यह आंदोलन किया गया।

**▸ क्या है पूरा मामला**

यहां बताया गया कि अमतरो पंचायत के प्रावि अमतरो का भवन काफी जर्जर स्थिति में था। एक साल पहले भवन गिर गया था। सरकार से लगातार भवन बनाने की मांग की जा रही थी। लेकिन अब तक भवन नहीं बन पाया है। इसके बदले यहां के बच्चों को उत्क्रमित मध्य विद्यालय साढ़ा में शिफ्ट कर दिया गया। इसके बाद आश्वासन दिया गया कि जल्द ही भवन बन जाएगा और बच्चे अपने पुराने स्कूल में ही पढ़ाई करने लगेंगे। ऐसा नहीं हुआ। ऐसे में पूर्व विधायक ने आंदोलन शुरू कर दिया।

**▸ आंदोलन की सूचना पर पहुंचे अधिकारी**

आंदोलन शुरू करने से पहले पूर्व विधायक ने प्रशासन को लिखित सूचना दी। कहा गया कि अगर भवन का निर्माण नहीं हुआ तो बच्चे सड़क पर ही पढ़ाई करेंगे। प्रशासन स्तर पर जब कोई पहल नहीं हुई तो पूर्व विधायक गुरुवार की सुबह नौ बजे बच्चों के साथ सड़क पर बैठ गए। सूचना मिलने पर बीडीओ, सीओ और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और पूर्व विधायक को समझाने का प्रयास किया लेकिन राजकुमार यादव ने साफ कह दिया कि जब तक इस समस्या का समाधान नहीं हो जाता, तब तक बच्चे सड़क पर ही पढ़ाई करेंगे।

**▸ क्या कहते हैं पूर्व विधायक**

पूर्व विधायक राजकुमार यादव इस कुव्यवस्था के लिए सांसद सह केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधायक बाबूलाल मरांडी, स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराते हैं। उनका कहना है कि भवन निर्माण की मांग बार-बार की गई, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में तत्कालीन डीसी राहुल कुमार सिन्हा को जर्जर भवन दिखा कर नए भवन बनाने का मांग किया गया था। लेकिन कोई नही सुने जिसके बाद आज हमलोगो ने सड़क पर विद्यालय चलाने को मजबूर हो गए। उन्होंने कहा कि 15 दिनों के अंदर अगर जमीन व फंड मुहैया नही किया गया तो पुनः सड़क पर विद्यालय चलाया जाएगा साथ ही प्रखंड मुख्यालय में धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

**▸ 15 दिनों के भीतर दिया जाएगा जमीन- सीओ**

गावां सीओ अविनाश रंजन ने स्थल पर पहुँचकर 15 दिनों के अंदर जमीन मुहैया करवाने का आश्वासन दिया जिसके बाद कार्यक्रम को खत्म कर दिया गया। मौके पर बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ अविनाश रंजन, थाना प्रभारी महेश चंद्र, बीईईओ तितुलाल मण्डल, प्रखंड सचिव नागेश्वर यादव, जिप सदस्य पवन कुमार चौधरी, अशोक मिस्त्री, अखलेश यादव, गंगाधर पांडेय, अनिल कुमार, अभिमन्यु रजवार, मेवालाल, विजय चौधरी, अमित बरनवाल, नवीन कुमार समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कमल किशोर भगत गरीबों, वंचितों और शोषितों के सशक्त आवाज थे: युवा आजसू

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी और लोहरदगा के पूर्व विधायक कमल किशोर भगत की जयंती पर युवा आजसू के पदाधिकारियों ने आजसू पार्टी केंद्रीय कार्यालय में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह ने कहा, कमल किशोर भगत गरीबों, वंचितों और शोषितों की सशक्त आवाज थे। उनका पूरा जीवन समाज के सभी वर्गों की सेवा और समर्थन में समर्पित था। झारखंड अलग राज्य आंदोलन में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। सभा में उपस्थित युवा आजसू के पदाधिकारियों ने कमल किशोर भगत के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। गौतम सिंह ने कहा कि स्व. कमल किशोर भगत (बबलू दा) के आदर्श और उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे कमल किशोर भगत के संघर्ष और सेवा के मार्ग पर चलकर समाज के वंचित और शोषित वर्ग की आवाज बनें। इस अवसर पर युवा आजसू के प्रदेश संयोजक गौतम सिंह, रांची जिला सह प्रभारी नीतीश सिंह, राहुल तिवारी, नगर संयोजक अभिषेक शुक्ला, विशाल यादव, बिपिन कुमार, मनोज कुमार, सौरभ , अनुज, आदित्य आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल रानीचुआं से कांवड़ यात्रा 18 को

**रांची।** स्वर्णरेखा नदी के उद्गम स्थल नगड़ी के रानीचुआं से निकलकर चुटिया स्थित प्राचीन इक्कीसो महादेव मंदिर तक कांवड़ यात्रा निकाली जायेगी। करीब 25 किलोमीटर की इस कांवड़ यात्रा में 1000 से अधिक कांवड़िए रानीचुआं से जल उठाकर पैदल इक्कीसो महादेव में आकर नागवंशी कालीन शिवलिंगों पर जलाभिषेक करेंगे। स्वर्णरेखा नदी को प्रदुषण मुक्त करने और प्राचीन इक्कीसो महादेव के संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने और सरकार का ध्यान आकृष्ट करने के उद्देश्य से स्वर्णरेखा उत्थान समिति द्वारा 18 अगस्त को कांवड़ यात्रा आयोजित की जा रही है। कांवड़ यात्रा का उद्देश्य तेजी से प्रदूषित हो रही स्वर्णरेखा नदी के प्रति लोगों को जागरूक और संवेदनशील बनाना है। पिछले वर्ष भी स्वर्णरेखा उत्थान समिति द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया था। यात्रा में शामिल होने के लिए गौतम देब से 9031759056 और मनोज महतो से 6200840818 पर संपर्क किया जा सकता है। यात्रा में कांवड़िए रानीचुआं से जल उठाकर प्रातः 9 बजे यात्रा की शुरूआत करेंगे। यात्रा नगड़ी, कटहल मोड़, अरगोड़ा चौक, अशोक नगर, क्लब रोड, सिरम टोली, चुटिया होते हुए केतारी बागान स्थित हरमू और स्वर्णरेखा नदी के संगम स्थित इक्कीसो महादेव तक पहुंचेगी। यात्रा में कांवड़ियों के विश्राम के लिए 4 पड़ाव तय किए गए हैं इनमें पहला नगड़ी स्थित स्वर्णरेखा बैंक्वेट हॉल, दूसरा कटहल मोड़, तीसरा अरगोड़ा स्थित बूढा महादेव और चौथा अंतिम पड़ाव क्लब रोड स्थित सिटी सेंटर में होगा। यहां डॉ. सुमन दुबे के नेतृत्व में मां फाउंडेशन की टीम कांवड़ियों के लिए विश्राम और चिकित्सा की व्यवस्था करेंगे। चुटिया स्थित स्वर्णरेखा और हरमू नदी के संगम की चट्टानों पर 21 शिवलिंग उत्कीर्ण है। यह शिवलिंग करीब 500 वर्ष पुराने हैं और पूर्व नागवंशी राजा फनीमुकुट राय द्वारा बनवाया गया था।

# ट्रक और कार की टक्कर में एक ही परिवार से पांच घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

तारा टांड थाना क्षेत्र के बडकीटांड मोड़ के समीप सड़क दुघर्टना में एक ही परिवार के पांच व्यक्ति घायल हो गए. जानकारी के अनुसार गिरिडीह -धनबाद मुख्यमार्ग के बडकीटांड मोड़ के समीप ट्रक व कार की जोरदार टक्कर हो गयी। हादसे में एक ही परिवार के पांच व्यक्ति दीनदयाल वर्णवाल ,उसकी पत्नी बेटी गुड़िया देवी,और दामाद तथा पोता घायल हो गए जिसमें दीनदयाल के नाती की हालत गंभीर है।जिसका इलाज दुगार्पुर में चल रहा है। सभी परिजन झाझा से कार में सवार होकर गिरिडीह होते हुए आसनसोल जा रहे थे।इस बीच स्पंज लोड ट्रक से जोरदार टक्कर हो गयी।घटना के बाद पंडरी के ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पहुंची और ग्रामीणों की सहयोग से घायलों को सदर अस्पताल गिरिडीह भेजा। पुलिस ने ट्रक व कार को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।


**कार्यालय: राँची नगर निगम, राँची**
(बाजार शाखा)
कचहरी रोड, राँची, पिन नं०- 834001
E-mail ID- support@ranchimunicipal.com

पत्रांकः–423 / बा०शा०                    दिनांकः– 01.08.2024

**इच्छा की अभिव्यक्ति**

1. राँची नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न चौक–चौराहों के सौंदर्यीकरण करने के लिए CPSE/SPSE (Central Public Sector Enterprises / State Public Sector Enterprises) /RWA/NGO/Local Agency का चयन किया जाना है।
2. इच्छुक CPSE/SPSE /RWA/NGO/Local Agency को प्रत्येक चौक का सौन्दर्यकरण प्रस्ताव तैयार कर राँची नगर निगम कार्यालय में समर्पित करना होगा। जिनका सौन्दर्यकरण प्रस्ताव सर्वप्रिय होगा संबंधित चौक के सौन्दर्यकरण का कार्य आवंटित किया जाएगा।
3. चयनित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency को आवंटित चौक चौराहों का सौंदर्यीकरण एवं रख–रखाव 01 वर्ष के लिए दिया जाएगा। सौन्दर्यकरण एवं रख–रखाव का कार्य संतोशप्रद रहने के स्थिति में इसे भविश्य में अवधि विस्तार दिया जा सकेगा।
4. चयनित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency द्वारा समर्पित सौन्दर्यकरण प्रस्ताव के अनुरुप ही निर्धारित समय में कार्य सम्पन्न करना होगा। बिना राँची नगर निगम, राँची से पूर्व अनुमति के कोई भी अतिरिक्त कार्य या चौक–चौराहों के आधारभूत संरचना में कोई भी परिवर्त्तन करने पर एकरारनामा रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी।
5. चयनित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency अपने संस्था का नाम रांची नगर निगम के साथ संयुक्त रुप से अंकित कर सकता है। चौक–चौराहा / गोलम्बर में किसी अन्य प्रकार का व्यवसायिक प्रचार–प्रसार नहीं किया जा सकता है।
6. EMD की कुल राशि 01 लाख रुपये एवं Tender Fee 5000 / –रु० जमा करना होगा।
7. चयनित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency का कार्य संतोशजनक पाए जाने पर इस अवधि को भविश्य में विस्तार दिया जाएगा। इस संबंध में प्रशासक, राँची नगर निगम, राँची का निर्णय अंतिम होगा। कार्य अवधि के दौरान कार्य संतोशजनक नहीं पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से आवंटन रद्द करने का अधिकार प्रशासक, राँची नगर निगम, राँची के पास होगा तथा EMD जब्त कर लिया जाएगा।
8. किसी भी CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency को अधिकतम 3 चौक–चौराहा / गोलम्बर दिया जाएगा। हलाँकि वे 03 से अधिक स्थानों के लिए सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव जमा कर सकते है।
9. प्रस्ताव में या तो मासिक राजस्व का वित्तीय प्रस्ताव शामिल होना चाहिए, जिससे कि वे रांची नगर निगम को भुगतान करना चाहते है अथवा मासिक सेवा शुल्क जो वे रांची नगर निगम से करना चाहते है, उसका विवरण प्रस्ताव के साथ समर्पित करेंगें।
10. इच्छुक CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency को Annexure –I के साथ CPSE/SPSE/RWA/NGO /Local Agency से संबंधित सभी दस्तावेज कार्यालय में जमा करना होगा।
11. दिनांक 22.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक संबंधित CPSE/SPSE/RWA/NGO/Local Agency को चौक–चौराहों का प्रस्ताव कार्यालय में जमा करना होगा, तत्पश्चात् उन्हें Presentation देने हेतु आमंत्रित किया जाएगा।
12. अन्य जानकारी वेबसाईट www.ranchimunicipal.com पर उपलब्ध है।

ह०/–
अपर प्रशासक
राँची नगर निगम, राँची

PR 331538 Ranchi Municipal Corporation (24-25)_D


# व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करेगी भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष यदुनंदन पाठक के आवास पर गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष यदुनंदन पाठक ने किया।

बैठक में शामिल भाजपा के वरिष्ट कार्यकर्ता ने भाग लिया और निर्णय लिया गया की आगामी 10 अगस्त को भारतीय जनता पार्टी गांडेय द्वारा प्रखंड और अंचल कार्यालय में फैली व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जायेगा जिसकी तैयारी को लेकर बैठक बुलाई गई जिसमे प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के वरिष्ट कार्यकर्ता ने भाग लिए बैठक को संबोधित करते हुआ पूर्व जिला अध्यक्ष यदुनंदन पाठक ने कहा कि पूरे राज्य में भ्रष्टाचार फैली हुई है । सभी विभाग में लूट मची हुई है। जनता अपनी काम को लेकर कई बार प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटने पड़ते है। जनता की पीड़ा कोई अधिकारी सुनने वाले नही है ।प्रखंड और अंचल कार्यालय में दाखिल खारिज के लिए महीनो लग जाते है फिर भी जनता का काम नही होते है। मौके पर उपस्थित गांडेय मंडल अध्यक्ष प्रकाश यादव,ताराटांड़ मंडल अध्यक्ष चिंतामणि सिंह, भरत लाल शर्मा,नंदकिशोर राय,बलदेव राय,अर्जुन सिंह,सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अवैध माइका संचालकों में हड़कंप का माहौल

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

तिसरी थाना क्षेत्र अंतर्गत गम्हरियाटांड़ इंद्र चौक स्थित अवैध माइका गोदाम संचालन के मामले में वन विभाग के द्वारा विजय लाल के विरुद्ध वन वाद दायर किया गया है। इसके पूर्व सीओ अखिलेश्वर प्रसाद के आवेदन पर संचालक विजय लाल पर कांड संख्या 52/24 के तहत तिसरी थाने में मामला दर्ज किया जा चुका है। बताया जाता है कि सुसंगत धाराओं में विजय लाल और उसके मुंशी पर मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई से अवैध माइका संचालकों में हड़कंप का माहौल है। गौरतलब हैं कि तिसरी में अवैध माइका गोदाम संचालन की सूचना पर खोरीमहुआ एसडीपीओ नीरज कुमार सिंह ने बीते दिनों छापेमारी किया था। धंधेबाजों को इसकी भनक मिल गई थी और वे पुलिस के आने से पूर्व ही मौके से भाग खड़े हुए। तब एसडीपीओ के निर्देश पर गौदाम में ताला मार दिया गया था। इसके बाद अगले दिन मंगलवार की सुबह तिसरी के अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद, थाना प्रभारी संजय नायक और वन विभाग के मुकेश दास दलबल के साथ गोदाम पहुंचें थे। बताया जाता है कि इस दौरान छापेमारी करने गयी टीम को गोदाम में बड़े पैमाने पर भंडारण किया गया अवैध माइका, वाहन समेत कई उपकरण मिले थे। मौके पर सभी सामानों को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया।

सूत्र बताते हैं कि तिसरी और गावां के इलाके में धड़ल्ले से माईका का अवैध कारोबार होता है। इससे संबंधित खबरें आए दिन सामने आती रही है। प्रशासन और वन विभाग द्वारा कड़े रुख के बाद भी धंधेबाज इस कार्य में लगे हुए हैं। माइका को पहले एक स्थान पर जमा किया जाता है और फिर रात के अंधेरे में इसे कोडरमा और गिरीडीह सप्लाई किया जाता है। सूत्रों की मानें तो रोजाना दर्जनों वाहनों में माइका लोड कर रात के अंधेरे में कोडरमा समेत अन्य स्थानों पर बगैर किसी रोक टोक के भेजा जाता है।

अब देखना होगा आगे इस मामले में पुलिस और वन विभाग के द्वारा कब और क्या कार्रवाई की जाती है। अवैध खनन, भंडारण मामले में उपायुक्त सख्त, बुधवार को बैठक कर दिया कार्रवाई करने का निर्देश यहां बता दें कि बुधवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने किया था।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी।**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्याः– 11/2024-25/RWD/KHUNTI,                    दिनांक– 31.07.2024

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नामः–

| क्र० सं० | आई०डी० सं०/पैकेज सं० | प्रखण्ड | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD-KHUNTI-04/ 2024-25 | तोरपा | केतारी मोड़ कुमाँग पथ से बान्दु ग्राम तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 1.720 कि०मी०)। | 2,26,89,500.00 (दो करोड़ छबीस लाख नवासी हजार पाँच सौ रू० मात्र।) | 4,54,000.00 (चार लाख चौवन हजार रू० मात्र।) | 12 माह। |
| 2 | RWD-KHUNTI-05/ 2024-25 | तोरपा | रोन्हे मुंडाटोली से शासनबेड़ा तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 2.580 कि०मी०)। | 2,62,26,600.00 (दो करोड़ बासठ लाख छबीस हजार छः सौ रू० मात्र।) | 5,25,000.00 (पाँच लाख पच्चीस हजार रू० मात्र।) | 12 माह। |
| 3 | RWD-KHUNTI-06/ 2024-25 | तमाड़ | तमाराना से पापड़ीदा तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 3.700 कि०मी०)। | 3,99,93,600.00 (तीन करोड़ निन्यान्वे लाख तीरनवे हजार छः सौ रू० मात्र।) | 8,00,000.00 (आठ लाख रू० मात्र।) | 12 माह। |
| 4 | RWD-KHUNTI-07/ 2024-25 | तमाड़ | बड़वा सरजमडीह मुख्य पथ से जनकपुर पहाड़पुर भाया भुरूमटाँड़ तक पथ निर्माण कार्य (लं०– 2.500 कि०मी०)। | 2,52,56,700.00 (दो करोड़ बावन लाख छप्पन हजार सात सौ रू० मात्र।) | 5,06,000.00 (पाँच लाख छः हजार रू० मात्र।) | 12 माह। |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 08.08.2024।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः– 23.08.2024 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 24.08.2024 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
7 अग्रधन की राशि स्वीकृत परिमाण विपत्र के अनुरूप भी मान्य होगा।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, खूँटी।

PR 331476 (Rural Work Department) 24-25 (D)


## हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह पेरिस रवाना

**रांची।** पेरिस में चल रहे ब्रह्मांड का सबसे बड़ा खेल महाकुंभ ओलंपिक खेल में भारत के हॉकी टीम के खिलाड़ी सहित कुल 117 एथलीट भाग ले रहे है। जिसमे भारत अभी तक दो कांस्य पदक जीत चुका है। इस खेल महाकुंभ में भारतीय पुरुष हॉकी टीम भी अभी तक अपराजेय रहते हुए अंतिम 08 क्वार्टर फाइनल में जगह सुनिश्चित कर ली है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उत्साह वर्धन करने और मनोबल बढ़ाने के लिए आज हॉकी इंडिया के महासचिव सह हॉकी झारखंड के अध्यक्ष भोलानाथ सिंह भी आज पेरिस रवाना हुए। पिछले टोक्यो ओलंपिक 2021 में भी भोलानाथ सिंह हॉकी इंडिया की ओर से गए थे। जिस ओलंपिक में भारतीय पुरुष हॉकी टीम 1980 यानि 42 वर्षो बाद ओलंपिक में कोई पदक कांस्य पदक प्राप्त किया था । भोलानाथ सिंह के पेरिस रवानगी पर हॉकी इंडिया, हॉकी झारखंड के पदाधिकारियों सहित खेल प्रेमियों ने शुभकामनाएं दी है।

## डॉ अमर कुमार चौधरी वाणिज्य विभाग में नए विभागाध्यक्ष व डीन नियुक्त

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग में नए विभागाध्यक्ष एवं डीन के रूप में डॉ अमर कुमार चौधरी ने अपना योगदान दिया। इससे पूर्व में डॉ अजय कुमार चट्टोराज अपने 65 वर्ष की आयु पूर्ण करने के वजह से 31 जुलाई 2024 को सेवानिवृत हुए। मारवाड़ी कॉलेज के उप प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन शर्मा, सहायक प्राध्यापक डॉ अमित कुमार, कृष्णकांत, अंकित शर्मा एवं अन्य ने डॉ अमर कुमार चौधरी को पुष्प गुच्छ, फलदार पौधा एवं सॉल ओढ़ा कर स्वागत किया। डॉ राजीव रंजन शर्मा ने कहा कि वाणिज्य विभाग को काफी अनुभवी एवं ऊर्जावान विभागाध्यक्ष एवं डीन मिला है। इस दौरान नए हेड एवं डीन की यथाशीघ्र एक अंतराष्ट्रीय सम्मेलन करवाने की भी इच्छा जाहिर किए। अपने नए विभागाध्यक्ष को आज सुबह से ही बधाई देने के लिए विभाग में प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों का तांता लगा हुआ था। डॉ अमर कुमार चौधरी इससे पहले झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं राँची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के पद पर भी कार्य कर चुके है।

## मुस्लिम वीमेन का हुनर मेले तीन से

**रांची।** फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वीमेन द्वारा दो दिवसीय हुनर मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला मेन रोड स्थित होटल गैलेक्सी इन में तीन और चार अगस्त को होगा। मेले का उद्घाटन आलम हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम के निदेशक डॉ सम्बुल आलम करेंगे। फेडरेशन की निर्देशक खुशबू खान ने बताया कि फेडरेशन ऑफ मुस्लिम वूमेन की तरफ से लगातार तीसरे साल हुनर 2024 मानसून मेला एवं एग्जिबिशन सेल का बड़े पैमाने पर आयोजन किया जा रहा है। इसमे 80 से अधिक स्टॉल महिला उद्यमियों द्वारा लगायाजायेगा। घरेलू महिलाओं के द्वारा बनाई हुई चीजों का बड़ा बाजार लगेगा। इसमें डिजाइनर कपड़े, दैनिक पहनावे,हिजाब,अबाया,जूते चप्पल, मसाले, श्रृंगार सामग्री, सजावट सामग्री, फूड, बच्चों के लिए खेल समेत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# लोन नहीं चुकाने वालों पर रिजर्व बैंक भी नजर रखेगी

**रांची।** बैंकों से लोन लेकर नियमित रूप से लोन न चुकाने वालों पर अब बैंकों के साथ-साथ रिजर्व बैंक भी नजर रखेगी। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 25 लाख रुपए से अधिक लोन लेकर नियमित रूप से न चुकाने वालों के लिए बैंकों को हिदायत दी है। रिजर्व बैंक ने बैंक को और एनबीएफसी के लिए मैं दिशा निर्देश जारी किए हैं। इसमें 25 लाख रुपए और उससे अधिक के बकाया ऋण वाले खातों की जांच अनिवार्य कर दी गई है। ऋण दाताओं के पास किसी उधार कर्त्ता को जानबूझकर चूक करने वाला घोषित करने के लिए 6 महीने का समय है। सूची से हटाए जाने के बाद इन चूक कर्ताओं को एक साल तक कोई अतिरिक्त ऋण नहीं दिया जाएगा। रिजर्व बैंक का कहना है कि ऋण दाता एक निर्दिष्ट भीम का पालन करते हुए किसी व्यक्ति की पहचान करेंगे और उसे जानबूझकर चूक करने वाले के रूप में वगीर्कृत करेंगे निर्देश के अनुसार जानबूझकर चूक करने के सबूत की जांच एक पहचान समिति द्वारा की जाएगी। बैंकों को यह भी निर्देश दिया गया है कि बकाया राशि वाले सभी एनपीए खातों में जानबूझकर चूक पहलू की समय-समय पर जांच करनी चाहिए। यदि आंतरिक प्रारंभिक जांच में जानबूझकर चूक की बात सामने आती है।


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd.Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi -834002,JH
Phone: 0651-2400804/ Website: www.jusnl.in
OFFICE OF THE
GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE – IV, MEDININAGAR (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj
Email: gmtzdal@gmail.com

e-NIT No. 132/PR/ JUSNL/ 2024 – 25    **E- Tender Notice**

E- Tender in two parts i.e., Technical Part (Part–I) and Price Part (Part–II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound firm / agency / contractor for the following work: -

| | |
|---|---|
| Name of Work | Annual Maintenance of TSS Nagar Untari, Housekeeping, Carrying out daily routine patrolling, routine/breakdown/shutdown maintenance of 132 kV D/C LILO Transmission line on Rihand-Nabinagar circuit-I under Transmission Sub-Division, Nagar Untari for the period from 01.10.2024 to 31.03.2025(i.e., for 06 months). |
| Period of Work | 01.10.2024 to 31.03.2025 |
| Tender fee (Non-refundable) | Rs.1,476.00/- Rupees One thousand four hundred seventy six only (to be paid through online mode only) |
| Earnest Money Deposit | Rs.20,000.00/- Rupees Twenty Thousand only. (to be paid through online mode only) |
| Availability of Tender Documents on e-tender website | From 03.08.2024 at 03.00 PM to 26.08.2024 upto 5:00PM |
| Start Date and time of upload of BID | 03.08.2024 at 03:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 26.08.2024 upto 05:00 PM |
| Last date of submission of hard copy of bid, tender cost and EMD receipt in the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar (Daltonganj) | 27.08.2024 upto 05:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part-I) | 28.08.2024 at 12:30 PM |
| BID Opening date for price part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar, Byepass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9771850485 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR 331464 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D



**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक 1236खूँटी,                    दिनांक 01.08.2024

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं० KNP/03/2024-25**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, खूँटी।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– 10.08.2024 को पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 3.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 12.08.2024 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 12.08.2024 . को 3.00 बजे अपराह्न।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।
7. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी।

**कार्य का विवरण**

| कमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0. पै0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0. पै0) | अग्रधन की राशि (रू0. पै0) | कार्यादेश निर्गत होने से कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड नं0 08 में कर्रा रोड से लक्ष्मण गंझू के घर तक पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य। | 1,95,453/- | 1,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 2 | वार्ड नं0 09 में बाली ठाकुर के घर से सरकारी कुंआ तक आरसीसी नाली का निर्माण कार्य। | 9,99,421/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 3 | वार्ड नं0 11 में सुरेन्द्र कुमार के घर से महेन्द्र महतो के घर तक पीसीसी पथ का मरम्मति कार्य। | 3,56,698/- | 1,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 4 | वार्ड नं0 12 में खूँटी चाईबासा मुख्य पथ से संतोष गंझू के घर तक पीसीसी पथ मरम्मति कार्य। | 9,76,828/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 5 | वार्ड नं0 13 के चमरा क्लॉनी में सुनील हेमरोम के घर से मार्षल हेरेंज के घर तक पीसीसी पथ मरम्मति कार्य। | 8,87,411/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 6 | वार्ड नं0 15 में डॉ0 आर0पी0 जगनानी के घर से अर्पण बारला के घर एवं अनुप कंडीर के घर तक तथा सुनील दत्ता के घर के पास पीसीसी पथ निर्माण कार्य। | 9,04,056/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 7 | वार्ड नं0 15 में कलेष्वर राय के घर से सोनार जी के घर तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य। | 5,31,357/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 8 | सरकारी आवास अन्तर्गत वार्ड नं0 17 में मेन रोड से राजा तालाब तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य। | 9,96,254/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 9 | वार्ड नं0 17 के सरकारी आवास अन्तर्गत पास पीसीसी मरम्मति कार्य। | 7,84,210/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |
| 10 | वार्ड नं0 18 के पष्चिम मार्टिन बंगला टोली में पीसीसी पथ निर्माण कार्य। | 6,13,495/- | 5,000/- | प्राक्कलित राशि का 2% | 60 Days |

निविदा के शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
प्रशासक, नगर पंचायत, खूँटी

PR 331489 Urban Development(24-25)#D


संपादकीय

# आरक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट का ऐतिहासिक निर्णय

सुप्रीम कोर्ट ने आरक्षण संबंधी मामले में पटना हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया है। बिहार सरकार ने शीर्ष अदालत ?में दावा किया था कि राज्य द्वारा किए गए जाति सर्वेक्षण ने 1992 के इंद्रा साहनी फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित आरक्षण पर 50 फीसदी की सीमा को तोड़ने के लिए आवश्यक सामाजिक परीक्षण मापदंडों को पर्याप्त रूप से संतुष्ट किया है ।पटना हाईकोर्ट ने 20 जून को बिहार पदों और सेवाओं में रिक्तियों के आरक्षण (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए) संशोधन अधिनियम, 2023 और बिहार आरक्षण (शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में) संशोधन अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं को स्वीकार कर लिया था और दोनों कानूनों को भारत के संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (भेदभाव के खिलाफ अधिकार) और 16 (रोजगार में भेदभाव के खिलाफ अधिकार) का उल्लंघन माना था ।संविधान के अनुच्छेद 15(4) में, ह्यनागरिकों के किसी सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग या अनुसूचित जातियों व ?अनुसूचित जनजातियों की उन्नति के लिए विशेष प्रावधानह्ण करने का अधिकार दिया। अनुच्छेद 15 और 16 में महत्वपूर्ण शब्द 'केवल' है-जिसका अर्थ है कि यदि कोई धार्मिक, नस्लीय या जाति समूह अनुच्छेद 46 के तहत कमजोर वर्ग का गठन करता है, तो वह अपनी उन्नति के लिए विशेष प्रावधानों का हकदार होगा। इस विशेष प्रावधान का अर्थ मुख्यतः आरक्षण है। देश में आरक्षण को लेकर अक्सर विवाद होता रहा है। इसलिए कई राजनीतिक दल आरक्षण पर बार-बार होने वाले विवाद को हमेशा के लिए खत्म करने के लिए आरक्षण संबंधी सभी कानूनों को संविधान की नौवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग करते रहे हैं। ऐतिहासिक इंद्रा साहनी बनाम भारत संघ के फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा निर्धारित 50 प्रतिशत की सीमा का उल्लंघन करता है। हालांकि, किसी कानून को नौवीं अनुसूची में रखने से उसे न्यायिक जांच से बचाया जा सकता है। तमिलनाडु पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (शैक्षणिक संस्थानों में सीटों का आरक्षण और राज्य के अधीन सेवाओं में नियुक्तियों या पदों का आरक्षण) अधिनियम, 1993, कॉलेजों और राज्य सरकार की नौकरियों में 69 प्रतिशत सीटें आरक्षित करता है। तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है, जहां पर सबसे अधिक 69 प्रतिशत आरक्षण है और यह व्यवस्था संविधान की नौवीं अनुसूची का हिस्सा है। 20वीं सदी की शुरूआत में उभरा द्रविड़ आंदोलन प्रभुतासंपन्न समुदाय के खिलाफ शक्तिशाली भूमिधारक वर्गों का था, जो सत्ता के ज्यादातर पदों पर काबिज थे। पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचंद्रन को लगा कि आरक्षण आर्थिक आधार पर होना चाहिए, पर तत्कालीन मुख्यमंत्री जयललिता ने विभिन्न दलों के साथ मिलकर तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव से मिलने के लिए एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया और अंततः आरक्षण प्रावधान को नौवीं अनुसूची में शामिल करवाया। हालांकि वर्ष 2007 में नौवीं अनुसूची को भी चुनौती दी गई (आई आर कोएलो बनाम तमिलनाडु राज्य), लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने सर्वसम्मति से नौ न्यायाधीशों के आधार पर फैसला सुनाया कि नौवीं अनुसूची के तहत रखे गए कानूनों को मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती, लेकिन उन्हें संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करने के आधार पर चुनौती दी जा सकती है।

> तमिलनाडु एक ऐसा राज्य है, जहां पर सबसे अधिक 69 प्रतिशत आरक्षण है और यह व्यवस्था संविधान की नौवीं अनुसूची का हिस्सा है

# पुल, पुलिया, डैम,नहर, पहाड़ों के तड़कने का मतलब



मानव एवं विभिन्न सूक्ष्म एवं दीर्घ जीवों सहित प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन में वर्षा जल का विशेष महत्व है। पेय जल की आपूर्ति का प्रमुख स्त्रोत के साथ ही विकास का आधार भी वर्षा जल है। किन्तु भारत में बरसात के महिनों में अक्सर समाचार सुनने को मिलते हैं कि अमुक पुल, पुलिया टूट गये हैं,नहर,डेम से रिसाव होने लगा है , मकान/बिल्डिंगे गिर गई हैं, पहाड़ डह गये हैं, सड़के बह गयी हैं, गरीबों के आसियाने उजड़ गए हैं, फसलें तबाह हो गई हैं,लोगों के घरों-दुकानों में पानी घुस गया है आदि। इन सबके कारण जब पालतू जानवरों, संरक्षित वन्यजीवों तथा मनुष्यों की जान जाती है तो बहुत दुःख होता है। दुःख उस समय भी होता है जब इन सब घटनाओं के पिछे के कारण जानने और उनका समाधान ढूंढने के बजाए राजनीति शुरू हो जाती है ।तब फिर आम समझदार जागरूक नागरिक के मन में तरह-तरह के प्रश्न उठते हैं कि आज जब दुनिया के देश भूकंप रोधी, परमाणु बम रोधी , सुनामी रोधी इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं उस हमरा देश बरसात से अपने इंफ्रास्ट्रक्चर और जन-धन हानि को भी रोक नहीं पा रहा। क्या भारत में इन रचनाओं की निमार्ण क्वालिटी अच्छी नहीं थी?, क्या भारत में इन रचनाओं की डिजाइन ठीक नहीं थी?, क्या इन रचनाओं के रखरखाव पर भारत के प्रशासन ने उचित ध्यान नहीं दिया ?, क्या भारत में वर्षा जल की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है ?या फिर भारत में जानबूझकर इन समस्याओं को प्राथमिकता नहीं दी जा रही। प्रश्न यह भी उठता है कि हम कब तक प्रतिवर्ष विकास कार्यों में उपयोग आ सकने वाले धन को आपदा प्रबंधन के नाम पर खर्च करते रहेंगे ?इस तरह तो हम कैसे विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को तय सीमा में हासिल करेंगे? इतना ही नहीं हम वर्षा जल संग्रहण इकाइयों में जनसंख्या की मांग के अनुपात में वृद्धि करके वर्षा जल को विषम परिस्थितियों के लिए संग्रहित भी नहीं कर पा रहे हैं , और न ही वर्षाजल के जमीन के अंदर जाने की राह को सुगम बना पा रहे हैं तभी तो हम सबके देखते-देखते ही वर्षा जल गांव-शहर के गली-मौहल्लों, बस्तियों, मैदानी क्षेत्रों से बाहर निकल कर नदी-नालों से होता हुआ समुद्र में जा मिल जाता है और भू-जल स्तर में अपेक्षित सुधार भी नहीं हो रहा है।

यह स्थिति तब है जब प्रतिवर्ष ग्रीष्म ऋतु में हमारे देश की एक बड़ी आबादी पानी की कमी की किल्लत झेलती है। अनायास प्रश्न उठता है कि भारत में इतने बड़े-बड़े नामी गिरामी प्रबंध संस्थान उपलब्ध है, तकनीकी संस्थान उपलब्ध है और इनमें पढ़ाने वाले श्रेष्ठ शिक्षक तथा इनसे पढ़कर निकले प्रतिभावान विधार्थी उपलब्ध है, अच्छे योजनाकार, रणनीतिकार उपलब्ध है फिर क्या कारण है कि वर्षा जल का उचित प्रबंधन नहीं हो रहा है, अतिवर्षा या बाढ़ से होने वाले नुकसान को कम नहीं कर पा रहे हैं,रोक नहीं पा रहे हैं। हां हमारी एनडीआरएफ की टीम जरूर अपनी जान जोखिम में डालकर अतिवर्षा के बाद की परिस्थितियों से निपटते हुए राहत और बचाव कार्य को सही अंजाम दे रही है, जनता को राहत पहुंचा रही है। कुछ राज्य तो ऐसे भी हैं जो पिछले कई वर्षों से बाढ़ का दंश झेल रहे हैं और बहुत बड़ी धनराशि को बाढ़ के बाद की स्थितियों से निपटने में खर्च करने के लिए मजबूर हैं। कुछ नदियां भी चिन्हित है जिनमें लगभग हर साल बाढ़ आती है। प्रदेश/देश की जनता उन दिनों के इंतजार में हैं जब बाढ़ से मुक्ति मिलेगी और जनता को अन्य मौसम की तरह गर्मी में भी भरपूर शुद्ध पेयजल की आपूर्ति होगी ।उस दिन का भी देश को इंतजार जब देश के नागरिक जल के महत्व को समझते हुए, स्वप्रेरणा से जल का उपयोग करते समय अपनी विवेक बुद्धि का उपयोग करते हुए जल का अपव्यय करने से बचेंगे और अन्य को भी जल के प्रति मितव्ययिता भाव रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

**(ये इनके निजी विचार हैं)**

आज की बात



प्रो.मनमोहन प्रकाश

आपकी बात

# आसान नहीं है 'विकसित भारत -2047'

भारत सरकार की महत्वााकांक्षी योजना 'विकसित भारत-2047 पर देश में हर जगह चर्चा हो रही है। चचाओं का केंद्र अगले कुछ वर्षों में 7 प्रतिशत सालाना से अधिक औसत आर्थिक वृद्धि दर हासिल करना है। इस समय भारत और चीन की तुलना करना उपयोगी हो सकता है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 1991 में दोनों देशों में कृषि में रोजगार का प्रतिशत आसपास ही था। चीन में यह 60 प्रतिशत तथा भारत में 63 प्रतिशत था, किंतु विश्व बैंक के अनुसार करीब 30 साल बाद चीन में यह तेजी से कम होकर 23 प्रतिशत रह गया, जो भारत के 44 प्रतिशत आंकड़े से बहुत कम है। इन 30 साल के भीतर चीन में लगभग 20 करोड़ कृषि श्रमिक उद्योग और सेवा क्षेत्रों में चले गए। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक भारत में भी काफी संख्या में श्रमिक खेती से बाहर चले गए मगर इसी दौरान कृषि में रोजगार पाने वालों की संख्या 3.5 करोड़ बढ़ गई। भारत को मौजूदा निम्न-मध्यम आय स्तर से उच्च आय स्तर या उच्च मध्यम आय स्तर तक लाने के लिए जरूरी बदलाव पर भी सबका ध्यान केंद्रित है । यह बदलाव रोजगार के ढांचे में होना है, जिसके तहत कृषि क्षेत्र से जुड़ा रोजगार घटना चाहिए और उद्योग तथा सेवा क्षेत्र का रोजगार उतना ही बढ़ना चाहिए। वैसे भारत 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल होने की आकांक्षा रखता है और इन देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कृषि रोजगार के प्रतिशत की बात करें तो आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) देशों में यह लगभग 5 प्रतिशत है जो भारत में कृषि में वर्तमान रोजगार के प्रतिशत का लगभग आठवां हिस्सा है। उच्च-मध्यम आमदनी वाले देशों में भी कृषि में रोजगार की हिस्सेदारी आज भारत की तुलना में केवल आधी है। विकसित देशों की श्रेणी में शामिल कृषि वस्तुओं के प्रमुख निर्यातक जैसे न्यूजीलैंड या ब्राजील में भी कृषि में रोजगार की हिस्सेदारी केवल 6-8 प्रतिशत के भीतर है। अगर भारत को 2047 तक उच्च आमदनी वाले देश का दर्जा हासिल करना है या उच्च-मध्यम आय के स्तर तक पहुंचना है तो उसे कृषि से बड़ी संख्या में श्रमिक उद्योग और सेवा क्षेत्र की ओर भेजने होंगे। इससे भी ज्यादा नाटकीय मामला वियतनाम का है, जहां 1991 में रोजगार में कृषि की हिस्सेदारी 75 प्रतिशत थी मगर 2021 में घटकर 29 फीसदी रह गई। इसका बड़ा कारण यह है कि चीन और वियतनाम में इन वर्षों के दौरान अधिक निर्भरता विनिर्माण में रोजगार सृजन और निर्यात बढ़ाने वाली वृद्धि पर रही है। भारत के मामले में 1991 और 2021 के आंकड़ों की तुलना में एक अहम बिंदु छुप जाता है। कृषि की हिस्सेदारी में गिरावट और उद्योग तथा सेवाओं में वृद्धि मुख्य रूप से 1990-91 से 2014-15 के बीच यानी 25 वर्षों दौरान हुई। उसके बाद से विनिर्माण में वृद्धि की कई योजनाएं आने के बाद भी कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है।

**भोपाल, म.प्र.**



राकेश दुबे
ये इनके निजी विचार हैं

काम की बात

# आपके फोन में कौन झांक रहा

ऑफिस के हमारे एक सहयोगी काम खत्म कर घर जाने की तैयारी कर ही रहे थे कि किसी अनजान नंबर से उन्हें वट्सऐप कॉल आया, जिस पर पुलिस इंस्पेक्टर की तस्वीर लगी हुई थी। कॉल करने वाले ने उनका नाम लेते हुए पूछा, आपके बेटे का नाम यह है? हां बोलने पर पूछा कि अभी कहां है वह? हमारे साथी ने कहा गुजरात, तो कॉलर ने तुरंत कहा कि हम गुजरात पुलिस से बोल रहे हैं। आपके बेटे और उसके तीन दोस्तों को हमने रेप केस में पकड़ा है। अभी हमने इस पर केस दर्ज नहीं किया है, आप बताएं, यहीं मामला सेटल करना है या इसे अंदर कर दें। बेटा कहां है पूछने पर कॉलर बोला, लो खुद उससे बात कर लो। उधर से एक लड़का रोते हुए बोलता है, पापा मुझे बचा लो। इससे आगे बात कराए बिना ही कॉलर फोन छीनते हुए बोलता है, देखो बाहिर मीडिया वाले खड़े हैं, पांच लाख देते हो तो यहीं केस खत्म कर देंगे। हमारे साथी ने पूछा कि गुजरात के किस थाने से बोल रहे हो, तो उनकी बात अनसुनी कर वह फोन पर ही सेटलमेंट करने की बात दोहराता रहा। चूंकि अखबार में हम हर रोज इस तरह की धोखाधड़ी की खबरें छापते रहते हैं, इसलिए हमारे साथी ऐसे फ्रॉड से वाकिफ तो थे, लेकिन फिर भी उन्हें एक बार लगा कि वाकई बेटा कहीं फंस न गया है। लेकिन जब बार-बार पूछने पर भी कॉलर ने नहीं बताया कि किस थाने से बोल रहा है तो इन्होंने फोन काट दिया। और झट से वडोदरा में पढ़ रहे अपने बेटे को फोन मिला दिया। बेटा अपनी क्लास में था तो वह फोन नहीं उठा पाया, पर पिता के कई फोन आने पर मेसेज कर दिया कि पापा क्लास में हूं, दस मिनट में फ्री होकर बात करता हूं। तब जाकर इनकी जान में जान आई। पिछले कुछ दिनों में पाकिस्तान के नंबर से इस तरह के कॉल कई लोगों को आ चुके हैं। हमारे साथी को तो आभास था कि यह स्पैम कॉल हो सकता है इसलिए वह ठग की बातों में नहीं आए। लेकिन हर कोई इस तरह हिम्मत नहीं कर पाता, खासकर जब ठग एआई के जरिए आपके बच्चे की आवाज सुनाकर डरा रहे हों। हाल के दिनों में डिजिटल अरेस्ट के ऐसे कई मामले आए हैं, जिनमें डर के मारे लोगों ने ठगों के खाते में पैसे भी ट्रांसफर कर दिए। ठग आपको फोन न काटने की धमकी देकर बैठाए रखते हैं और किसी को भी कॉल नहीं करने देते। इनके निशाने पर ऐसे लोग होते हैं, जिनके बच्चे किसी दूसरे शहर या देश में रहते हैं।



अक्षय शुक्ला
ये इनके निजी विचार हैं



बोधि वृक्ष

हिंदू धर्म में 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाएं ही नहीं हैं, बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।

# 18 पुराणों में हैं जीवन के सिद्धांत

हिंदू धर्म में पुराणों का अधिक महत्व है। पुराणों में ईश्वर के स्वरूप, उनकी लीलाओं और जीवन से सिद्धांतों के बारे में बताया गया है। बता दें कि सनातन धर्म में कुल 18 पुराणों का जिक्र मिलता है। इन पुराणों को पढ़ने या सुनने से व्यक्ति के सभी पापों का अंत हो जाता है। इन पुराणों में सिर्फ देवी-देवताओं की कथाओं के बारे में ही नहीं बल्कि चिकित्सा, खगोल विज्ञान, इतिहास और कई अन्य विषय भी शामिल किए गए हैं।



**अग्नि पुराण :** अग्नि पुराण के प्रवक्ता अग्नि और श्रोता वशिष्ठ हैं। इस पुराण में भगवान श्रीहरि विष्णु के अवतारों के अलावा दुर्गा, गणेश, सूर्य, शिवलिंग, प्राण प्रतिष्ठा आदि का वर्णन मिलता है। अग्नि पुराण में गणित, भूगोल, ज्योतिष, मृत्यु, विवाह, वास्तु, नीति शास्त्र, युद्ध विद्या, शकुन विद्या, धर्म शास्त्र, छंद, काव्य, व्याकरण और आयुर्वेद का भी विस्तार से वर्णन मिलता है।

**भविष्य पुराण :** भविष्य पुराण में कई भविष्यवाणियां की गई हैं। इस पुराण में 12 महीनों के निर्माण के बारे में बताया गया है। इसके अलावा इस पुराण में विक्रम बेताल और बेताल की कथाओं का भी उल्लेख किया गया है।

**ब्रह्मवैवर्त पुराण :** इस पुराण को वेदमार्ग 10वां पुराण माना गया है। इस पुराण में आयुर्वेद संबंधी जानकारियां दी गई हैं। ब्रह्मवैवर्त पुराण में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, श्री राधा रानी की गोलोक लीला आदि का उल्लेख मिलता है। **(क्रमशः)**

फेसबुक वॉल से

**Kunwar Amit Singh** is feeling exhausted.
4d
॥ देश हितार्थ ॥... See more

जनता को कुछ भी मुफ्त मत दो

केवल शिक्षा, न्याय और इलाज मुफ्त मिलना चाहिए

"मुफ्त खोरी लोगों को कामचोर और देश को कमजोर बनाती है"

86 · 24 comments 17 shares
Like · Comment · Send · Share

X से

**Office of Chief Minister, Jhark...** · 16h
JPSC एवं JSSC द्वारा नियुक्ति प्रक्रियाओं को यथाशीघ्र पूरा करने, 30 अगस्त से 15 सितंबर तक आयोजित होने वाले "आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार" कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण करने तथा योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्देश।



**Office of Chief Minister, Jh...** · 17h



मुख्यमंत्री श्री @HemantSorenJMM ने वरीय अधिकारियों के साथ राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं...

104 · 59 · 270 · 15K

अलग बात

# संयुक्त परिवार में ही सुरक्षित है नौनिहाल

दो दिन पहले एक समाचार आया कि पुणे में रहने वाले एक 16 वर्ष के बच्चे ने ऑनलाइन गेमिंग के टास्क को पूरा करने के लिए 14वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी। उसने अपने सुसाइड नोट में लिखा 'लॉग ऑफ'। केवल इतना ही नहीं आत्महत्या के पहले बच्चे ने एक कागज पर पेंसिल से उसके अपार्टमेंट और गैलरी से कूदने वाला टास्क बनाया। इसी पेपर में लॉगआउट भी लिखा है। बच्चे के कमरे से गेम की कोडिंग भाषा में लिखे कई कागज भी मिले हैं। बच्चे की मां के अनुसार वह दिन भर अपने कमरे में बंद रहकर गेम खेलता था। जिस दिन बच्चे ने ये कदम उठाया मां दूसरे बीमार बच्चे की देखरेख कर रही थी। पिता विदेश में कार्यरत हैं और मां भी कामकाजी है। अब प्रश्न ये उठता है कि ऐसे में हमारे बच्चे कैसे सुरक्षित रहेंगे? आपको ब्लू व्हेल गेम याद ही होगा। उसमें भी टास्क के जरिए खिलाड़ी को आत्महत्या के लिए मजबूर किया जाता था। वर्ष 2017 में ब्लू व्हेल गेम पर देश में प्रतिबंध लगा दिया था, लेकिन अब एक नया गेम सामने हैं। ताजा मामला ऐसे ही एक ऑनलाइन गेम का है। भारत में ब्लू व्हेल गेम ने पहला शिकार जुलाई 2017 में मुंबई के 14 साल के स्कूल छात्र मनप्रीत सिंह साहनी को बनाया था। तब मनप्रीत ने 7वीं मंजिल से कूदकर जान दे दी थी। 2019 में जारी एक रिपोर्ट की मानें तो ब्लू व्हेल गेम के चलते रूस, यूक्रेन, भारत और अमेरिका में 100 से ज्यादा बच्चों की जान गई थी। वर्तमान में अधिकांश घरों में माता और पिता दोनों ही कामकाजी होते हैं। एकल परिवार होने से बच्चों को अकेले या दूसरों के भरोसे छोड़ दिया जाता है। ऐसे में बच्चे का मनोविकास वैसा नहीं हो पाता, जैसा होना चाहिए। कई बच्चे गलत संगत में पड़ जाते हैं। कई दुर्व्यवहार या शोषण का शिकार होते रहते हैं। एक खतरा ऑनलाइन गेम्स का भी आ गया है। देश में ज्यादातर बच्चो के पास बच्चों के पास मोबाईल फोन और टैब है। ऑनलाइन गतिविधियों के माध्यम से ब्रेनवाश कर उनका जीवन तक छीना जा रहा है। ऑनलाइन रहने के कई खतरे बच्चो पर मंडरा रहे हैं, जिससे अभिभावक पूरी तरह अनभिज्ञ हैं। अब प्रश्न खड़ा होना स्वाभाविक है कि अपने बच्चों को बचाएं कैसे? इसका केवल एकमात्र ही समाधान हैं संयुक्त परिवार। जहां बच्चे पूरी तरह सुरक्षित, स्वस्थ व चरित्रवान बन सकते हैं। संयुक्त परिवारों में दादा-दादी, काका-काकी, ताऊ-ताई और परिवार के अन्य छोटे-बड़े सदस्य साथ रहतें हैं।



प्रियंका कौशल
ये इनके निजी विचार हैं

धर्म-अध्यात्म

# श्री रामचरितमानस में निहित हैं मित्रधर्म के गुण-दोष

मित्रता के नाम पर हिन्दुओं को सदियों से लोगों ने डसा है और अब ग्लोबल फोर्सेस डस रही हैं। मित्रता के नाम पर मुसलमानों और ईसाईयों के साथ मिलकर अपने ही तथाकथित सेक्यूलरों ने हिन्दुओं को लूटा, वहीं पाकिस्तान, चीन और अमेरिका जैसे देशों ने रह - रह कर हिन्दुओं की पीठ में छुरा भोंका है। इसलिए हिन्दुओं को मित्रता के गुण धर्म समझने ही होंगे नहीं तो वो सदैव मकड़जाल में फंसते रहेंगे ।मित्रता को लेकर कल्चरल मार्क्सिज्म, पश्चिमी जगत और ग्लोबल फोर्सेस के क्या मायने रहे हैं? तो आप पाएंगे कि मित्रता के नाम पर इन्होंने दुनिया में फूट डालो राज्य करो की नीति अपनाई और तो और अपनों को ही लूट लिया फिर आपस में दो विश्व युद्धों में लड़ मरे। अधिकांशतः शोषण, धोखा, फरेब, अमानत में खयानत और मतांतरण इनकी मित्रता के आदर्श हैं। अब 2011 से 30 जुलाई को इंटरनेशनल फ्रेंडशिप डे मनाने का उपक्रम चालू हुआ और 4 अगस्त को भारत में मनाया जाने वाला है।

मुझे इसमें कोई अभिरुचि नहीं है परंतु इनकी चपेट में पुनः भारत न फंसे इसलिए मित्रता पर चर्चा करना आवश्यक हो जाता है। मित्रता के दो महान् आदर्श क्रमशः मानव स्वरुप में भगवान् श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण हैं। दोनों ने मित्रता के महान आदर्श स्थापित किए हैं, जो मार्गदर्शी और अनुकरणीय हैं। परंतु सच्चे और कुटिल मित्र की पहचान होना अति आवश्यक है। श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी ने अच्छे मित्र के गुणों पर प्रकाश डाला है।



डॉ. आनंद सिंह राणा
ये इनके निजी विचार हैं

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## कृष्ण जन्म भूमि का मुकदमा सुनवाई योग्य, हिंदू पक्ष में आया फैसला

# अगली सुनवाई 12 अगस्त को करेगा इलाहाबाद हाई कोर्ट

**एजेंसी। प्रयागराज** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शाही ईदगाह (मथुरा) मस्जिद कमेटी की आदेश 7 नियम 11 के तहत हिंदू उपासकों और देवता के मुकदमों को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने सभी 18 मुकदमों की स्थिति बरकरार रखी। मुस्लिम पक्ष ने पोषणीयता की याचिकाओं इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। जस्टिस मयंक कुमार जैन की सिंगल बेंच ने यह फैसला सुनाया है।

### 6 जून को हाईकोर्ट ने फैसले को रखा था सुरक्षित

दरअसल, जस्टिस मयंक कुमार जैन ने 6 जून को मुकदमों की पोषणीयता के संबंध में मुस्लिम पक्ष द्वारा दायर याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। हिंदू पक्ष की तरफ से दाखिल 18 याचिकाओं के खिलाफ शाही ईदगाह कमेटी ने हाईकोर्ट में सीपीसी के ऑर्डर 7, रूल 11 के तहत चुनौती दी थी। वहीं मुस्लिम पक्ष के वकील ले कहा कि हम इस फैसले से खुश नहीं है। इसे फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि के मुख्य पक्षकार व भाजपा नेता मनीष यादव ने कहा कि यह फैसला हिन्दुओं के लिए गर्व का विषय है।



### मुकदमों में वादी भूमि के स्वामित्व का अधिकार मांग रहे

मस्जिद समिति की ओर से अधिवक्त ने दलील दी कि हाईकोर्ट के समक्ष लंबित अधिकांश मुकदमों में वादी भूमि के स्वामित्व का अधिकार मांग रहे हैं, जो 1968 में श्री कृष्ण जन्म स्थान सेवा संघ और शाही मस्जिद ईदगाह के प्रबंधन के बीच हुए समझौते का विषय था। जिसके तहत विवादित भूमि को विभाजित किया गया और दोनों समूहों को एक-दूसरे के क्षेत्रों (13.37 एकड़ के परिसर के भीतर) से दूर रहने को कहा गया। हालांकि, ये मुकदमे कानून (उपासना स्थल अधिनियम 1991, परिसीमा अधिनियम 1963 और विशिष्ट राहत अधिनियम 1963) के तहत पोषणीय नहीं है।

### शाही ईदगाह के नाम पर कोई संपत्ति सरकारी रिकॉर्ड में नहीं: हिन्दू पक्ष

वहीं हिंदू पक्षकारों ने दलील दी कि शाही ईदगाह के नाम पर कोई संपत्ति सरकारी रिकॉर्ड में नहीं है और उस पर अवैध कब्जा है। साथ ही कहा गया कि अगर उक्त संपत्ति वक्फ की संपत्ति है तो वक्फ बोर्ड को बताना चाहिए कि विवादित संपत्ति किसने दान की है। साथ ही दलील दी गई कि इस मामले में उपासना अधिनियम, परिसीमा अधिनियम और वक्फ अधिनियम लागू नहीं होते।मूल वाद संख्या 6, 9, 16 और 18 (जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ शाही ईदगाह को हटाने की मांग की गई है) की स्वीकार्यता को चुनौती देते हुए, मस्जिद के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि वादी ने वाद में 1968 के समझौते को स्वीकार किया है और इस तथ्य को भी स्वीकार किया है।

# युवती से अभद्रता मामले में चार आरोपी गिरफ्तार, पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज

**एजेंसी। लखनऊ**

उत्तर प्रदेश की राजधानी के गोमतीनगर में बुधवार को मरीन ड्राइव के पास पुल के नीचे भरे पानी में हुड़दंग मचा रहे मनचलों ने बाइक से दोस्त के साथ जा रही युवती से अभद्रता और छेड़छाड़ की थी। इस मामले में अब चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, साथ ही मामले में कई पुलिस कर्मियों पर भी गाज गिरी है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सोशल मीडिया के माध्यम से बताया कि 31 जुलाई को ताज होटल के निकट गोमती नगर थाना क्षेत्र में बने अंडरपास के पास बारिश से जलभराव होने तथा आने-जाने वाले राहगीरों व वाहनों के साथ कुछ अराजक तत्वों द्वारा हुड़दंगई तथा अन्य आपत्तिजनक गतिविधियां किए जाने वाले मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही स्थानीय वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण को हटा दिया गया है। साथ ही स्थानीय प्रभारी निरीक्षक, चौकी इंचार्ज व चौकी पर नियुक्त समस्त पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। जिनको हटाया गया है कि उनमें प्रबल प्रताप सिंह, अमित कुमावत, शशांक सिंह, पंकज कुमार सिंह, कृपा शंकर, राघवेंद्र सिंह, विकास कुमार जायसवाल और अंजु जैन शामिल हैं। जिनको सस्पेंड किया गया है उनमें इंस्पेक्टर गोमतीनगर दीपक कुमार पांडेय, चौकी इंचार्ज दारोगा ऋषि विवेक, दारोगा कपिल कुमार, सिपाही वीरेंद्र कुमार हैं।

## हिमाचल प्रदेश के शिमला, मंडी, कुल्लू में बादल फटने से तबाही

# 3 शव बरामद, 52 लापता, श्रीखंड यात्रा का बेस कैंप प्रभावित

**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिलों में बादल फटने के बाद आई बाढ़ से भारी तबाही हुई है। तीनों जिलों में करीब 52 लोग लापता हैं जबकि तीन शव बरामद कर लिए गए हैं। शिमला में 35, मंडी में नौ और कुल्लू में सात लोग लापता हैं। कुल्लू के जाओन व निरमंड में बादल फटने से श्रीखंड यात्रा का बेस कैंप प्रभावित हुआ है।

प्रशासन ने बड़े पैमाने पर राहत व बचाव कार्य शुरू किया है। सबसे ज्यादा तबाही शिमला जिला के रामपुर इलाके के झाकड़ी में हुई है। यहां सैलाब व भूस्खलन के कारण लापता हुए 36 लोगों की तलाश की जा रही है। झाकड़ी में समेज खड्ड में हाइड्रो प्रोजेक्ट के नजदीक बादल फटने से आये सैलाब के कारण लोगों को बचाने के लिए प्रशासन ने बचाव अभियान तेज कर दिया है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व अग्निशमन की टीमें बचाव अभियान में जुटी हैं। शिमला के उपायुक्त मौके पर मौजूद हैं। प्रशासन के मुताबिक बचाव दलों ने बाढ़ में फंसे दो लोगों को सुरक्षित बचा लिया है।



### अमित शाह ने सीएम से बात की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिमाचल प्रदेश में पर बादल फटने की घटनाओं के संबंध में गुरुवार को मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से बात कर स्थिति की जानकारी ली।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि एनडीआरएफ व स्थानीय प्रशासन राहत व बचाव कार्य में लगा हुआ है। मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

### बिहार में आकाशीय बिजली से 13 लोगों की मौत

**पटना।** बिहार में बरसात के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से 13 लोगों की मौत हो गई। औरंगाबाद में चार, जहानाबाद में तीन, सारण में तीन, नालंदा में दो और जमुई में एक व्यक्ति की मौत हुई है। मृतकों में औरंगाबाद जिले की तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं। साथ ही जिले के कुछ लोग गंभीर रूप से भी घायल हुए हैं। उनका इलाज चल रहा है। मृतकों की पहचान बारूण थाना क्षेत्र के छक्कन बिगहा गांव निवासी राम अवतार सिंह की पत्नी सोनहल देवी (60), रेड़िया गांव निवासी विनय पाल की पत्नी जैतरी देवी, मदनपुर थाना क्षेत्र के पिरवां गांव निवासी राजगीर महतों के पुत्र महेश प्रसाद (40) तथा टंडवा थाना क्षेत्र के खजूरी महेश गांव निवासी रामदहीन पासवान की पत्नी इंद्रावती देवी (55) के रूप में हुई है।



# कांग्रेस नेता राहुल गांधी व प्रियंका वाड्रा ने वायनाड का किया दौरा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद रहे राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा गुरुवार को केरल पहुंचे और वायनाड जिले के भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित विभिन्न राहत शिविरों का दौरा किया। राहुल गांधी ने 2019 और 2024 के आम चुनाव में वायनाड लोकसभा क्षेत्र से जीत दर्ज की थी। हालांकि, 2024 में उत्तर प्रदेश के रायबरेली लोकसभा सीट से जीतने के बाद उन्होंने वायनाड निर्वाचन क्षेत्र छोड़ दिया, जहां से उपचुनाव होने पर प्रियंका के चुनाव लड़ने की उम्मीद है। राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा सुबह साढ़े नौ बजे कन्नूर हवाईअड्डे पर उतरे और फिर सड़क मार्ग से वायनाड पहुंचे।

### वायनाड आपदा : अब तक 200 से ज्यादा की मौत

वायनाड। केरल के पहाड़ी जिला वायनाड में मंगलवार तड़के हुई जल आपदा में अब तक 200 से अधिक लोग काल कलवित हो चुके हैं। मूसलाधार बारिश के दौरान हुए भूस्खलन से तीन गांवों का तो वजूद ही मिट चुका है। विभिन्न बलों के राहत और बचाव अभियान के दौरान अब तक 1,592 व्यक्तियों को बचाकर विभिन्न अस्पतालों में ले जाया गया। अस्पतालों में 99 लोगों का इलाज चल रहा है। इस बीच सूचना है कि वायनाड आपदा से पास के कोझिकोड जिले के थमारस्सेरी और वडकारा तालुका के विभिन्न ऊपरी गांव प्रभावित हुए हैं।

## आजम खान के फर्जी पासपोर्ट मामले में आकाश सक्सेना को नोटिस जारी

**इलाहाबाद।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के बेटे अब्दुल्ला आजम खान के कथित फर्जी पासपोर्ट मामले में सूचनादाता आकाश सक्सेना को बुधवार को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा ने अब्दुल्ला द्वारा दायर याचिका पर सक्सेना को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। पूर्व विधायक अब्दुल्ला ने रामपुर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सांसद विधायक) के 19 मार्च 2024 के उस आदेश को चुनौती दी है जिसमें उनके पासपोर्ट की वास्तविकता पर सवाल खड़ा करने के आपराधिक मामले में बचाव संबंधी कुछ साक्ष्य प्रस्तुत करने का उनका अनुरोध ठुकरा दिया गया था। इससे पूर्व, 18 जुलाई को उच्च न्यायालय द्वारा इस मामले में निर्णय सुरक्षित कर लिया गया था, लेकिन अदालत के संज्ञान में यह बात आई कि इस मामले में सूचनादाता आकाश सक्सेना को पक्षकार नहीं बनाया गया था। इस बीच, याचिकाकर्ता के वकील ने आकाश सक्सेना को पक्षकार बनाने का अनुरोध करते हुए एक आवेदन दाखिल किया। अदालत ने बुधवार को आवेदन स्वीकार करते हुए कहा, याचिकाकर्ता के वकील द्वारा पक्षकार बनाने की प्रार्थना आवश्यक है क्योंकि सूचनादाता की अनुपस्थिति में मौजूदा याचिका पोषणीय (सुनवाई योग्य) नहीं है।

## न्यूज बॉक्स

### सीबीआई ने एनबीसीसी के डीजीएम को रिश्वतखोरी के आरोप में किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने एनबीसीसी लिमिटेड के डीजीएम वरुण पोपली को रिश्वतखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सीबीआई के मुताबिक लेह में एक निर्माण परियोजना का निष्पादन कर रहे डीजीएम के खिलाफ शिकायत दी थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने एक अनुबंध आइटम की अनुमति देने के लिए 11 लाख 40 हजार रुपये की मांग की थी। सीबीआई के मुताबिक डीजीएम को रिश्वत के हिस्से से पांच लाख रुपये रिश्वत के तौर पर स्वीकार करते हुए सीबीआई टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### गैंगस्टर अबू सलेम को नासिक सेंट्रल जेल से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया

**मुंबई।** गैंगस्टर अबू सलेम को बीती रात नासिक सेंट्रल जेल से किसी अन्य शहर में शिफ्ट किया गया है। शिफ्टिंग के समय नासिक सेंट्रल जेल से नासिक रेलवे स्टेशन परिसर में भारी पुलिस बंदोबस्त रखा गया। अबू सलेम को इससे पहले नवी मुंबई के तलोजा जेल में रखा गया था। जिस सेल में अबू सलेम को रखा गया था, उसकी मरम्मत होनी थी, इसलिए जेल प्रशासन अबू सलेम को अन्य जेल में शिफ्ट करना चाहता था। अबू सलेम ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर शिफ्टिंग का विरोध किया था। हाई कोर्ट ने अबू सलेम की याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद अबू सलेम को जेल प्रशासन ने एक माह पहले ही नासिक सेंट्रल जेल में शिफ्ट किया था और उसे अंडा सेल में रखा गया था।

### मुस्लिम युवक पर लव जिहाद का आरोप, नाम बदल कर युवती को प्रेम जाल में फंसाया

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले से लव जिहाद का एक मामला सामने आया है। आसिफ नाम के एक युवक पर लव जिहाद का आरोप है। बताया जा रहा है कि उसने नाम बदलकर एक लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया। आरोपी आसिफ कुरैशी जो मथुरा के नाटू नगर थाना कोसी का रहने वाला है, उसने अपना नाम आसिफ से बदलकर राहुल कर लिया। बताया जा रहा है कि आसिफ ने एक हिंदू लड़की को प्रेमजाल में फंसाने के लिए अपना नाम बदला।लड़की के परिजनों का कहना है कि आसिफ उनकी दुकान पर आता था। इसी दौरान उसने उनकी बेटी को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया। आरोपी ने लड़की को अपना असली नाम नहीं बताया। उसने खुद को हिंदू धर्म का बताते हुए राहुल नाम बताया था। परिजनों का आरोप है कि आसिफ उनकी बेटी को इमोशनल ब्लैकमेल करता था।

### ठेकेदार और अधिकारियों की मिली भगत से गिर जाते हैं पुल : एमएलसी

**पटना।** ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने विपक्ष पर पुल गिरने के मामले को लेकर बिहार को बदनाम करने का आरोप लगाया था। वहीं, मंत्री अशोक चौधरी के आरोप पर पलटवार करते हुए कांग्रेस एमएलसी समीर सिंह ने कहा कि बिहार को बदनाम सरकार के विभाग ने किया, जहां पर पुल गिरे। विपक्ष ने अपना दायित्व निभाया इस मामले को उजागर कर। इस मामले की जांच सरकार कर रही है और सरकार के विभाग के द्वारा ही बनाए गए पुल गिरे हैं। कांग्रेस एमएलसी ने कहा कि निगरानी की जांच में क्या सही रिपोर्ट आएगी जब सरकार ही दोषी होती है तो। इस मामले की जांच न्यायाधीश की अध्यक्षता में होनी चाहिए तब जाकर सही रिपोर्ट सामने आएगी।।किस तरह से ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से पुल गिर जाते हैं। दिलीप जायसवाल को बिहार भाजपा का अध्यक्ष बनाए जाने पर समीर सिंह ने कहा कि प्रदेश भाजपा नेतृत्व बदलाव कर बिहार में अपनी स्थिति को सुधारने की कोशिश में लगी है।

## आज का राशिफल

**मेष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृषभ** — कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। मांगलिक कार्योक्रमों का आयोजन होगा।

**मिथुन** — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**धनु** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**मकर** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शत्रुपक्ष से सावधान रहें।

**कुम्भ** — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूंजी निवेश सोच-समझकर करें।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

## बेटे पर मां की हत्या का आरोप

**बीरभूम।** बीरभूम जिले में चंद्रपुर थाना अंतर्गत पटाडांगा गांव में बुधवार रात एक बेटे ने कथित तौर पर अपने मां की हत्या कर डाली। इसके बाद पुलिस ने आरोपित बेटे को हिरासत में ले लिया। हालांकि गुरुवार सुबह तक थाने में आरोपित के खिलाफ कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई थी। स्थानीय व पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृतक का नाम बसंती कुंडू (57) था। उनकी हत्या का आरोप उनके बेटे लोटन कुंडू पर लगा है। हालांकि, गुरुवार सुबह तक लोटन के खिलाफ थाने में कोई लिखित शिकायत नहीं की गयी थी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बसंतीदेवी और उनका बेटा लोटन कुंडू पटाडांगा गांव में रहते थे।

# गोलगप्पे वाले से प्यार, पिता ने बेटी के किए 6 टुकड़ों

**एजेंसी। बेतिया**

बिहार के बेतिया में रूह कंपाने वाली घटना सामने आयी है। इसे जानने के बाद एक ही सवाल उठेगा कि क्या एक पिता ऐसा होता है। कोई पिता अपनी बेटी के साथ ऐसे कैसे कर सकता है। पिता अपनी बेटी को 6 टुकड़ों में काटकर बोरे में डालकर नहर में फेंकवा देता है दिया। क्या एक पिता के दिल में इतनी नफरत भर गई होगी।

**पिता ने डांटा तो बेटी ने दे दी जान :** घटना बेतिया के चनपटिया थानाक्षेत्र के एक गांव की है। पिता की डांट से नाराज बेटी ने आत्महत्या कर ली। इसके बाद पिता ने बेटी के शव को ठिकाने लगाने के लिए उसके शव को 6 टुकड़ों में कटवाया। शव को काटने के लिए पिता ने 8500 में एक एक्सपर्ट भी हायर किया था। इस तरह का मामला सामने आने के बाद पुलिस भी हैरान है। पुलिस ने आरोपी पिता और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर लिया है।

**लड़की के शव के टुकड़े बरामद किए गए :** घटना रविवार शाम की बतायी जा रही है। जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर मीर टोला के समीप नहर में एक लड़की का शव बरामद हुआ था। शव के टुकड़े-टुकड़े कर बोरे में डाल कर बांधा गया था। पुलिस ने जब बोरा खोला तो देखकर उसके होश उड़ गए। बोरे में एक लाश थी, जिसके 6 टुकड़े किए गए थे। लेकिन बोरे के अंदर शव का सिर नहीं था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की कार्रवाई में जुट गयी।

**यूपी से 8500 रुपए में बुलाया एक्सपर्ट :** पुलिस ने वारदात की तफ्तीश शुरू की। जांच में पता चला कि यह शव चनपटिया थानाक्षेत्र के चुहड़ी गांव निवासी विरेंद्र साह के पुत्री की है। इसके बाद पुलिस ने पिता से पूछताछ की, पूछताछ के बाद पिता ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस से पूछताछ में आरोपी पिता ने बताया कि उसकी बेटी ने आत्महत्या कर ली। इसके बाद उसने शव को ठिकाना लगाने के लिए एक शख्य को हायर किया, जिसने उसकी बेटी के शव को टुकड़े टुकड़े किए और नहर में फेंक दिया।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# शेयर बाजार का ऐतिहासिक सत्र निफ्टी पहली बार 25,000 के पार

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का कारोबारी सत्र ऐतिहासिक रहा। बाजार के मुख्य सूचकांक रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए हैं। कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 82,129 और 25,078 का नया ऑल टाइम हाई लगाया। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 126 अंक या 0.15 प्रतिशत की तेजी के साथ 81,867 और निफ्टी 59 अंक या 0.24 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,010 पर बंद हुआ। यह पहला मौका है जब निफ्टी 25,000 के ऊपर बंद हुआ है। बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,586 शेयर हरे निशान, 2,367 शेयर लाल निशान और 95 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं। छोटे और मझोले शेयरों में बिकवाली देखने को मिली है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 500 अंक या 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,490 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 187 अंक या 0.98 प्रतिशत के दबाव के साथ 18,949 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले, मारुति सुजुकी, रिलायंस, भारती एयरटेल, जेएसडब्ल्यू स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप गेनर्स थे। एमएंडएम, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, एसबीआई, एलएंडटी और टाटा मोटर्स टॉप लूजर्स थे। फिन सर्विस, फार्मा, एफएमसीजी, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए हैं। वहीं, रियल्टी, मीडिया और पीएसयू बैंक दबाव के साथ बंद हुए हैं। चॉइस ब्रोकिंग में इक्विटी रिसर्च एनालिस्ट मंदार भोजने ने कहा कि निफ्टी ने पहली बार 25,000 के स्तर को पार किया है। 24,950 एक मजबूत सपोर्ट लेवल है। अगर निफ्टी 25,000 के पार टिकता है तो यह 25,200 और 25,400 तक जा सकता है।




## एटीएफ 3,007 रुपये प्रति किलोलीटर हुआ महंगा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कमर्शियल गैस के बाद विमान ईंधन एविएशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमत में करीब 3,007 रुपये तक की बढ़ोतरी की है। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, देश की राजधानी नई दिल्ली में एटीएफ का भाव 3,006.71 रुपये प्रति किलोलीटर से बढ़कर 97,975.72 रुपये प्रति किलोलीटर हो गया है। मुंबई में एटीएफ 91,650.34 रुपये प्रति किलोलीटर में मिलेगा। चेन्नई में इसकी कीमत 1,01,632.08 रुपये प्रति किलोलीटर और कोलकाता में 1,00,520.88 रुपये प्रति किलोलीटर हो गई है।

# कामर्शियल गैस सिलेंडर 8.50 रुपये तक महंगा, नई दरें लागू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बजट पेश होने के बाद लोगों को महंगाई पहला झटका लगा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कामर्शियल गैस की कीमत में 8.50 रुपये प्रति सिलेंडर तक की बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें (आज) गुरुवार से लागू हो गई हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक देश की राजधानी दिल्ली में 19 किलोग्राम वाला कमर्शियल गैस की कीमत अब 6.50 रुपये बढ़कर 1652.50 रुपये प्रति सिलेंडर हो गया हैं, जो पहले 1646 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में यह 8.50 रुपये बढ़कर 1764.50 रुपये में मिल रहा है, जो पहले 1756 रुपये में मिल रहा था। वहीं, मुंबई में इसकी कीमत 7 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़कर 1605 रुपये हो गई है। यह पहले 1598 रुपये में बिक रहा था। इसी तरह चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर 1817 रुपये का मिल रहा है।



# 'ऑनर मैजिक 6 प्रो 5जी' हलचल मचाने को तैयार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ऑनर अपनी फ्लैगशिप डिवाइस 'ऑनर मैजिक6 प्रो 5जी' की लॉन्च के साथ स्मार्टफोन बाजार में हलचल मचाने के लिए तैयार है। यह नया स्मार्टफोन बेहतरीन फीचर्स से लैस है जो यूजर्स के एक्सपीरियंस को नई ऊंचाइयों तक ले जाना सुनिश्चित करता है। मैजिक6 प्रो 5जी में एआई-पावर्ड ऑनर फाल्कन कैमरा सिस्टम है, जो स्मार्टफोन फोटोग्राफी के तरीके को पूरी तरह से बदल देता है। इस एडवांस ट्रिपल-कैमरा सेटअप में 50 एमपी का मुख्य कैमरा, फ्लैगशिप सुपर डायनेमिक फाल्कन कैमरा एच9000 एचडीआर सेंसर के साथ 180 एमपी का पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा, और 50 एमपी का अल्ट्रा-वाइड और मैक्रो कैमरा है। फाल्कन सिस्टम में इंडस्ट्री में पहली बार 1/1.3 इंच का सेंसर दिया गया है, जो डायनेमिक रेंज में 800 प्रतिशत तक इंप्रूवमेंट और सभी लाइटिंग कंडीशन में अद्वितीय स्पष्टता प्रदान करता है। 3डी डेप्थ सेंसर से लैस फ्रंट-फेसिंग 50 एमपी कैमरा 4के वीडियो रिकॉर्डिंग को सपोर्ट करता है, जो सेल्फी और वीडियो कॉल को शानदार बनाता है। 'ऑनर मैजिक6 प्रो 5जी' में मैजिकओएस 8.0 ऑपरेटिंग सिस्टम है, जो दुनिया का पहला इंटेंट-बेस्ड यूजर इंटरफेस है।

# मस्तिष्क तक तेजी से फैलता है, फेफड़ों का कैंसर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हर साल एक अगस्त को वर्ल्ड लंग कैंसर डे (विश्व फेफड़ों का कैंसर दिवस) मनाया जाता है। इस मौके पर विशेषज्ञों ने कहा कि फेफड़ों का कैंसर सबसे आम कैंसर है, जो मस्तिष्क तक फैल सकता है और दूसरा कैंसर पैदा कर सकता है। द लैंसेट रीजनल हेल्थ पत्रिका में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार, भारत में फेफड़ों के कैंसर के हर साल 72,510 नए मामले सामने आते हैं, जो सभी कैंसर मामलों का 5.8 प्रतिशत है। यह तीसरा सबसे ज्यादा पाया जाने वाला कैंसर है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने कहा कि एक महत्वपूर्ण चुनौती तब पैदा होती है जब फेफड़ों का कैंसर शरीर के महत्वपूर्ण हिस्सों जैसे मस्तिष्क तक फैल जाता है। फोर्टिस अस्पताल के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख एवं प्रधान निदेशक प्रवीण गुप्ता ने आईएएनएस को बताया, मस्तिष्क में कैंसर के फैलने की समस्या कई प्रकार के कैंसर में आम है, खासकर फेफड़ों के कैंसर के मरीजों में। प्रवीण गुप्ता ने आगे कहा, एडवांस नॉन-स्मॉल सेल लंग कैंसर (एनएससीएलसी) के लगभग 10 प्रतिशत नये मरीजों में मस्तिष्क में कैंसर फैलता है। इन मामलों में 40 से 50 प्रतिशत मामलों में फेफड़ों का कैंसर मुख्य ट्यूमर होता है।

# शूटिंग में स्वप्निल कुसाले ने जीता कांस्य पदक



**एजेंसी। पेरिस**

भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने गुरुवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। कुसाले पुरुषों की 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज भी बने।

कुसाले ने 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुषों के फाइनल में 451.4 के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहकर भारत के लिए कांस्य पदक जीता। उन्होंने कुल मिलाकर निशानेबाजी में भारत का तीसरा पदक हासिल किया।

इससे पहले क्वालिफिकेशन राउंड में, भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले ने बुधवार को चल रहे पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर 3पी के क्वालिफिकेशन राउंड में सातवें स्थान पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय निशानेबाज ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर और स्वप्निल कुसाले दोनों पेरिस 2024 ओलंपिक में पुरुषों की 50 मीटर 3पी क्वालीफिकेशन राउंड में शामिल हुए। अपने ओलंपिक पदार्पण पर, कुसाले 590-38७ के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहे। जबकि तोमर 589-33X के कुल स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहे।

## 50 मीटर राइफल 3पी स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय निशानेबाज भी बने कुसाले

### पदक तालिका

| टीम | गोल्ड | सिल्वर | ब्रॉन्ज | टोटल |
|---|---|---|---|---|
| 1. चीन | 11 | 7 | 3 | 21 |
| 2. फ्रांस | 8 | 10 | 8 | 26 |
| 3. जापान | 8 | 3 | 4 | 15 |
| 4. ऑस्ट्रेलिया | 7 | 6 | 4 | 17 |
| 5. यूएसए | 6 | 13 | 12 | 31 |
| 6. ब्रिटेन | 6 | 7 | 7 | 20 |
| 7. कोरिया | 6 | 3 | 3 | 12 |
| 8. इटली | 3 | 6 | 4 | 10 |
| 9.कनाडा | 2 | 2 | 3 | 7 |
| 35. भारत | 0 | 0 | 3 | 3 |



## निशानेबाज अंजुम और सिफत कौर 3पी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में विफल

**शेटराउ (फ्रांस) ।** भारतीय निशानेबाज अंजुम मौदगिल और सिफत कौर सामरा बृहस्पतिवार एक अगस्त को यहां पेरिस ओलंपिक की महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशंस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहीं।

अंजुम 18वें और सिफत 31वें स्थान पर रहीं। अपने दूसरे ओलंपिक में भाग ले रही अंजुम ने महिलाओं की 3पी स्पर्धा के क्वालीफिकेशन में 584 अंक हासिल किए जबकि सिफत ने 575 अंक जुटाए। एशियाई खेलों की मौजूदा चैम्पियन सिफत ने स्टैंडिंग में खराब प्रदर्शन कर 93 और 94 अंक हासिल किये जिससे वह निचले स्थान पर रहीं। नीलिंग चरण में उनका स्कोर 193 रहा और वह प्रोन में 195 अंक से वापसी की कोशिश में थीं लेकिन स्टैंडिंग सीरीज में 187 अंक के खराब प्रदर्शन ने उन्हें नीचे धकेल दिया।

## जसप्रीत बुमराह मेरे पसंदीदा गेंदबाज है : धोनी



**हैदराबाद।** महान बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी ने कहा कि जसप्रीत बुमराह उनके पसंदीदा गेंदबाज हैं लेकिन उन्होंने पसंदीदा बल्लेबाज के बारे में पूछने पर विराट कोहली और रोहित शर्मा में से एक को चुनने से इनकार किया। यहां एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान धोनी ने कहा, मेरा पसंदीदा गेंदबाज चुनना आसान है क्योंकि वह बुमराह हैं। बल्लेबाज चुनना कठिन है क्योंकि इतने सारे अच्छे बल्लेबाज हैं। इसके मायने यह नहीं है कि हमारे गेंदबाज अच्छे नहीं है।' उन्होंने कहा, बल्लेबाजों में से एक को चुनना कठिन है। मैं किसी एक को नहीं चुनना चाहता। उम्मीद है कि वे सभी रन बनाते रहेंगे।' आईपीएल में अपने भविष्य के बारे में उन्होंने कुछ बताने से इनकार किया। उन्होंने कहा, ह्यअभी इसमें समय है। देखते हैं कि खिलाड़ियों को बरकरार रखने पर क्या फैसला लेते हैं। अभी गेंद हमारे पाले में नहीं है।'

## भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम से 1-2 से हारी

**पेरिस।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को पेरिस 2024 ओलंपिक में पहली हार का सामना करना पड़ा। गुरुवार को गत चैंपियन बेल्जियम ने पूल बी मैच में भारत को 2-1 से शिकस्त दी। भारतीय टीम ने मैच के 18वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली, जब आर्थर डी स्लोवर की गलती का फायदा उठाते हुए अभिषेक ने गोल किया। हालाँकि, 33वें मिनट में थिब्यू स्टॉकब्रोक्स ने गोल कर बेल्जियम को 1-1 से बराबरी दिला दी। इस गोल के ग्यारह मिनट बाद, जॉन-जॉन डोहमेन ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर बेल्जियम की बढ़त 2-1 कर दी और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। भारत चार मैचों के बाद सात अंकों के साथ ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर है, जबकि बेल्जियम चार जीत के साथ शीर्ष पर है।



## भारतीय मुक्केबाज निखत जरीन राउंड ऑफ 16 मुकाबले में वू यू से हारीं

### वू ने पहला राउंड 4-1 से जीता

**एजेंसी। पेरिस**

एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता निखत जरीन गुरुवार को नॉर्थ पेरिस एरिना में पेरिस 2024 ओलंपिक की महिलाओं की 50 किग्रा मुक्केबाजी के राउंड ऑफ 16 में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की वू यू से 0:5 से हार गईं। वू ने पहला राउंड 4-1 से जीता, जिसमें पाँच में से चार जजों ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया। इसके बाद उन्होंने दूसरे राउंड में 3-2 से जीत दर्ज की और तीसरे राउंड में भी शानदार जीत दर्ज की। इस मुकाबले से पहले, दो बार की विश्व चैंपियन निखत ने 2022 के बाद से सिर्फ दो मुकाबले हारे थे। वह राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन और एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता भी हैं। इससे पहले, दो बार की विश्व चैंपियन ने रविवार को जर्मनी की मैक्सी कैरिना क्लोएत्जर पर शानदार जीत के साथ महिलाओं के 50 किग्रा ओलंपिक प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।





## पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदल चाल में भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन

**पेरिस।** भारतीय खिलाड़ियों का गुरुवार को यहां पेरिस ओलंपिक खेलों की पुरुषों के 20 किलोमीटर पैदल चाल में निराशाजनक प्रदर्शन रहा तथा विकास सिंह और परमजीत सिंह जहां क्रमशः 30वें और 37वें स्थान पर रहे, वहीं राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक अक्षदीप सिंह छह किमी के बाद हट गए। इक्वाडोर के ब्रायन डैनियल पिंटाडो ने एक घंटा 18 मिनट और 55 सेकंड में रेस पूरी कर-के स्वर्ण पदक जीता।

उनकी तुलना में भारतीय खिलाड़ी काफी पीछे रहे। विकास ने एक घंटा 22 मिनट और 36 सेकंड का समय लिया। जबकि परमजीत ने 1:23:48 सेकंड में फिनिश लाइन की।

ब्राजील के काइओ बोनफिम (1:19:09) और मौजूदा विश्व चैंपियन स्पेन के अल्वारो मार्टिन (1:19:11) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते, जबकि तोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता इटली के मासिमो स्टैनो (1:19:12) चौथे स्थान पर रहे। ओलंपिक में पुरुषों की 20 किलोमीटर पैदल चाल में भारत की तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन केटी इरफान ने 2012 में लंदन ओलंपिक खेलों ने किया था। वह तब एक घंटा 20 मिनट और 21 सेकंड का समय लेकर दसवें स्थान पर रहे थे।



## लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हमवतन एचएस प्रणय को हराया

**एजेंसी। पेरिस**

लक्ष्य सेन ने पेरिस ओलंपिक की बैडमिंटन पुरुष एकल स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल में बृहस्पतिवार को यहां हमवतन भारतीय एचएस प्रणय को एकतरफा मुकाबले में सीधे गेम में हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने 39 मिनट चले अंतिम 16 के मुकाबले में 30वें नंबर के खिलाड़ी प्रणय को 21-12, 21-6 से शिकस्त दी।

लक्ष्य की प्रणय के खिलाफ आठ मैच में यह पांचवीं जीत है। क्वार्टर फाइनल में हालांकि लक्ष्य की राह आसान नहीं होगी। गैर वरीय लक्ष्य अंतिम आठ में 12वें वरीय और दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी चीनी ताइपे के चाउ टिएन चेन से भिड़ेंगे जिन्होंने जापान के पांचवें वरीय कोडाई नाराओका को 21-12, 21-16 से हराया।

प्रणय के खिलाफ लक्ष्य शुरूआत से ही शानदार लय में नजर आए। प्रणय मैच के दौरान बिल्कुल भी लय में नहीं दिए और उन्हें प्रत्येक अंक जुटाने के लिए काफी जूझना पड़ा। वह पूरे मुकाबले के दौरान कभी भी लक्ष्य को चुनौती पेश करने की स्थिति में नहीं दिखे। लक्ष्य ने शानदार स्मैश लगाए जबकि नेट पर भी शानदार खेल दिखाया। बाइस साल के लक्ष्य ने पहले गेम में अच्छी शुरूआत करते हुए 7-4 की बढ़त बनाई और फिर ब्रेक तक 11-6 की बड़ी बढ़त हासिल करने में सफल रहे।

विश्व चैंपियनशिप के पूर्व कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने 32 साल के प्रणय की लगातार गलतियों का फायदा उठाकर बढ़त को 13-6 तक पहुंचाया। उत्तराखंड के अल्मोड़ा के रहने वाले लक्ष्य ने लगातार चार अंक के साथ बढ़त को 18-9 किया। लक्ष्य ने 19-12 के स्कोर पर प्रणय के शॉट वापस लौटाने में नाकाम रहने पर आठ गेम प्वाइंट हासिल किए और फिर विरोधी खिलाड़ी के अगला शॉट बाहर मारने पर पहला गेम 21 मिनट में 21-12 से जीत लिया। दूसरे गेम में लक्ष्य ने पूरी तरह से दबदबा बनाते हुए 6-1 की बढ़त बनाई। प्रणय के पास विरोधी खिलाड़ी के खेल का कोई जवाब नहीं था जिससे लक्ष्य ने ब्रेक तक 11-3 की काफी बड़ी बढ़त बना ली और फिर स्कोर 14-3 किया। लक्ष्य ने बढ़त को 19-5 किया और फिर प्रणय के बाहर शॉट मारने पर 15 मैच प्वाइंट हासिल किए। प्रणय ने एक मैच प्वाइंट बचाया लेकिन फिर अगला शॉट बाहर मारकर गेम और मैच लक्ष्य की झोली में डाल दिया।

## बीसीबी ने पाकिस्तान दौरे के लिए सरकार से सुरक्षा सलाहकार की मांग की

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि वे आगामी पाकिस्तान दौरे के दौरान उन्हें सुरक्षा सलाहकार मुहैया कराएं। बांग्लादेश, जो 17 अगस्त को पाकिस्तान की यात्रा करेगा, मेजबान के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज, रावलपिंडी (21-25 अगस्त) और कराची (30 अगस्त-3 सितंबर) में खेलेगा।

## तीरंदाज प्रवीण जाधव पहले दौर में हारे



**पेरिस।** भारतीय तीरंदाज प्रवीण जाधव बृहस्पतिवार को यहां व्यक्तिगत पुरुष रिकर्व स्पर्धा के पहले दौर में चीन के काओ वेनचाओ के खिलाफ सीधे सेट में हार के साथ पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए।

जाधव को राउंड ऑफ 64 में 0-6 (28-29 29-30 27-28) से शिकस्त का सामना करना पड़ा। जाधव ने मुकाबले के दौरान चार बार 10 अंक जुटाए लेकिन चीन का तीरंदाज तीनों सेट में भारतीय खिलाड़ी को एक अंक से पछाड़ने में सफल रहा। जाधव की हार के साथ पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा में भारतीय अभियान समाप्त हो गया क्योंकि अनुभवी तरूणदीप राय और धीरज बोम्मदेवरा पहले ही अपने नॉकआउट मैच हार चुके हैं। महिला व्यक्तिगत वर्ग में अनुभवी दीपिका कुमारी और 18 साल की भजन कौर की दावेदारी बरकरार है। दोनों शनिवार को अपने प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेलेंगी। भारतीय पुरुष और महिला टीमें पहले ही टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो चुकी हैं।

## बिन्नी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ के निधन पर जताया शोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंशुमान गायकवाड़ के निधन पर शोक व्यक्त किया, जिनका 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

गायकवाड़ लंबे समय से ब्लड कैंसर से जूझ रहे थे। वह पिछले महीने तक लंदन में थे और बड़ौदा में उनका निधन हो गया। बीसीसीआई द्वारा साझा किए गए एक बयान में रोजर बिन्नी ने कहा कि अंशुमान गायकवाड़ का क्रिकेट के प्रति 'समर्पण, लचीलापन और प्यार' बेजोड़ था। रोजर बिन्नी ने कहा, अंशुमान गायकवाड़ का निधन भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत बड़ी क्षति है। खेल के प्रति उनकी लगन, दृढ़ता और प्यार बेजोड़ था। वह सिर्फ एक क्रिकेटर ही नहीं थे, बल्कि कई लोगों के लिए एक मार्गदर्शक और मित्र थे। क्रिकेट समुदाय उन्हें बहुत याद करेगा और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रियजनों के साथ हैं, जो इस नुकसान से उबर रहे हैं। बीसीसीआई ने 1 करोड़ रुपये दिए और 1983 विश्व कप विजेता टीम ने भी गायकवाड़ के इलाज में मदद की। अक्टूबर 1997 में नियुक्त होने के बाद गायकवाड़ दो बार भारत के कोच रहे। उनका दूसरा कार्यकाल 2000 में शुरू हुआ। उनके कार्यकाल में ही भारत के प्रतिष्ठित स्पिनर अनिल कुंबले ने 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ एक पारी में सभी दस विकेट लिए थे। गायकवाड़ ने 1975 से 1987 तक 40 टेस्ट और 15 वनडे मैचों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया।

गायकवाड़ ने दिसंबर 1974 में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने टेस्ट मैचों में 1,985 रन बनाए, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर 201 रन था जो चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ था। 22 साल से अधिक के करियर में गायकवाड़ ने 205 प्रथम श्रेणी मैच खेले।

## एक नजर

### पान विक्रेता के निधन

**मोहम्मदगंज।** स्टेशन रोड के लोकप्रिय पान विक्रेता सिद्धेश्वर उर्फ बुढ़ा (60) की मंगलवार की रात बीचलाडीह स्थित घर में गिरने से अचानक मौत हो गई। बताया गया कि वह किडनी की बीमारी से पीड़ित थे। उनकी अचानक मौत से ग्राहकों और शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है। शोक व्यक्त करने में जिला पार्षद प्रतिनिधि युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह के अलावा भिखारी प्रसाद, रामजन्म राम, मणिशंकर उर्फ मंजू सिंह, विनोद चौरसिया, शिवप्रसाद, विश्वनाथ गोस्वामी, विकास कुमार मुरली, अनुप कुमार, गौरीशंकर सिंह, जगत लाल, रामजी चौरसिया, संजय कुमार भुंडूल सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। दाहसंस्कार बुधवार को कोयल नदी श्मशानघाट पर किया गया।

### चेक डैम में डूबने से युवक की मौत

**पाटन।** पाटन के नौडीहा पंचायत के जुड़वां गांव के 18 वर्षीय युवक उमेश भुइयां पिता गिरवर भुइयां की गुरुवार को दुर्गावती नदी में बने चेक डैम मे डूबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डैम मे दो बच्चियां पानी में डूब रही थी। उसी को बचाने के प्रयास में उमेश भुइयां ने डैम में छलांगा मार दी। दो बच्चियां पानी से सकुशल बाहर निकल गई। उमेश भुइयां डैम के गहराई में पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। पाटन थाना पुलिस की टीम ने बचाव कर शव को पानी से बाहर निकाला। जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, मुखिया रणजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कहां कि ठेकेदार की लापरवाही से यह घटना घटी है।

### मोबाइल दुकान में चोरी करने का असफल प्रयास

**मेदिनीनगर।** कचहरी रोड स्थित सरकारी बस डिपो मारुति शोरूम के सामने राजा मोबाइल सेंटर का ताला तोड़कर चोरी करने का असफल प्रयास किया गया। शहर के मुख्य रोड में इस तरह का घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। बात दें कि हाल के दिनों में शहर में चारी की सख्यां में वृद्धि हुई है।

# 16 किमी लंबे जपला-नवीनगर विद्युतीकृत रेलखंड पर ट्रेन परिचालन की मिली स्वीकृति

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डीडीयू (हाजीपुर) रेल खंड के सुवोमोय मित्रा, संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता द्वारा बुधवार को सोननगर-पतरातू तीसरी लाईन परियोजना के अंतर्गत 16 किमी. लंबे जपला-नवीनगर नवनिर्मित विद्युतीकृत रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में संरक्षा आयुक्त (रेलवे) ने पहले जपला से नबीनगर तक मोटर ट्रॉली द्वारा निरीक्षण किया। इसके साथ ही स्पेशल ट्रेन द्वारा जपला से नवीनगर तक स्पीड ट्रायल भी सफलता पूर्वक संपन्न किया गया। निरीक्षण के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। निरीक्षण के उपरांत रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा संरक्षा तथा सुरक्षा मानकों को पूरा करते हुए नवनिर्मित जपला-नवीनगर तीसरी रेल लाईन पर ट्रेनों के परिचालन की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। बता दें कि 291 किमी लंबे सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना वर्ष 2015-16 में 4500 करोड़ की लागत से स्वीकृत की गयी थी । यह बिहार के औरंगाबाद और झारखंड के रामगढ़, हजारीबाग, लातेहार, पलामू और गढ़वा जिलों से होकर गुजरती है। यह परियोजना नवीनगर और टंडवा स्थित सुपर थर्मल पावर प्लांटों को कोयले की निर्बाद्ध आपूर्ति के दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण है। इसके साथ ही यह सोननगर में डीएफसी लाईन के साथ विलय के लिए फीडर मार्ग के रूप में भी काम करेगी। सोननगर-पतरातू तीसरी लाइन परियोजना को अलग-अलग चरणों में पूरा किया जा रहा है । मालूम हो कि इस परियोजना के तहत अबतक 145 किमी रेलखंड का कार्य पूरा हो चुका है तथा शेष के निर्माण का कार्य प्रगति पर है।



### राजनडीह आयुष्मान आरोग्य मंदिर में 21 का टीकाकरण



**मोहम्मदगंज।** राजनडीह स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (पुराना नाम स्वास्थ्य उपकेंद्र) में गुरुवार को बच्चों और गर्भवती महिलाओं को कुल मिलाकर 21 अलग-अलग प्रकार के टीके लगाए गए। एएनएम सुरेखा ने सभी का टीकाकरण किया। उन्होंने बताया कि इनमें बीसीजी 4, टीटी 7, पेंटा 5, खसरा 3 और डीपीटी बुस्टर 2 टीके लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में आंगनबाड़ी सेविका मंजू देवी और स्वास्थ्य सहिया संगीता देवी ने सहयोग किया। एएनएम ने बताया कि इस केंद्र में हर माह के प्रथम गुरुवार को टीकाकरण का दिन निर्धारित किया गया है।

## दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास के तहत प्रशिक्षित तीन कैंडिडेट को मिली जॉब



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के अंतर्गत क्वेस कॉर्प प्राइवेट लिमिटेड में प्रशिक्षण के पश्चात तीन कैंडिडेट नीलम देवी पति विकास गुप्ता भजनियां, संजना कुमारी पिता सत्येंद्र कुमार मेहता शिलापर और रानी प्रिया पिता नागेंद्र कुमार ठाकुर ग्राम माली के टाटा एडवांस सिस्टम लिमिटेड में स्थाई नौकरी को लेकर चयनित होने के बाद गुरुवार को प्रखंड कार्यालय में चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत कराकर उन्हें हैदराबाद भेजा गया है। उन्हें टाटा जैसे प्रतिष्ठित कंपनी में नौकरी मिलने पर उनमें खुशी देखी गई। मौके पर जेएसएलपीएस के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर भूपेश कुमार, जॉब रिसोर्स पर्सन उदय कुमार, सीसी कमलेश राम, भरत राम, राजकुमार राम, एडमिन मुकेश कुमार एलएच बीआरपी मनोज कुमार, आइपीआरपी, मीना कुमारी, वीरेंद्र कुमार सिंह, ऑफिस ब्यॉय आलोक कुमार तथा ब्लॉक कर्मी अनिल राम मौजूद थे।

## ऑनलाइन झारभूमि की साइट से जमीन मालिक का नाम हटाने के आरोप में प्राथमिकी

**नवीन मेल संवाददाता**

**नीलाबंर पीतांबरपुर।** लेस्लीगंज थाना के ग्राम जूरू निवासी रामचंद्र उरांव के द्वारा लेस्लीगंज थाना थाना में ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से आवेदन देते हुए बताया है कि उनका जमीन ग्राम जूरू के खाता संख्या 43 प्लॉट नंबर 890 ,192,302 ,311,312 सहित अन्य कुल रकबा 5 एकड़ 13 डिसमिल भूमि को झारभूमि के साइड से उनके बिना सूचना दिए अंचल पदाधिकारी, अंचल निरीक्षक, कर्मचारी द्वारा हटा दिया हैं। उपरोक्त भूमि पर मेरा रसीद अभी हाल तक कटा है। मेरे जमीन 05 एकड़ 13 डिसमील की भूमि को माफिया के साथ मिलकर हेराफेरी कर गमन किया गया है। जिसमें मेरे गांव के नागेंद्र उरांव और अन्य दो लोग अंचल पदाधिकारी और अंचल निरीक्षक से मिलकर पैसे के बल पर मेरा जमीन झारभूमि के साइड से हटा दिया गया हैं। जबकि उपरोक्त खाता प्लॉट का मुकदमा अपर समाहर्ता पलामू आयुक्त पलामू प्रमंडल सिविल न्यायालय टाइटल सूट से मेरा जीत की डिग्री हुई है। लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता ने बताया कि अभी तक आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने पर जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



## पूर्व मंत्री फुरकान अंसारी की पत्नी का निधन, शोक व्यक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के वरिष्ठ कांग्रेस नेता व हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार के सदस्य ह्दयानंद मिश्रा ने पूर्व मंत्री एवं सांसद फुरकान अंसारी की पत्नी और ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की मां मस्तुरी खातुन के निधन पर शोक व्यक्त की है। उन्होंने शोक संदेश में कहा कि करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार के सदस्य ह्दयानंद मिश्र ने कहा कि स्व मस्तुरी खातुन एक नेकदिल व सर्वधर्म समभाव में आस्था रखने वाली महिला थी। उन्होंने घर की सारी जिम्मेदारी बहुत ही तन्मयता एवं समर्पण भाव से निर्वहन किया फलस्वरूप फुरकान साहब एम एल ए बने, विधायक दल के नेता बने और मंत्री बने और सांसद बने। उन्होंने अपने पुत्र डॉ. इरफान अंसारी की भी प्रेरणास्रोत बनी, जिसकी बदौलत डॉ. इरफान अंसारी सामाजिक जीवन में प्रवेश कर दो बार जामताड़ा से विधायक बने। वर्तमान में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री पद पर आसीन हुए तो मुस्तरी बेगम ने डॉ इरफान अंसारी का जोरदार स्वागत किया था। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद फुरकान अंसारी से उनका चार दशक पुराना बहुत ही गहरा आत्मीय संबंध रहा है। उनके द्वारा आयोजित कई कार्यक्रम व आमसभा में भाग लिए हैं।

### सदर प्रखंड कार्यालय पर प्रदर्शन, तालाबंदी आज

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि सदर प्रखंड मेदनीनगर में व्याप्त जन समस्याओं ,लूट, भ्रष्टाचार, एलपीसी, मोटेशनन करने में घूसखोरी, प्रधानमंत्री आवास, अबुआ आवास में मची लूट को लेकर भाकपा शुक्रवार को सदर प्रखंड कार्यालय में विरोध प्रदर्शन करने के साथ कार्यालय में तालाबंदी करेगी। इससे पूर्व चिंयाकी से रैली 12:30 में दोपर रैली निकालते हुए शहर के सभी प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुए कार्यकर्ता सदर प्रखंड कार्यालय पहुंचेगें।

## 70 प्रतिशत भूमि पर सिंचाई की व्यवस्था हो : केडी सिंह

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

झारखंड के विभिन्न इलाकों विशेष कर पलामू की खेती-किसानी और झारखंड की सिंचाई व्यवस्था की वर्तमान हालात को देखते हुए किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह ने झारखंड सरकार से मांग की है कि झारखंड में अलग से कृषि बजट का प्रावधान हो। उन्होंने कहा कि झारखंड भौगोलिक क्षेत्र 79.70 लाख हेक्टेयर भूमि में 38 लाख हैक्टेयर भूमि कृषि योग्य है। इसमें 25 से 26 लाख हैक्टेयर भूमि पर होने वाली खेती वर्षा पर निर्भर करती है। मात्र 7 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि पर सिंचाई की व्यवस्था हो पाई है। 2023 में सरकार ने कहा है कि 12 प्रतिशत भूमि पर सिंचाई की व्यवस्था हुई है। राष्ट्रीय स्तर पर 1600 लाख हेक्टेयर भूमि कृषि योग्य है। उसमें 38.1 प्रतिशत भूमि पर सिंचाई की व्यवस्था हुई है। इसकी तुलना में झारखंड में औसतन बहुत ही कम है। अभी भी झारखंड के लोग माइंस, मिनरल्स और उद्योग से ज्यादा यानी 75 प्रतिशत आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर है। कृषि क्रांति के जनक और किसान आयोग के अध्यक्ष स्वामीनाथन ने भी झारखंड की कृषि व्यवस्था पर अफसोस जाहिर किया है।

## न्यूज बॉक्स

### बारिश की पहली झोंका ने छीना हीरामन का छत

**हैदरनगर।** प्रखंड के परता पंचायत अंतर्गत कबरा कला गांव में तेज बारिश से दलित हीरामन राम का कच्चा घर धराशायी हो गया है। इस घर के एक बगल का दिवार गिरते ही सभी परिवार घर छोड़ बाहर भाग निकले। जिससे इसमें कोई जानमाल की क्षति नहीं हो सका है। जबकि महीनों के रखे गये इन परिवारों का राशन पानी मिट्टी के ढेर में दबकर बर्बाद हो चुका है। इसकी जानकारी मिलते ही उपमुखिया परवेज आलम अन्य सहयोगियों के साथ पीड़ित परिवार से मिला। उन्होंने इसकी सूचना तत्काल स्थानीय प्रशासन को दिया है। पीड़ित हीरामन राम ने बताया कि बारिश के पहली झोंका में उनके सिर का छत छीन गया है। उन्होंने तत्काल आवास व राशन पानी की व्यवस्था कराने को लेकर झामुमो जिला संगठन सचिव विवेकानंद सिंह से आग्रह किया है। उन्हें अविलंब राहत दिलाने का भरोसा भी दिया गया है।

बसपा प्रखंड कमेटी का गठन

### प्रखंड अध्यक्ष बने धनंजय कुमार रवि

**उंटारी रोड।** प्रखंड स्थित बांधपर गांव में गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी के प्रखंड इकाई का गठन किया गया। बैठक की शुरूआत में सभी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही सभी ने बाबा साहब के पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। प्रखंड समिति गठन प्रदेश अध्यक्ष राजेश मेहता ऊर्फ राजन मेहता की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सबसे पहले प्रखंड अध्यक्ष पद पर धनंजय कुमार रवि का मनोनयन किया गया। इसके बाद उपाध्यक्ष पद पर बलराम कुमार रवि को चुना गया। बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार मेहता ने प्रखंड अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक में डॉ. साबिर अंसारी, अमेश रवि, राजेंद्र राम, संजय मेहता, डॉ राजकुमार रवि, सोनू कुमार ,मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

### विधायक ने विस में उठाया कई मामला

**पाटन।** विधानसभा सत्र के दौरान विधायक पुष्पा देवी ने सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ जमकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान लिखित रूप से कुछ जर्जर हो चुके सड़क पर भी सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम से मुलाकात कर छतरपुर व नौडीहा बाजार के 512 पारा शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा। इस दौरान ग्रामीण विकास मंत्री से मिलकर अपने क्षेत्र की समस्याओं से रूबरू करवाया। शून्य काल के दौरान विधायक पुष्पा देवी ने पाटन को अनुमंडल बनाने की मांग को सदन में उठाया। इसी तरह नौडीहा बाजार को नगर पंचायत बनाने, सरईडीह, लाठया को प्रखंड बनाने की मांग सदन में उठाया।

### अवैध खनन पर उंटारी पुलिस सख्त

**उंटारी रोड।** उंटारी पुलिस प्रशासन इन दिनों अवैध खनन को लेकर लगातार छापामारी कर रही है। थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह और अंचलाधिकारी आशा साहू ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध खनन बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अवैध खनन करने वाले अपने अपने में सुधार कर लें। अवैध खनन रोकने के लिए टीम बनाकर लगातार छापेमारी की जा रही है। प्रत्येक बालू घाटों पर ट्रेंच खोदकर मार्ग को अवरुद्ध किया जा रहा है। पल-पल की जानकारी रखी जा रही है। पकड़े जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। बालू माफियाओं में हड़कंप मची है। अबुआ आवास जैसे महत्वाकांक्षी योजनाओं में भी अब कोई बालू देने को तैयार नहीं।

### कार ने सड़क किनारे खड़े दो युवकों को रौंदा, घायल

**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एनएच 39 रांची मेदनीनगर मुख्य मार्ग पोंची में कार ने सड़क किनारे मोटरसाइकिल लगा कर खड़े लोगों को टक्कर मारकर, दो लोगों को घायल कर दिया। घायलों को नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में भर्ती कराया गया है। वहां ईलाज चल रहा है। घटना बुधवार शाम सात बजे की है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है। मुर्गी फार्म के प्रोपराइटर मो. नाजिर ने बताया की राजकुमार उरांव व अजय उरांव दोनों लोहरदगा के निवासी हैं। बुधवार की शाम को दोनों ताबर गांव में किसी मित्र से मिलने सतबरवा से जा रहे थे। पोंची में सड़क किनारे गाड़ी खड़ी करके मोबाइल से बात कर रहे थे। इसी बीच पीछे से कार ने बाइक में जोरदार धक्का मार दिया, जिससे बाइक पर सवार दोनों कई बार सड़क पर रगड़ खाते हुए गिर पड़े। दोनों को पूरे शरीर में चोट आई है। बेहोशी की अवस्था में स्थानीय लोगों की मदद से नव जीवन अस्पताल तुंबागड़ा में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों को होश आ गया है। मो. नाजिर ने बताया कि दोनों उनके स्टाफ नहीं, बल्कि परिवार के सदस्य थे। घटना की जानकारी मिलते ही सतबरवा पुलिस मौके पर पहुंच कर कार को जब्त कर लिया। सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि कार को जब्त कर लिया गया है।

### मुस्लिम विकास मंच ने लगाया पौधा

**हरिहरगंज।** हरिहरगंज शहर के टंडवा रोड़ स्थित झारखंड प्रदेश मुस्लिम विकास मंच के कार्यालय परिसर में पौधारोपण अभियान के तहत मंच के जिला सचिव रूमी नाज नूरी तथा कार्यकारिणी सदस्य एम परवेज आलम के नेतृत्व में 80 छायादार व फलदार पौधे लगाएं गए। मंच के एम परवेज तथा रूमी नाज नूरी ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य है, प्रदूषण मुक्त ऑक्सीजन युक्त वातावरण बनाने का कार्य करना और यह सिर्फ पौधरोपण से ही संभव हो सकता है।

## एमकेडीएवी में प्रेमचंद जी की 144वीं जयंती मनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल गुरुवार को प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद जी की 144 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रार्थना सभा की समस्त गतिविधियां मुंशी प्रेमचंद जी पर आधारित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डॉ. जीएन खान ने वरिष्ठ शिक्षकों के साथ प्रेमचंद के चित्र के समक्ष दीप जलाकर पुष्प अर्पित कर किया। नवीं कक्षा के छात्र अक्षत ने प्रेमचंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें उच्च कोटि का लेखक एवं सुधारवादी साहित्यकार बताया। इस अवसर पर छात्रों को डॉ. जीएन खान ने कहा कि प्रेमचंद जैसा उच्च कोटि के लेखक सदियों में जन्म लेते हैं। जन सरोकार के मुद्दों को उठाकर सरकारो व शासकों को आईना दिखाने का काम प्रेमचन्द ने किया। उनकी कहानियों में स्त्री व किसान का व्यापक वर्णन मिलता है। प्रेमचंद के कहानियों को पढ़कर उनसे सीख लें एवं समाज तथा देशहित का काम करें। यही मुंशी प्रेमचंद के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका अनुपमा रुखेरियार ने किया। संयोजक शिक्षक कन्हैया राय थें। इस अवसर पर शिक्षक आलोक कुमार, नीरज कुमार श्रीवास्तव, अंबरीश कुमार पांडेय, विक्रम रॉय, अनंत पाठक, प्रियंवदा मिश्रा, अनु चक्रवर्ती उपस्थित थी।

## महागठबंधन सरकार जनता की समस्याओं का समाधान कर रही: बिट्टू पाठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को छतरपुर विधानसभा स्तरीय पदाधिकारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन पाटन प्रखंड अंतर्गत आरपीएम मैरिज हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रामानंद पांडेय ने की। संचालन छतरपुर नगर अध्यक्ष मुस्ताक अहमद ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने आसन्न विधानसभा चुनाव के तहत विधानसभा स्तरीय संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड विधानसभा क्षेत्र में चुनावी यात्रा का शुभारंभ करने के लिए लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी के आगमन की तैयारी की जानकारी कार्यकर्ताओं को दिया। सभी ने ध्वनी मत से छतरपुर विधानसभा कांग्रेस पार्टी के चुनाव लड़ने का प्रस्ताव पारित किया। जिला अध्यख ने कहा कि झारखंड में महागठबंधन सरकार लगातार जनता के समस्याओं का समाधान करने के लिए तत्पर है। आवास योजना, अबूआ आवास, पेंशन, सड़क निर्माण सहित सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए लगातार प्रयास हो रहा है। वर्तमान में अभी बहू बेटी सम्मान योजना के तहत 21 साल से लेकर 50 साल तक के महिलाओं को पेंशन देने का काम झारखंड के सरकार करने जा रही है। बेटी बहन के खाते में खटाखट पैसा जाएगा। किसानों के लिए किसान क्रेडिट लोन को 2 लाख तक माफ करने की योजना सरकार बनाई है। सभी कार्यकताओं को झारखंड सरकार के योजनाओं को जनता तक पहुंचे इसके लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की आवश्यकता है। छतरपुर विधानसभा भाजपा के विधायक जनता को सिर्फ बरगलाने का काम की हैं। कार्यक्रम में जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, ईश्वरी सिंह, अशोक पासवान, अजय साहू, सत्येंद्र सिंह, गिरजा राम, गोपाल प्रसाद सिंह, मुकेश सिंह, मुस्ताक अहमद, परवेज आलम, अनिल कुमार सिंह, ईश्वरी पांडेय, शोभादिन अंसारी, प्रदीप पासवान, लव सिंह, संजय पासवान, सागर अंसारी, सब्बाज अंसारी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष

**स्पीकर ने भाजपा...**

उन्होंने इन सभी विधायकों के खिलाफ विधानसभा की नियमावली के तहत कार्रवाई का प्रस्ताव रखा। इसके बाद स्पीकर ने भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्तियों और विधानसभा कार्य संचालन नियमावली के नियम 299, 300 और 310 का हवाला देते हुए विधायकों को 2 अगस्त, 2024 अपराह्न दो बजे तक सदन से निलंबित करने का आदेश दिया। विधानसभा के चालू मानसून सत्र का समापन 2 अगस्त को ही होना है। यानी इस सत्र में निलंबित विधायक विधानसभा की कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेंगे।

**दो तिहाई पद...**

कोर्ट ने मामले की सुनवाई 27 अगस्त निर्धारित करते हुए राज्य सरकार को झारखंड में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा बहाल करने, मेडिकल इक्विपमेंट खरीदने और रिक्तियों को भरने आदि के संबंध में शपथ पत्र दाखिल करना करने का निर्देश दिया। गुरुवार को झारखंड में पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर की गंभीर स्थिति को देखते हुए कोर्ट द्वारा लिए गए स्वतः संज्ञान पर झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में राज्य सरकार के जवाब पर कोर्ट ने असंतोष जताया। कोर्ट ने कहा कि झारखंड वेलफेयर स्टेट है, यहां की गरीब जनता स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव झेले, यह उचित नहीं है। ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, हेल्थ सब सेंटर और कम्युनिटीज हेल्थ सेंटर आदि को बेहतर किया जाना जरूरी है। अभी बरसात का समय है, सांप काटने की दवा झारखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहे, यह सरकार सुनिश्चित करें।

**पोल से टकराई...**

हनेश यादव और चरकु यादव को यहां से गंभीर हालत में रिम्स रेफर किया गया है। सभी पीड़ित बालूमाथ थाना क्षेत्र के मकईयातांड तथा आसपास के गांवों के रहने वाले हैं।

## प्रतिभा

### ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में खेलकूद प्रतियोगिता

# खेल शारीरिक व मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण : एके सिंह

- जीवन के किस अवसर पर किस भाषा की आवश्यता पड़ जाए कहा नहीं जा सकता : प्राचार्य
- फ्रेंच भाषा शिक्षण जैसे सुअवसर का लाभ छात्र अवश्य उठाए



**नवीन मेल संवददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने बताया कि कक्षा षष्ट से नवम एवं 11 वीं के इच्छुक छात्रों के लिए विद्यालय ने गुरुवार से फ्रेंच भाषा शिक्षण की शुरूआत की है। प्रत्येक भाषा की अपनी महत्ता होती है। जीवन के किस अवसर पर किस भाषा की आवश्यता पड़ जाए कहा नहीं जा सकता। अतः फ्रेंच भाषा शिक्षण जैसे सुअवसर का लाभ छात्र अवश्य उठाएं। सीबीएसई द्वारा भी अनेक भाषाओं के शिक्षण को महत्व दिया जा रहा है। इस अर्थ में भी फ्रेंच भाषा शिक्षण प्रभावी है। बता दें कि पिछले कई दिनों से कक्षा चतुर्थ से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अंतः विद्यालयीन स्पोर्ट्स (क्रिकेट एवं कबड्डी) का सतत् आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कक्षा सातवीं व आठवीं के क्रिकेट व कबड्डी खेलों का आयोजन किया गया। क्रिकेट में कक्षा सातवी अ का कक्षा ब से हुए मैच में सातवीं ब टीम विजेता रही। कक्षा सातवीं स का कक्षा द से हुए मैच में सातवीं स टीम विजित रही। फाइनल मैच में कक्षा सातवीं ब का कक्षा स से हुए मैच में स टीम विजेता रही। कक्षा आठवीं अ का कक्षा ब से हुए फाइनल मैच में अ टीम विजेत रही। सुपर ओवर के इस खेल में आठवीं अ ने 35 रन का लक्ष्य देकर, विरोधी टीम को शून्य रन पर रोककर पटखनी दी। कबड्डी में कक्षा सातवीं अ का कक्षा ब से हुए मैच में सातवीं ब टीम विजेता रही। कक्षा सातवीं स का कक्षा द से हुए मैच में सातवीं स टीम विजेता रही। फाइनल मैच में कक्षा सातवीं ब का सातवीं स से हुए मैच में स टीम विजेता रही। कक्षा आठवीं अ का कक्षा ब से हुए फाइनल मैच में अ टीम विजेता रही। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने विजेता एवं उपविजेता टीम को कहा कि खेल की हमारे जीवन में महती भूमिका निभाती है। इसके अभाव में जीवन निरर्थक व महत्व हीन है।

### डीएसओ ने आपूर्ति विभाग की समीक्षा की

**मेदिनीनगर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कु ने गुरुवार को सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी व सहायक गोदाम प्रबंधकों के साथ आपूर्ति से संबंधित संचालित योजनाओं की समीक्षा की। समाहरणालय के सभागार में आयोजित बैठक में माह जुलाई का एनएफएसए के तहत खाद्यान्न का वितरण विस्तारित अवधि अंतर्गत 15 अगस्त तक पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में माह मई 2024 का चना दाल वितरण की भी समीक्षा की गयी, जिसमें पाया गया की अबतक मात्र 81.99 प्रतिशत ही वितरण पूर्ण हो पाया है। सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों को इसके वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। माह सितंबर 2023 का ग्रीन राशन कार्डधारियों का वितरण व सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना के तहत वस्त्र वितरण की समीक्षा की गयी।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट



Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### 9/11 के दो गुनहगार दोष स्वीकार करने को तैयार: पेंटागन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी शहर न्यूयार्क में हुए 9/11 हमलों के गुनहगार खालिद शेख मोहम्मद और उसके दो साथी कोर्ट के समक्ष अपना गुनाह कबूल करने को तैयार हो गए हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। तीनों अपराधी क्यूबा में ग्वांतानामो बे जेल में बंद हैं। अमेरिकी रक्षा विभाग के मुख्यालय पेंटागन ने अपने बयान में कहा कि सैन्य आयोगों के संयोजक प्राधिकारी, सुसान एस्कलियर ने 9/11 के सह-अभियुक्तों में से तीन खालिद शेख मोहम्मद, वालिद मुहम्मद सलीह मुबारक बिन अत्ताश और मुस्तफा अहमद एडम अल हवासावी के साथ प्री ट्रायल समझौता किया। पेंटागन के एक अधिकारी ने प्री-ट्रायल समझौतों के दस्तावेज जनता के लिए उपलब्ध नहीं हैं।

### ईरान के किसी भी हमले के लिए इजरायली सेना है पूरी तरह तैयार

**तेल अवीव।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा है कि वो इजरायल पर किसी भी ईरानी हमले के लिए तैयार है। तेहरान में हमास नेता इस्माइल हानिया की हत्या के बाद ईरान ने बदला लेने की धमकी दी है। इजरायल के रक्षा मंत्री के कार्यालय के सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई द्वारा इजरायल पर जवाबी कार्रवाई को लेकर दिए गए बयान के बाद, आईडीएफ ने किसी भी स्थिति के लिए खुद को तैयार कर लिया है। इजरायल के रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, ईरान अपने प्रॉक्सी हमास और हिजबुल्लाह और हूथी का उपयोग कर उस पर हमले तेज कर सकता है। तेहरान में हमास प्रमुख इस्माइल हनिया की हत्या ने ईरान को झकझोर कर रख दिया है।

### बेरूत में हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर का शव मलबे में मिला

**बेरूत।** इजरायली हमले में मंगलवार को मारे गए हिजबुल्लाह के शीर्ष सैन्य कमांडर फौद शोकोर का शव बेरूत के दहिएह में मलबे के नीचे मिला है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली ड्रोन ने मंगलवार शाम को शूरा काउंसिल के नजदीक एक ठिकाने पर तीन मिसाइलें दागीं। हमलों का लक्ष्य हिजबुल्लाह के महासचिव सैय्यद हसन नसरल्लाह के वरिष्ठ सैन्य सलाहकार फौद शोकोर को निशाना बनाना था। फौद शोकोर के अलावा हमले में पांच अन्य लोग मारे गए और लगभग 74 लोग घायल हुए। लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती ने हमले की निंदा की।

## लोकसभा ने रेलवे की अनुदान मांगों को दी मंजूरी

# रील मंत्री कहे जाने पर भड़के वैष्णव, विपक्ष को दिया जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय के लिए अनुदान की मांगें गुरुवार को तीखी बहस के बाद लोकसभा में पारित हो गईं। विपक्ष द्वारा रील मंत्री कहे जाने पर अश्विनी वैष्णव भड़क गए और कहा कि मौजूदा सरकार सहानुभूति बटोरने में नहीं बल्कि सुधार के लिए कड़ी मेहनत करने में विश्वास रखती है। सदन में यह हंगामा तब शुरू हुआ जब रेल मंत्री वैष्णव ने पूर्ववर्ती यूपीए सरकार पर स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) प्रणाली स्थापित करने पर ध्यान नहीं देने का आरोप लगाया। कहा, जो लोग यहां चिल्ला रहे हैं, उनसे पूछा जाना चाहिए कि वे एक किमी दूर भी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा (एटीपी) क्यों नहीं लगा पाए। कहा, जब ममता बनर्जी रेल मंत्री थी, तो वह दुर्घटनाओं की संख्या बताती थी। 0.24 प्रतिशत से घटकर 0.19 प्रतिशत होने पर ये लोग सदन में ताली बजाते थे और आज जब यह 0.19 प्रतिशत से घटकर 0.03 प्रतिशत हो गई है, तो वे इस तरह का आरोप लगाते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में एटीपी विकसित करने का फैसला किया, कवच का पहला परीक्षण 2016 में हुआ और 2019 में इसे एसआईएल-4 प्रमाणन प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि 2022 में इस प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए 3,000 किलोमीटर लंबी परियोजना शुरू की गई और 2024 में कवच के संस्करण 4.0 को मंजूरी दी गई। यूपीए शासन के दौरान हर साल औसतन 171 दुर्घटनाएं होती थीं। अब इसमें 68 प्रतिशत की कमी आई है।

### हमने 5 लाख लोगों को रेलवे में नौकरी दी



**02** करोड़ लोग जो रोज रेलवे से यात्रा करते हैं। उनके दिलों में डर पैदा करने की कोशिश में है विपक्ष

लोकसभा में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अगर रेलवे में भर्ती की बात करें तो यूपीए के कार्यकाल में 2004 से 2014 तक रेलवे में सिर्फ 4 लाख 11 हजार कर्मचारियों की भर्ती हुई थी, जबकि 2014 से 2024 तक यानी एनडीए के 10 सालों में ये संख्या 5 लाख 2 हजार हो जाती है, जिसकी सालों से मांग हो रही थी। उन्होंने आगे कहा, सपा और कांग्रेस ने एक रणनीति के तहत अयोध्या के पुराने रेलवे स्टेशन की दीवार की तस्वीर साझा करके नए रेलवे स्टेशन के डैमेज होने की बात कही थी, जो झूठ निकला। क्या वे उन 2 करोड़ लोगों के दिलों में डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं जो हर दिन रेलवे से यात्रा करते हैं।

## नई संसद भवन में जल रिसाव

# लोकसभा सचिवालय ने जारी किया स्पष्टीकरण

एजेंसी



**नई दिल्ली।** लोकसभा सचिवालय ने नई संसद में जल रिसाव की एक वीडियो के वायरल होने और उसको लेकर इसके निर्माण पर सवाल उठाए जाने पर आज स्पष्टीकरण जारी किया है। विज्ञप्ति में सचिवालय ने कहा है कि ग्रीन पार्लियामेंट की संकल्पना के अनुसरण में लॉबी सहित भवन के कई हिस्सों में ग्लास डोमस लगाए गए हैं, ताकि संसद के दैनिक कामकाज में प्रचुर प्राकृतिक रोशनी का उपयोग किया जा सके। बुधवार को भारी बारिश के दौरान, बिल्डिंग की लॉबी के ऊपर ग्लास डोमस को फिक्स करने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एडहेसिव थोड़ा हट गया, जिससे लॉबी में पानी का मामूली रिसाव हो गया।

सचिवालय ने आगे कहा कि समस्या का समय पर पता चल गया और तुरंत आवश्यक उपाय किए गए। इसके बाद पानी का कोई और रिसाव नहीं देखा गया। इसी तरह मकर द्वार के सामने जमा पानी भी तेजी से ड्रेनेज सिस्टम के द्वारा निकल गया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को नई दिल्ली क्षेत्र में भारी वर्षा हुई थी। इसके कारण कई स्थानों पर जल जमाव की घटनाएं हुई थीं। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने लोकसभा में भारी बारिश के कारण संसद लॉबी के अंदर पानी के रिसाव के बाद संसद भवन का पूरी तरह से निरीक्षण करने के लिए सभी पार्टी सांसदों को शामिल करते हुए एक विशेष समिति बनाने के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया।

## चार भारतीय टीवी चैनल समूहों ने नेपाल में बंद किया प्रसारण

एजेंसी

**काठमांडू।** भारत के चार टीवी चैनल समूहों ने पैसे का भुगतान नहीं होने के कारण नेपाल में अपने-अपने चैनलों का प्रसारण गुरुवार से रोक दिय। इन चार टीवी चैनल समूहों में जी नेटवर्क, सोनी नेवर्क, स्टार ग्रुप और कलर्स हैं। नेपाल के सूचना एवं संचार मंत्रालय के प्रवक्ता गजेन्द्र ठाकुर ने गुरुवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि इस मामले को सुलझाने के लिए मंत्रालय की तरफ से पहल की जा रही है। नेपाल में इन चैनलों के प्रसारण का अधिकार खरीदने वाली वितरक कंपनी ने पिछले तीन महीने से भुगतान नहीं किया है। नेपाल के सबसे बड़े डीटीएच कंपनी डिस होम के चेयरपर्सन देवी प्रकाश भट्टचन ने कहा कि भारतीय चैनल के प्रसारण को लेकर जो भुगतान किया जाना है उसकी अनुमति नेपाल राष्ट्र बैंक ने रोक दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले तीन महीने से लगातार आग्रह किए जाने के बावजूद नेपाल राष्ट्र बैंक ने अब तक भुगतान को लेकर एक्सचेंज की सुविधा नहीं दी है।

## लोकसभा में आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक 2024 पेश

**नई दिल्ली।** सरकार ने गुरुवार को लोकसभा में आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया। इसका उद्देश्य राष्ट्रीय और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के कुशल कामकाज को मजबूत करना है और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में काम करने वाले हितधारकों के बीच अधिक स्पष्टता लाना है। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय द्वारा पेश किए गए इस विधेयक में आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 में संशोधन करने का प्रावधान है। विधेयक को उच्च सदन में भी पेश किया जाना है। विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि राज्यों के अधिकारों में कोई हस्तक्षेप नहीं है और आपदा प्रबंधन राज्यों की पहली जिम्मेदारी है।

## केदारनाथ में फंसे 200 से ज्यादा श्रद्धालुओं को सुरक्षित निकाला

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड में बुधवार को रुद्रप्रयाग में हुई भारी बारिश के बाद केदारनाथ धाम में भीमबली में बादल फटने से लगभग 30 मीटर पैदल मार्ग पूरी तरह नष्ट हो गया है। इस घटना के बाद कई श्रद्धालु केदारनाथ धाम और उसके मार्ग में अलग-अलग स्थानों पर फंसे हुए हैं, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को टिहरी जनपद के बाद रुद्रप्रयाग जनपद की केदारघाटी का हवाई और स्थलीय निरीक्षण कर वर्तमान स्थिति का जायजा लिया। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने केदारघाटी में तैनात रेस्क्यू टीमों की सराहना करते हुए कहा कि आपदा के बाद गुरुवार सुबह 7 बजे से टीम लगातार रेस्क्यू अभियान में जुटी है। यात्रियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक कुल 240 यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया है।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश।** हेल्थकेयर मैनेजमेंट में एमबीए दो साल का पोस्ट-ग्रेजुएट मैनेजमेंट डिग्री प्रोग्राम है जो छात्रों को अस्पतालों, फार्मास्युटिकल कंपनियों के साथ-साथ अन्य हेल्थकेयर सिस्टम में कई कार्यों का मैनेजमेंट करने के लिए प्रशिक्षित करता है। हेल्थकेयर मैनेजमेंट में एमबीए एक एकीकृत रणनीति पर केंद्रित है जिसमें स्वास्थ्य सेवा उद्योग के सभी पहलुओं को शामिल किया गया है। हेल्थकेयर प्रबंधन वह क्षेत्र है जो क्लीनिक और अस्पतालों के प्रशासन पर केंद्रित है। इस चार सेमेस्टर के कोर्स में छात्रों को मार्केटिंग, वित्तीय पहलुओं, आपूर्ति श्रृंखला और अस्पतालों के एचआर के बारे में पता चलता है।

# हेल्थकेयर मैनेजमेंट में एमबीए कर बना सकते हैं अपना करियर





### हेल्थकेयर मैनेजमेंट में एमबीए

- यह एक ऐसा कोर्स है, जिसे भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदान किया जाता है।
- यदि आप लोगो की स्वास्थ्य से संबंधित क्षेत्र में अपनी सेवा करने में रुचि रखते है तो यह कोर्स आपके लिए है।
- आप एमबीए हेल्थकेयर मैनेजमेंट की डिग्री के साथ कुछ उच्च वेतन वाली नौकरियों के लिए जा सकते हैं। जैसे – हॉस्पिटल मैनेजमेंट और मेडिकल प्रैक्टिस मैनेजर, हॉस्पिटल सीईओ और सीएफओ, फार्मास्युटिकल प्रोडक्शन मैनेजर आदि।
- एमबीए हेल्थकेयर मैनेजमेंट अध्ययन विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं में अद्वितीय नौकरी के अवसर प्रदान करता है। इस सेक्टर की मांग दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है।

**करियर :** विभिन्न हेल्थकेयर मैनेजमेंट प्रणालियों में, विभिन्न इनफॉर्मेशन इंटीग्रिटी से निपटने के लिए डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। उस स्थिति में, एक अच्छा योग्य एमबीए हेल्थकेयर मैनेजमेंट ग्रेजुएट आसानी से विभिन्न सहायक ऑपरेशन पदों के साथ-साथ अच्छी नौकरी प्राप्त कर सकते हैं। एमबीए हेल्थकेयर मैनेजमेंट के बाद ग्रेजुएट्स को बहुराष्ट्रीय कंपनियों से भी सरकारी नौकरियों में करियर के विभिन्न अवसर प्रदान किए जाते हैं, जिसे सबसे अधिक भुगतान और सबसे पुरस्कृत व्यवसायों में से एक माना जाता है।

**प्रवेश :** एमबीए इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट प्रवेश प्रक्रिया किसी भी टॉप यूनिवर्सिटी में एमबीए इन हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स में एडमिशन लेने के लिए, उम्मीदवारों को एंट्रेंस एग्जाम देने की आवश्यकता होती है। एंट्रेंस एग्जाम में पास होने के बाद पर्सनल इंट्रव्यू होता है और यदि उम्मीदवार उसमें अच्छा स्कोर करते हैं, तो उन्हें स्कोलरशिप भी मिल सकती है।

### भारतीय संस्थान

- आईआईटी दिल्ली
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेन ट्रेड
- एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
- दिल्ली स्कूल ऑफ बिजनेस
- एमिटी यूनिवर्सिटी, मुंबई
- एनएमआईएमएस
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट
- बनारस हिंदू विश्वविद्यालय
- इलाहाबाद विश्वविद्यालय
- दिल्ली विश्वविद्यालय
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय
- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय
- मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज

### विदेशी विश्वविद्यालय

- स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय
- आईई बिजनेस स्कूल
- लंदन बिजनेस स्कूल
- एचईसी पेरिस
- मिशिगन यूनिवर्सिटी
- नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी
- ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी
- कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी
- हार्वर्ड यूनिवर्सिटी
- येल यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले
- यूनिवर्सिटी ऑफ़ टोरंटो
- यूनिवर्सिटी ऑफ मिशिगन
- इंपीरियल कॉलेज लंदन
- लंदन मेट्रोलोपियन यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी ऑफ डर्बी
- यूनिवर्सिटी ऑफ केंट
- नेतृत्व क्षमता।

### भारतीय विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया

1. सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
2. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
3. फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
4. अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
5. इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
6. यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें। प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।